जबलपुर
रविवार, 17 अगस्त 2025

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## देश में पहली बार मप्र में साकार हो रहा श्रीकृष्ण पाथेय

### श्रीकृष्ण पाथेय की होगी विदेशों में गूंज

# कान्हा के चरण और उनसे जुड़े साक्ष्य, श्रीकृष्ण पाथेय में दिखेगा सब कुछ

विशेष खबर

## मुख्यमंत्री की विशेष रुचि से तैयार हुई कार्ययोजना, शुरू हुआ काम

खास बातें

**3222** मप्र में कुल श्रीकृष्ण मंदिर

*शोध सर्वेक्षण विशेषज्ञ समिति का गठन*

हरि अग्रहरि ⏭ भोपाल

मप्र में जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े उन स्थानों को मप्र सरकार तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है। इसके लिए श्रीकृष्ण पाथेय न्यास का गठन भी किया गया है। विश्व के पथ प्रदर्शक युगावतार भगवान श्रीकृष्ण के उज्जैन को केन्द्र में रख कर की गई विभिन्न यात्रा स्थलों के पुरान्वेषण तथा तीर्थ के रुप में विकसित करने तथा सम्बन्धित क्षेत्रों का साहित्यिक व



सांस्कृतिक संरक्षण और संवर्धन किया जाना है। भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न कालखण्डों में की गई यात्राओं और यात्रा पथ का अवलोकन, भ्रमण, पुरातात्विक एवं भौगोलिक सर्वेक्षण, लोक स्मृति एवं अन्य साक्षों के आधार पर अध्ययन एवं दस्तावेजीकरण के लिए राष्ट्रीय विशेषज्ञ समिति एवं शोध सर्वेक्षण विशेषज्ञ समिति का गठन किया जा चुका है।

### साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित

श्रीकृष्ण से संबंधित विशेष तिथियों एवं अवसरों पर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएगी, ताकि सभी संबंधित स्थलों पर एवं लोकांचलों से श्रीकृष्ण एवं श्रीकृष्ण की परंपरा को लेकर अधिकतम जानकारी, सामग्री व साक्ष्य प्राप्त हो सकें। विरासत से विकास एवं लोकश्रुति आधारित आस्था स्थलों, चिन्हों, प्रतीकों को संधारित-संरक्षित करने के साथ-साथ श्रीकृष्ण संबंधी आस्था स्थलों का जीर्णोद्धार आदि का समुचित प्रबंधन भी किया जाएगा।

### गीता भवन की स्थापना

सांस्कृतिक समृद्धि की संभावना के दृष्टिगत सभागारों, कम्युनिटी सेंटरों और धर्मशालाओं के निर्माण के संबंध में पहल की जाएगी एवं प्रदेश में जिला स्तर पर गीता भवन की स्थापना की जाएगी। श्रीकृष्ण के बत्तीस सौ से भी अधिक मंदिरों में साफ-सफाई, रख-रखाव कार्य एवं जीर्णोद्धार आदि कराया जाएगा। यात्रा पथ पर पड़ने वाले भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों एवं उसमें स्थित जलसंरचनाओं का संरक्षण करने भी प्रस्तावित है। श्रीकृष्ण की



अवधारणाओं के अनुरूप शिक्षा, संस्कृति, कृषि, गौ एवं पशुधन संवर्धन किया जाएगा।

### अंतरराष्ट्रीय सांदीपनि वैदिक गुरुकुल

उज्जैन में 64 कलाओं और 14 विद्याओं की विधिवत शिक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय सांदीपनि वैदिक गुरूकुल की स्थापना की जाएगी। मप्र, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, केरल, कर्नाटक, दिल्ली, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखण्ड, उड़ीसा, असम, मणिपुर जैसे राज्यों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसके साथ ही दुबई में भी कार्यक्रम किए जाने की योजना है।

### श्रीकृष्ण- रुक्मिणी लोक बनेगा

अमझेरा, जिला धार में श्रीकृष्ण रुक्मणी लोक की स्थापना। इसी के साथ श्रीकृष्ण लीला गुरूकुल की स्थापना होगी। यह गुरूकुल चित्रकला, मूर्तिकला, पारंपरिक नृत्य–संगीत की शिक्षा का केन्द्र होगा। यहां मुख्य रूप से श्रीकृष्ण से जुड़े विभिन्न सांस्कृतिक प्रकारों की शिक्षा-दीक्षा का कार्य होगा।

**सुदर्शन लोक निर्मित होगी:** भगवान श्रीकृष्ण, भगवान परशुराम के पास युद्ध कौशल, युद्ध नीति का मार्गदर्शन प्राप्त करने जानापाव होते हुए प्रभास क्षेत्र गए थे। जानापाव में भगवान परशुराम ने श्रीकृष्ण को अति-विकसित अस्त्र सुदर्शन चक्र और अन्य शस्त्र प्रदान किए थे। ऐसे में युद्ध कौशल, युद्ध नीति, विषय में पारंगत भगवान परशुराम एवं श्रीकृष्ण लोक की स्थापना का विचार किया जा सकता है। इस स्थान पर परंपरागत एवं नवीन युद्ध एवं आयुध कौशल को समर्पित केन्द्र की स्थापना के लिए भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय को प्रस्ताव किया जा सकता है।

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव

गीता जयंती के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन उज्जैन में किया जाएगा। अंतरराज्यीय प्रवेश मार्गों में भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण को लेकर एक यू-ट्यूब चैनल की स्थापना की योजना है। श्रीकृष्ण केंद्रित पुस्तकों, शोध, सर्वेक्षण व अन्य साक्ष्यों के आधार पर नाट्य, संगीत एवं यू-ट्यूब सीरीज का निर्माण करना है। उज्जैन में श्रीकृष्ण पर केंद्रित उपलब्ध साहित्य हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत एवं अन्य भाषाओं में संकलित कर विकसित ग्रंथालय की स्थापना की जाएगी।

## श्रीकृष्ण से जुड़े रोचक तथ्य



- **नाम:** कृष्ण का अर्थ काला या गहरा नीला होता है। उन्हें मोहन, गोविंद, माधव और गोपाल जैसे कई नामों से भी जाना जाता है।
- **जन्म:** भगवान कृष्ण का जन्म मथुरा में हुआ, रंग श्याम (सांवला) था, न कि गोरा, जैसा कि अक्सर दर्शाया जाता है।
- **देह त्याग:** कृष्ण की मृत्यु जरा नामक शिकारी के तीर लगने से हुई, जो पूर्व जन्म में बालि था।
- **अंतिम संस्कार:** कृष्ण का शरीर जलने के बजाए स्वयं प्रज्वलित हो गया था, यानी उनका अंतिम संस्कार नहीं हुआ था।
- **द्वारका:** भगवान कृष्ण गुजरात में समुद्र के बीच द्वारका नामक एक सुंदर शहर बसाया, जो सोने से बना था।
- **अलौकिक क्षमताएं** कृष्ण ने कई बार लोगों को मृत्यु के बाद भी जीवित किया, जैसे कि गुरु के पुत्र को यमलोक से वापस लाना और अभिमन्यु के पुत्र परीक्षित को ब्रह्मास्त्र के प्रभाव से बचाना।
- **गीता का संदेश:** कृष्ण का एक प्रमुख संदेश है कि हमें केवल अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए, फल की चिंता किए बिना। कृष्ण कुरुक्षेत्र के मैदान में अर्जुन को भगवद्गीता का उपदेश दिया, जो कर्म और धर्म पर एक महत्वपूर्ण दार्शनिक ग्रंथ है।
- **विभिन्न रूपों में पूजा** उन्हें विभिन्न रूपों में पूजा जाता है, जैसे कि बाल कृष्ण, राधा-कृष्ण और जगन्नाथ।





### कृष्ण के जन्म लेते ही ब्रज में घर-घर शंखनाद के साथ गूंजी बधाइयां

# आधी रात को आला रे ब्रज का नंदलाला रे

**डालमिया, गोपेश्वर एवं कपिल शर्मा ने किया अभिषेक**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जन्म स्थान पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण के दर्शन किए

डॉ. कमलकांत उपमन्यु ⏭ मथुरा

ब्रज की हृदय स्थल श्रीकृष्ण जन्म स्थान संस्थान के भव्य मंदिर में देर रात भगवान श्री कृष्ण का प्राकट्य महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर आधी रात को आला रे... ब्रज का नंदलाला की गूंज सुनाई देती रही। श्रीकृष्ण जन्म संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुराग डालमिया संस्थान के वरिष्ठ सदस्य गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी एवं ट्रस्ट के सचिव कपिल शर्मा एवं मंदिर के सेवा अधिकारियों ने भगवान श्री कृष्ण के विग्रह का विभिन्न पदार्थ के साथ अभिषेक किया।

इस दौरान उपस्थित श्रद्धालु भगवान श्री कृष्णा का जयघोष करते रहे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शनिवार को पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। वहीं ब्रज में श्रद्धालुओं का चहुओर सैलाब ही सैलाब दिखाई दिया। अजन्मे के जन्म दर्शनों के लिए श्रद्धालु पलक-पावड़े बिछाए बैठे रहे। चहुओर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम मची हुई थी। जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी भी बांटी जा रही थी। बलदेव के दाऊजी महाराज मंदिर में जन्माष्टमी के मौके पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही।

*लाखों श्रद्धालुओं ने अजन्मे के जन्म को पलक-पांवड़े बिछाए थे*

*चहुंओर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम दुल्हन की तरह सजा था ब्रज मंडल*





### कल मनेगा नंदोत्सव

हर ओर श्रद्धा व भक्ति भाव नजर था। श्रद्धालु दाऊजी महाराज के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किए। दाऊजी महाराज का विशेष अभिषेक व श्रृंगार के दर्शन मध्य रात्रि में भी हुए। नंदगांव में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व आज यानी रविवार तथा नंदोत्सव 18 अगस्त को मनाया जाएगा। 17 अगस्त को मध्यरात्रि में अजन्मे कृष्ण अवतरित होंगे। 18 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन नंदभवन में होगा। जिसमें नंदगांव बरसाना के समाजियों द्वारा बधाई गायन, बांस बधाई, दधी कंधौ लीला, प्रतीकात्मक मल्ल युद्ध आदि आकर्षण होंगे।

### कन्हैया के दर्शन के लिए उमड़े भक्त

जहां एक ओर देश भर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में रात को दुनिया भर में अभिषेक किया जाता है वहीं वृंदावन के प्रमुख सप्तदेवायलों में शामिल राधा दमोदर लाल मंदिर और राधा रमण मंदिर में दिन में भी आराध्य का महाभिषेक किया जाता है। इस पल के साक्षी बनने के लिए लाखों श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देशभर से श्रद्धालु अपने कृष्ण कन्हैया के दर्शन हेतु यहां पहुंच चुके हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जन्मभूमि पहुंचकर कान्हा का आशीर्वाद लिया और लोगों को जन्माष्टमी की बधाई दी।

### मुख्यमंत्री निवास में जन्मोत्सव



## मंदिरों में आकर्षक श्रृंगार के लिए सरकार देगी डेढ़ लाख का पुरस्कार

1.50 लाख के तीन, 1 लाख रुपए के 5 एवं 51 हजार के 7 पुरस्कार दिए जाएंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार श्रीकृष्ण की चिरस्मृतियों से जुड़े सभी स्थानों एवं लीलास्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा एवं श्रृंगार के लिए सरकार की ओर से 1.50 लाख रुपए के तीन पुरस्कार, एक लाख रुपए के पांच पुरस्कार एवं 51 हजार रुपए के सात पुरस्कार को मिलाकर कुल 15 पुरस्कार दिए जाएंगे। शनिवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर्व, हलधर महोत्सव और लीलाधर प्रकटोत्सव समारोह में मुख्यमंत्री ने जन्माष्टमी के भव्य समारोह में इस्कॉन मंदिर के पुजारी के मंत्रोच्चार के बीच बालगोपाल कृष्ण स्वरूप का जलाभिषेक, पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### मोहन ने खिलाई मोहन को माखन मिश्री

मुख्यमंत्री ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में माताओं, बहनों को बाल स्वरूप गोपाल कृष्ण की प्रतिमा, सिंगार, पंजीरी, माखन मिश्री और प्रसादी वितरित किया। उन्होंने 'हाथी घोड़ा पालकी-जय कन्हैया लाल की, नंद घर आनंद भयो-जय कन्हैया लाल की' का उद्घोष एवं बालगोपालों का पुष्पवर्षा के बीच मटकी फोड़ी और 'गोविंदा आला रे' गाना भी गाया। श्रीकृष्ण एवं राधा की आकर्षक वेशभूषा में सुसज्जित एक हजार से अधिक बाल गोपाल इस भव्य जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल हुए। कार्यक्रम में उनके अभिभावक एवं माताएं बहनें बड़ी संख्या में मौजूद थीं।

### दुनिया का सबसे भव्य श्रृंगार: बेशकीमती रत्नों से सुसज्जित भगवान के मुकुट और अन्य आभूषण

# ग्वालियर के गोपाल मंदिर में 100 करोड़ के गहनों से सजे राधा-कृष्ण

*◆ स्वतंत्रता के बाद से यह आभूषण बैंक के लॉकर में सुरक्षित रखे जाते थे, लेकिन 2007 से हर जन्माष्टमी पर इन्हें पुनः धारण कराया जाता है। इस अवसर पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाती है और हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। भक्तों के अनुसार, यह दुनिया का सबसे भव्य और अद्वितीय श्रृंगार है*

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

ग्वालियर के 100 वर्ष से अधिक पुराने गोपाल मंदिर में जन्माष्टमी का पर्व बेहद खास होता है...रियासत कालीन मंदिर में राधाकृष्ण प्रतिमाओं को लगभग 100 करोड़ रुपए के हीरे-जवाहरात जड़े जेवरातों से सजाया जाता है। सिंधिया रियासत के समय के इन सोने के गहनों में हीरा, नीलम, पन्ना, माणिक और पुखराज जैसे बेशकीमती रत्न जड़े हैं। भगवान श्रीकृष्णा और राधा रानी का दुनिया में सबसे महंगा श्रृंगार माना जाता है। गोपालजी मंदिर में श्री राधा रानी और कृष्णाजी की प्रतिमाओं को रत्नजड़ित आभूषणों से सुसज्जित किया गया है, जिनकी कीमत लगभग 100 करोड़ रुपए से भी ज्यादा है। हीरे, मोती, पन्ना जैसे बेशकीमती रत्नों से सुसज्जित भगवान के मुकुट और अन्य आभूषण हैं।



### श्री राधा-कृष्ण जी के खास गहने

पुखराज, माणिक, पन्ना रत्न लगा बेशकीमती मुकुट है यह तीन किलो का है, सोने के मुकुट है। और सफेद मोती वाला पंचमढ़ी हार, सात लड़ी का हार जिसमें 62 असली मोती और 55 पन्ने लगे हैं। श्री राधा-कृष्ण जी के पास झुमके सोने की नथ, कंठी चूड़ियां कड़े इत्यादि है। इसके अलावा भोजन के लिए सोने चांदी के बर्तन है। साथ ही इत्र दान, पिचकारी चलनी, धूपदान, सांकड़ी, छात्र, मुकुट कुंभकर्णी, निरंजनी आदि सोने चांदी की है। रत्नजड़ित इन सभी आभूषणों की कीमत लगभग 100 करोड़ रुपए से अधिक है।

### श्रृंगार देखने जुटी भक्तों की भीड़

*साल में एक बार जन्माष्टमी के मौके पर बेशकीमती श्रृंगार किया जाता है। इसे देखने के लिए हर व्यक्ति को इंतजार होता है। यही वजह है कि जन्माष्टमी के दिन सुबह 6:00 बजे से ही श्रद्धालुओं की लाइन लगाना शुरू हो जाती है। श्रृंगार को देखने के लिए श्रीकृष्ण और श्री राधा रानी को हजारों और लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां पर पहुंचते हैं। दर्शन करने आए श्रद्धालुओं का कहना है कि दुनिया में कहीं ऐसा श्रृंगार कभी नहीं होता है, जो एक बार कृष्ण जी और राधा जी को देख लेता है उसको मोहित हो जाता है।*

स्वतंत्रता दिवस पर देशभर में मना जोरदार जश्न

# मुख्यमंत्रियों ने फहराया झंडा और अमर शहीदों को किया नमन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में 79वां स्वतंत्रता दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शहर-शहर में झंडा वंदन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। देश भर के मुख्यमंत्रियों ने ध्वजारोहण करेके परेड की सलामी ली और जनता के नाम संबोधन भी दिया। देश की आजादी में बलिदान देने वाले शहीदों को याद भी किया। उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके साथ ही कई लोककल्याणकारी कार्यक्रमों की बात भी की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सहित विभिन्न मुख्यमंत्रियों ने ध्वजारोहण किया।

### योगी ने दी बधाई, आजादी का अर्थ राष्ट्रीय कर्तव्यों का पालन



इस पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने प्रदेशवासियों को हृदय से बधाई दी और स्वतंत्रता संग्राम के उन महान नायकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने देश को सैकड़ों वर्षों की गुलामी से मुक्ति दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता का यह पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति जागरूकता और संकल्प का अवसर है।



**सैनी ने शहीदों को किया नमन :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से उन शहीदों को नमन करने का दिन है, जिनके बलिदान की बदौलत हम सब खुली हवा में सांस ले रहे हैं। ऐसे मौके पर क्रांतिकारी वीरों और उन शहीदों को याद करें और साथ ही उनके परिवारों की चिंता करें। आज हर व्यक्ति में देशप्रेम की भावना मजबूत हुई हैं ।

जोगेश्वरी की टीम ने बनाया रिकॉर्ड

# मुंबई दही हांडी स्पर्धा में 10 मंजिला ऊंचा मानव पिरामिड

### कार्यक्रम में थिरके गोविंदा, बांसुरी लेकर पहुंचे एक्टर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश भर में शनिवार को जन्माष्टमी का त्योहार पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर कई जगहों पर दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन भी हो रहा है। इस बार मुंबई में जोगेश्वरी के कोकण नगर गोविंदा पथक ने दही हांडी प्रतियोगिता में एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। इस टीम ने 10 मंजिले मकान की ऊंचाई जितनी ह्यूमन पिरामिड बनाकर नया इतिहास रच दिया। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के संस्कृति दही हांडी कार्यक्रम में इस पथक ने 10 थर की मानवी पिरामिड रचकर इतिहास रच दिया।



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव हो और दही-हांडी की बात न हो, ऐसा कैसे हो सकता है भला? इस त्योहार पर गोविंदाओं की टोली दही से भरी मटकियों को फोड़ती है। मुंबई में भी इसकी खूब रौनक देखी गई। एक कार्यक्रम में अभिनेता गोविंदा भी शामिल हुए। इस दौरान वे कृष्ण भक्ति में लीन दिखे। गोविंदा के अलावा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। शरद केलकर ने भी शिरकत की।

### इस्कॉन मंदिर समेत देशभर में रही धूम

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर पूरे देश में भक्ति और उत्साह का माहौल है। मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया है। इस मौके पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। नोएडा के इस्कॉन मंदिर में इस बार लाखों श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। नोएडा पुलिस ने सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं।

## खबर संक्षेप

### उमा ने की शाहजहांपुर का नाम बदलने की मांग

**बरेली।** मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने शनिवार को बरेली के आंवला में वीरांगना



अवंतीबाई लोधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने पड़ोसी जनपद के नाम पर कहा कि शाहजहांपुर अच्छा नहीं लगता। मुख्यमंत्री योगी से अनुरोध है कि इसके लिए कोई नया नाम प्रस्तावित कर दें। यह नाम गुलामी के दौर की याद दिलाने वाला है।

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तमाम नेताओं मे उनके योगदान को याद किया। पीएम ने लिखा वाजपेयी जी को पुण्यतिथि पर सादर नमन।

### जगन्नाथ मंदिर पर चढ़ने की कोशिश, गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के रांची निवासी एक शख्स ने शनिवार को पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर पर चढ़ने



की कोशिश की। पंचम महोत नाम का शख्स 12वीं शताब्दी के इस मंदिर के दक्षिणी हिस्से में लगभग 5 से 7 फुट ऊपर तक चढ़ चुका था। इसी दौरान जगन्नाथ मंदिर पुलिस (जेटीपी) के जवानों ने उसे देख लिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया।

### सड़क हादसे में रिटायर्ड आर्मी कैप्टन की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर से हिट एंड रन का दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है।



यहां एक रिटायर्ड इंडियन आर्मी कैप्टन की कार की टक्कर लगने से मौत हो गई। वे कार के बाएं अगले पहिये के नीचे फंसकर लगभग 10 फीट तक घिसटते रहे। इस घटना में उनकी दर्दनाक मौत हो गई। इसके बाद यह हिट एंड रन की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

### मंत्री पेरियासामी के घर पर ईडी ने की छापेमारी

**चेन्नई।** ईडी ने मनी लॉड्रिंग मामले में तमिलनाडु के मंत्री और वरिष्ठ डीएमके नेता आई पेरियासामी और



उनके विधायक पुत्र आईपी सेंथिलकुमार से जुड़े परिसरों की तलाशी ली। डीएमके नेता कनिमोझी ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आयकर और प्रवर्तन निदेशालय जैसी केंद्रीय एजेंसियों को विपक्ष के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए हथियार बनाया है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह पर लाल किला नहीं पहुंचे नेता प्रतिपक्ष राहुल और खरगे

# संवैधानिक मर्यादा को तार-तार करना कांग्रेस की दिनचर्या का हिस्सा, देश का किया अपमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ऐतिहासिक लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ध्वजारोहण किया, लेकिन इस बार कुछ ऐसा हुआ जो आज़ादी के बाद पहली बार देखा गया। समारोह में लोकसभा और राज्यसभा दोनों के नेता विपक्ष मौजूद नहीं थे। वहीं, अब इस बात को लेकर सियासी बहसको जन्म दे दिया है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान लालकिले पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गैरमौजूदगी और कांग्रेस ओर ओर से आयोजित समारोह में जगदीश टाइटलर की मौजूदगी की खबरों पर भाजपा हमलावर हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने इस मामले में राहुल गांधी पर निशाना साधा है। भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी ने संवैधानिक मर्यादा को तार-तार करना अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया है। शायद इतिहास में पहली बार विपक्ष के नेता ने स्वतंत्रता दिवस का बहिष्कार किया है।

### भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव चुघ ने कहा कि समारोह का बहिष्कार करना पद का दुरुपयोग

**टाइटलर को आमंत्रित कर घृणित सिख विरोधी मानसिकता को उजागर किया**

भाजपा ने टाइटलर का नाम लेकर राहुल को घेरा



विपक्ष का असली चेहरा आया सामने

चुघ ने कांग्रेस दफ्तर में आयोजित समारोह में 1984 के सिख नरसंहार के मास्टरमाइंड और मुख्य आरोपी जगदीश टाइटलर की मौजूदगी पर भी राहुल गांधी को घेरा। प्रवक्ता चुघ ने कहा कि अपनी पार्टी के स्वतंत्रता दिवस समारोह में टाइटलर को सम्मानपूर्वक आमंत्रित करके राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी की असली, घृणित सिख विरोधी मानसिकता को उजागर कर दिया है।

**इस बार अपनी सीट देखे थे दोनों कांग्रेस नेता**

भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज करसवाल किया कि क्या दोनों ने यह देखा कि इस बार उनके लिए सीट कहां थी? शहजाद पूनावाला ने कहा कि विपक्ष के नेता का संवैधानिक पद है।



### चुनाव आयोग करेगा प्रेस कॉन्फ्रेंस, सामने रखेगा अहम मुद्दे

'वोट चोरी' के लगे आरोप

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने घोषणा की है कि वह रविवारको दोपहर 3 बजे नई दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेगा। यह



जानकारी आयोग के डायरेक्टर जनरल (मीडिया) द्वारा दी गई है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी महत्वपूर्ण घोषणाएं और अपडेट साझा कर सकते हैं, जो आगामी चुनावों और मतदाता सूची संशोधन से संबंधित हो सकते हैं। इसके अलावा, 'वोट चोरी' के गंभीर आरोपों से घिरा भारत निर्वाचन आयोग अब इन आरोपों पर अपनी स्थिति स्पष्ट कर सकता है। दरअसल यह प्रेस कॉन्फ्रेंस ऐसे समय में हो रही है, जब विपक्षी दलों, खास तौर पर कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी ने मतदाता सूची में कथित धांधली और 'वोट चोरी' के आरोप लगाकर आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं। माना जा रहा है कि चुनाव आयोग कांग्रेस पार्टी द्वारा लगाए जा रहे 'वोट चोरी' के आरोपों पर जवाब दे सकता है।

### 'वोट चोरी' के आरोपों का सिलसिला

2024 के लोकसभा चुनावों और उसके बाद विधानसभा चुनावों के बाद, विपक्षी दलों ने मतदाता सूची में व्यापक पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 7 अगस्त को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नाटक के बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र का हवाला देते हुए दावा किया था कि लगभग 1,00,250 वोटों की चोरी हुई। उन्होंने मतदाता सूची में डुप्लीकेट वोटर, फर्जी पते, और एक ही पते पर सैकड़ों वोटरों के नाम होने जैसे गंभीर आरोप लगाए। राहुल नेकहा कि अगर यह धांधली न हुई होती, तो कांग्रेस कर्नाटक में 16 लोकसभा सीटें जीत सकती थी, लेकिन उसे केवल 9 सीटें मिलीं। इसके अलावा, राहुल गांधी ने महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनावों में भी मतदाता सूची में अनियमितताओं का दावा किया।

**आज से राहुल की बिहार में वोट अधिकार यात्रा**

### 16 दिन घूमेंगे, 24 जिले में यात्रा करेंगे

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 17 अगस्त से बिहार यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। कांग्रेस ने



इसका नाम वोट अधिकार यात्रा दिया है। राहुल 16 दिन बिहार में रहेंगे। इस दौरान वह 24 जिले में यात्रा करेंगे। इन 24 जिलों में 118 विधानसभा आते हैं। कांग्रेस सांसद अखिलेश सिंह ने कहा कि 17 अगस्त से वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत हो रही है। 1,300 किलोमीटर की यह यात्रा बिहार के करीब 25 जिलों से गुजरेगी। इस यात्रा में इंडिया गठबंधन के सभी दल के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी इस यात्रा में शामिल होंगे।

### वोट की मजबूती के लिए यात्रा करेंगे

कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने कहा कि राहुल गांधी देश में वोट को मजबूत करने निकले हैं। वह भारत के संविधान, लोकतंत्र और मतदाताओं को मजबूत करने बिहार आ रहे हैं। राहुल गांधी बिहार और भारत के भविष्य को मजबूत करने के लिए वोटर अधिकार यात्रा पर निकल रहे हैं।

थरूर की सलाह, नेता कृष्ण से सीखें

# उनके लिए धर्म सर्वोपरि उनकी सोच थी 'दूरदर्शी'

कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं की सोशल मीडिया पर तकरार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद शशि थरूर इस वक्त अपनी ही पार्टी के नेताओं के निशाने पर हैं। वे पार्टी में साइडलाइन किए जाने की अपनी पीड़ा भी अक्सर साझा करते रहते हैं। अब जन्माष्टमी के मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया परएक वीडियो शेयर किया। दरअसल एक्स पर शेयर किए अपने वीडियो में थरूर ने ने गीता और श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े पहलुओं पर बात की थी। इसमें उन्होंने कृष्ण के गुणों का जिक्र करते हुए कहा कि राजनेताओं को उनसे सीखना चाहिए। उनके पोस्ट को रीशेयर करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि क्या पीएम मोदी और अमित शाह इसका पालन करते हैं? थरूर ने श्रीकृष्ण के गुणों की तारीफ करते हुए कहा कि नेताओं को भी भगवान कृष्ण की तरह अपने से पहले जनता के कल्याण के बारे में सोचना चाहिए। थरूर ने अपनी पोस्ट में यह भी लिखा कि हम भगवान नहीं बन सकते हैं, लेकिन उनके गुणों से सीख सकते हैं। अब उनकी पोस्ट पर तंज कसते हुए दिग्गी राजा ने कहा कि गीता के जिस उपदेश को आपने शेयर किया है।

### गीता उपदेश का किया जिक्र

शशि थरूर ने अपनी पोस्ट में लिखा कि श्रीकृष्ण के लिए धर्म सर्वोपरि था। उनकी दूरदर्शी सोच और कूटनीति ही उन्हें विशिष्ट बनाती है। उन्होंने नेताओं से निजी हित के बजाय देश सेवा और समाज कल्याण के बारे में सोचने की अपील की। श्रीकृष्ण की कूटनीति का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कूटनीतिक समाधान को प्राथमिकता दी थी। थरूर ने गीता उपदेश का जिक्र करते हुए पोस्ट में आगे कहा कि महाभारत का युद्ध रोकने के लिए उन्होंने बातचीत की कोशिश की थी। अजब कूटनीति सफल नहीं हुई, तो उन्होंने पांडवों का मार्गदर्शन किया और सैन्य नीति से युद्ध जिताने में सफल रहे।

### दिग्विजय ने पोस्ट के बहाने ली चुटकी



दिग्विजय सिंह नेइसे शेयर करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी की बधाई! दिग्विजय ने भले ही अपनी पोस्ट में तंज पीएम मोदी और शाह के लिए किया हो, लेकिन निशाने पर थरूर ही हैं। इस वीडियो के बहाने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है।

अमृत उद्यान में तीन नए आकर्षण जुड़े

# राष्ट्रपति ने किया उद्घाटन सर्वजन के लिए खोले गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान में इस साल तीन नए आकर्षण जोड़े गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को प्लूमेरिया गार्डन, बरगद ग्रोव और बैबलिंग ब्रूक का उद्घाटन किया। ये तीनों उद्यान आम जनता के लिए 16 अगस्त से 14 सितंबर 2025 तक खुले रहेंगे। राष्ट्रपति भवन के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' के मुताबिक, प्लूमेरिया गार्डन घास के टीलों और विशेष रूप से लगाए गए पौधों से सजाया गया है। बरगद ग्रोव में रिफ्लेक्सोलॉजी पथ, पंचतत्व पथ



और जंगल जैसे ध्वनि परिदृश्य तैयार किए गए हैं। वहीं बैबलिंग ब्रूक में झरनों, मूर्तिकला की टोंटियों, सीढ़ीनुमा पत्थरों और एक कुंड को शामिल किया गया है, जिससे यह जगह बेहद आकर्षक और शांत वातावरण प्रदान करती है। इससे पहले गुरुवार को राष्ट्रपति ने अमृत उद्यान ग्रीष्मकालीन वार्षिक संस्करण का उद्घाटन किया था।

'द बंगाल फाइल्स' के ट्रेलर लॉन्च पर हंगामा

# कोलकाता पुलिस ने रोका भड़के निर्देशक व अभिनेत्री

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' का ट्रेलर शनिवार को रिलीज हुआ। यह ट्रेलर पहले दोपहर 12 बजे रिलीज होना था पर कोलकाता पुलिस ने बीच कार्यक्रम में पहुंचकर इसे रुकवा दिया। इसके चलते हंगामा मच गया और फिल्म का ट्रेलर भी एक घंटे देरी से रिलीज हुआ। इस मामले पर विवेक अग्निहोत्री और उनकी पत्नी व एक्ट्रेस पल्लवी जोशी ने नाराजगी जताते हुए सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी आवाज को दबाया जा रहा है। अग्निहोत्री ने कहा राजनीतिक दबाव के कारण ऐसा



किया गया है। उनका कहना था कि फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया तो राजनीतिक उथल-पुथल होगी। फिर हमने एक अन्य मल्टीप्लेक्स से बात की तो उन्होंने भी कहा कि माफ कीजिए सर बहुत अधिक राजनीतिक दबाव है, हम ऐसा नहीं कर सकते। इसके साथ ही फिल्म की अबिनेत्री पल्लवी बोलीं, मैं भी हार मानने वालों से नहीं हूं।

पीएम मोदी आज दिल्ली को देंगे 11,000 करोड़ की सौगात

# दो हाइवे परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण ट्रैफिक जाम से मिलेगी लोगों को निजात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को राजधानी दिल्ली में लगभग 11,000 करोड़ की दो बड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 12:30 बजे रोहिणी में होगा, जहां वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इन परियोजनाओं में दिल्ली सेक्शन का द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 शामिल है। इसका का मुख्य उद्देश्य दिल्ली और आसपास के इलाकों में ट्रैफिक जाम को कम करना, बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना और यात्रा का समय घटाना है।

### द्वारका एक्सप्रेसवे पर 5,360 करोड़ रुपए आई लागत

**मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी**

द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली सेक्शन 10.1 किलोमीटर लंबा है और इसे लगभग 5,360 करोड़ की लागत से बनाया गया है। यह हिस्सा यशोभूमि, दिल्ली मेट्रो की



ब्लू और ऑरेंज लाइन, आने वाले बिजवासन रेलवे स्टेशन और द्वारका क्लस्टर बस डिपो को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसे दो पैकेज में विभाजित किया गया है। पहला पैकेज 5.9 किलोमीटर लंबा है, जो शिव मूर्ति इंटरसेक्शन से द्वारका सेक्टर-21 के रोड अंडर ब्रिज तक जाता है। दूसरा पैकेज 4.2 किलोमीटर का है, जो द्वारका सेक्टर-21 आरयूबी से दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर तक फैला है और सीधे युबेर -2 से जुड़ता है। द्वारका एक्सप्रेसवे का 19 किलोमीटर लंबा हरियाणा सेक्शन प्रधानमंत्री मोदी ने मार्च 2024 में उद्घाटित किया था। इसके साथ ही प्रधानमंत्री अर्बन एक्सटेंशन रोड-II परियोजना के अलीपुर से दिघांव कलां तक के हिस्से का भी उद्घाटन करेंगे। इसमें बहादुरगढ़ और सोनीपत तक नई सड़क लिंक शामिल हैं।

मुंबई में भारी बारिश का कहर, आईएमडी का रेड अलर्ट

# सब कुछ हो गया जाम, लोकल ट्रैक डूबे, दो की मौत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यहां शनिवार सुबह तेज बारिश के साथ दिन की शुरुआत की। लगातार बारिश से कई इलाकों में पानी भर गया है, जिससे सड़कों पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। लोगों को कम विजिबिलिटी और घुटनों तक पानी में चलकर सफर करना पड़ा। इस बीच भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार मुंबई में अगले 3-4 घंटों के दौरान रत्नागिरी, रायगढ़, मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, ठाणे, पालघर जिलों में अलग-अलग स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है। दादर और बांद्रा स्टेशनों पर रेलवे ट्रैक पानी में डूब गए। हार्बर लाइन पर तिलक नगर और कुर्ला के बीच जलभराव के कारण लोकल ट्रेनों की आवाजाही धीमी हो गई। यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

### कई इलाकों में पानी भर गया, फ्लाइट्स प्रभावित



**मौसम विभाग ने कहा- घरों से बाहर न निकलें**

मौसम विभाग (आईएमडी) ने ऑरेंज अलर्ट को बढ़ाकर शनिवार को रेड अलर्ट कर दिया। मुंबई पुलिस ने भी लोगों से अपील की है कि जब तक बहुत जरूरी न हो, तब तक घरों से बाहर न निकलें। पुलिस ने चेतावनी देते हुए कहा कि कई जगहों पर जलभराव और विजिबिलिटी कम है। गैर-जरूरी यात्रा से बचें।

**रनवे और टैक्सीवे पर भरा पानी**

मुंबई एयरपोर्ट पर लगातार बारिश से रनवे और टैक्सीवे पर पानी भर गया, जिससे कई उड़ानों में देरी हुई। यात्रियों को मुश्किलें झेलनी पड़ीं और एयरलाइंस को अलर्ट जारी करना पड़ा। इंडिगो ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे घर से निकलने से पहले वेबसाइट या ऐप पर अपनी फ्लाइट स्टेटस चेक करें और ट्रैफिक व जलभराव को देखते हुए अतिरिक्त समय लेकर एयरपोर्ट पहुंचे।

### विक्रोली में भूस्खलन 2 की मौत, कई घायल

इस बीच विक्रोली (पश्चिम) के जनकल्याण सोसायटी क्षेत्र में भूस्खलन की घटना हुई, जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई और 2 लोग घायल हुए। राहत कार्य जारी है। बीएमसी के अनुसार 15 अगस्त सुबह 8:30 बजे से 16 अगस्त सुबह 5:30 बजे तक विक्रोली में 248.5 मिमी, सांताक्रूज में 232.5 मिमी, सायन में 221 मिमी, जुहू में 208 मिमी, बांद्रा में 173 मिमी, बायकुला में 158.5 मिमी और कोलाबा में 70.4 मिमी बारिश दर्ज की गई।

जीएसटी में आसान रिफॉर्म का प्रस्ताव

# शिक्षा-स्वास्थ्य पर 5, टीवी एसी पर 18% लगेगा टैक्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने लाल किले से नए जीएसटी रिफॉर्म लाने की बात कही। उन्होंने ऐलान किया कि दिवाली पर नया जीएसटी सुधार लागू होगा।

खबर है कि केंद्र सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) ढांचे में व्यापक सुधार का प्रस्ताव रखा है, जिसका लक्ष्य सुधार करके टैक्स सिस्टम को आसान बनाना है। इसमें ज्यादातर वस्तुओं को दो मुख्य स्लैब -5 और 18 फीसदी के तहत रखने का सुझाव दिया गया है, जबकि तंबाकू और ऑनलाइन




गेमिंग जैसी कुछ वस्तुओं पर 40 फीसदी की भारी टैक्स रेट लगाने का प्रस्ताव है। अगर इसे मंजूरी मिल जाती है तो यह 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से सबसे बड़ा संशोधन होगा। इस सुधार का उद्देश्य नियमों को आसान बनाना, परिवारों और व्यवसायों के लिए लागत कम करना और विसंगतियों को दूर करना है।

जबलपुर
रविवार, 17 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष-08
वर्ष : 20, अंक : 110
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 31
न्यून. 26


# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से किया बड़ा ऐलान

## लागू हुई नौजवानों के लिए एक लाख करोड़ की रोजगार योजना



### मोदी सरकार दिवाली पर करेगी जीएसटी कानून में सुधार, आम जरूरतों की चीजें होंगी सस्ती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से युवाओं को बड़ा तोहफा दिया। उन्होंने देश के नौजवानों के लिए एक लाख करोड़ की योजना की शुरुआत की। यह प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के नाम से शुरू की गई है। इस योजना के तहत करीब 3.5 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बनाएगा। साथ ही प्राइवेट सेक्टर में पहली नौकरी करने वाले लोगों को 15000 रुपये सरकार की तरफ से दिया जाएगा। पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के तहत सरकार उनकंपनियों और बिजनेस को सब्सिडी के तहत मदद देगी, जो ज्यादा से ज्यादा लोगों को नौकरी देंगी।

#### किसे और कैसे मिलेंगे 15 हजार रुपए?

पहली बार नौकरी शुरू करने वाले और ईपीएफओ में रजिस्टर्ड कर्मचारियों को ही इस योजना का लाभ दिया जाएगा। इस योजना के तहत 2 किश्तों में 15000 रुपए ट्रांसफर किए जाएंगे। हालांकि इस योजना का लाभ उन कर्मचारियों को ही मिलेगा, जिनकी सैलरी 1 लाख रुपए तक है।

#### पूरे देश में हमने टैक्स के बर्डन को कम किया

पीएम मोदी ने कहा कि इस दीवाली पर आपको बड़ा तोहफा मिलने वाला है, पूरे देश में हमने टैक्स के बर्डन को कम किया है।

---

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सीएम का ऐलान

# मध्यप्रदेश में बनेगा पुलिस भर्ती बोर्ड, तीन साल में होगी सभी 22,500 पदों पर भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार आने वाले तीन सालों में 22,500 पदों पर पुलिस की भर्ती करने जा रही है। पहले साल 7500 पदों पर भर्ती होगी, इसी क्रम में लगातार तीन सालों तक उक्त सभी पदों पर भर्तियां की जाएगी। सरकार इसके लिए पुलिस भर्ती बोर्ड गठित करने जा रही है। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। उन्होंने कहा कि वीवीआईपी मूवमेंट में तैनात सुरक्षाकर्मियों को छठवें वेतनमान का विशेष भत्ता एवं जोखिम भत्ता भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक दिन पहले मुख्यमंत्री निवास पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने पदक विजेता अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित भी किया।



**पुलिस, जेल एवं नगर सुरक्षा के शहीदों की विधवाओं, बच्चों के लिए स्नातक स्तर की सीटों पर मिलेगा आरक्षण**

**वीवीआईपी मूवमेंट में तैनात सुरक्षाकर्मियों को छठवें वेतनमान का विशेष भत्ता एवं जोखिम भत्ता भी दिया जाएगा**

मुख्यमंत्री ने स्वाधीनता दिवस पर सभी पदक विजेताओं और उनके परिजनों से की भेंट, किया सम्मान



जिन्हें छठवां वेतनमान नहीं मिला है उनके लिए भी घोषणा

#### शहीदों की विधवाओं को मिलेगा आरक्षण

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस, जेल और नगर सेना एवं सुरक्षा तीनों विभागों के शहीदों की विधवाओं और बच्चों के लिए स्नातक स्तर के सभी कोर्सेस में विभिन्न प्राथमिकता श्रेणियों में एक अतिरिक्त सीट पर आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हमने 7,500 रिक्त पदों पर भर्ती की अनुमति दी है। पुलिस के करीब 22 हजार 500 पदों पर भर्ती होनी है।

#### सभी प्रकार की यूनिफार्म सर्विसेस की सराहना की

मुख्यमंत्री ने सभी प्रकार की यूनिफार्म सर्विसेस की सराहना करते हुए कहा कि आपकी विशिष्ट सेवाओं के लिए पदक तो आपको मिलता है, लेकिन मान हमारा बढ़ता है। आपकी सेवाओं में सरकार हर घड़ी आपके साथ है। पुलिस, जेल और नगर सेना एवं सुरक्षा विभाग के त्वरित आधुनिकीकरण के लिए कोई कमी नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी-कर्मचारी अपनी सेवाओं के साथ अपने परिवार को भी समय दें। अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

#### नए आपराधिक कानूनों का भी हम प्रभावी रूप से पालन करा रहे हैं

डीजीपी कैलाश मकवाना ने बताया कि नए आपराधिक कानूनों का भी हम प्रभावी रूप से पालन करा रहे हैं। हम ई-ऑफिस की तरफ बढ़ रहे हैं। पुलिस मुख्यालय ई-ऑफिस से लैस हो गया है, फील्ड की सभी इकाइयां भी ई-ऑफिस से जुड़ रही हैं। सायबर फ्रॉड से निपटने के लिए भी हमारी पूरी तैयारी है। प्रदेश में लोगों को नशामुक्त करने की जागरूकता के लिए हमने 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान चलाया है। पुलिस महानिदेशक होमगाड्‌र्स चंचल शेखर ने सभी का आभार माना। कार्यक्रम में एसीएस गृह जेएन कंसोटिया, डीजी जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं वरूण कपूर, वरिष्ठ अधिकारी सहित सभी पदक विजेता अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके परिजन भी मौजूद थे।

---

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

#### केरल में ब्रेन-ईटिंग अमीबा का खतरा, बच्ची की मौत



**नई दिल्ली।** निपाह वायरस के प्रकोप के बाद दक्षिणी राज्य केरल से एक और गंभीर संक्रामक रोग का मामला सामने आ रहा है। शनिवार को अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी केरल के कोझिकोड जिले में अमीबिक इंसेफेलाइटिस संक्रमण के कारण नौ साल की एक बच्ची की मौत हो गई।

#### एनआरआई पर हमला सिख समाज ने थाना घेरा



**भिंड।** लंदन में रहने वाले एक एनआरआई परिवार पर जिले में हमला हुआ है। इस घटना से सिख समुदाय ने थाने का घेराव कर दिया। पुलिस ने एक स्थानीय कांस्टेबल के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोप है कि कांस्टेबल ने ही हमले के लिए गुंडों को बुलाया था।

#### दो मासूम बेटियों का गलाघोंटा, मां पर शक



**उज्जैन।** महिदपुर में एक मां ने ममता को शर्मसार करते हुए अपनी ही दो मासूम बेटियों की बेरहमी से हत्या कर दी। तुलसापुर गांव की इस वारदात ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला आरती को हिरासत में लिया गया है।

---

अलास्का में ट्रंप-पुतिन की मुलाकात का भारत ने किया स्वागत

# विदेश मंत्रालय बोला- संवाद से ही बनेगी 'शांति' की राह

जायसवाल ने स्पष्ट किया कि भारत की हमेशा से यही नीति रही है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं, हालांकि, वार्ता से कोई ठोस घोषणा या लिखित समझौता नहीं निकल पाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अमेरिका और रूस के बीच अलास्का में हुई शिखर वार्ता का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यह पहल वैश्विक शांति की दिशा में एक अहम कदम है। जायसवाल ने कहा कि भारत इस वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है और मानता है कि आगे का रास्ता केवल संवाद और कूटनीति से ही निकल सकता है। रणधीर जायसवाल ने आगे कहा कि मौजूदा समय में पूरी दुनिया की नजर यूक्रेन युद्ध पर है और सभी चाहते हैं कि इस संघर्ष का जल्द से जल्द अंत हो। जायसवाल ने स्पष्ट किया कि भारत की हमेशा से यही नीति रही है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने दोहराया कि बातचीत और आपसी समझ ही शांति का सबसे बड़ा माध्यम है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अलास्का में हुई शिखर वार्ता ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद पहली बार दोनों नेताओं की सीधी मुलाकात हुई। हालांकि बैठक को 'उपयोगी' बताते हुए भी ट्रंप ने यह साफ किया कि फिलहाल कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमने कुछ प्रगति की है, लेकिन अभी हम पूरी मंजिल तक नहीं पहुंचे हैं।

#### उम्मीदें और अधूरे परिणाम

ट्रंप ने बातचीत को 'बहुत सकारात्मक' बताते हुए यह भी कहा कि अगले कदमों पर वे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और नाटो नेताओं से चर्चा करेंगे। वहीं पुतिन ने ट्रंप की 'मित्रतापूर्ण' भाषा और रूस के राष्ट्रीय हितों की समझ की तारीफ की। हालांकि, वार्ता से कोई ठोस घोषणा या लिखित समझौता नहीं निकल पाया।



#### एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से मुलाकात, एक ही कार में बैठे ट्रंप और पुतिन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अलास्का पहुंचे। इस दौरान ट्रंप ने एयरपोर्ट पर पुतिन का गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया। फिर दोनों वर्ल्ड लीडर एक ही कार में सवार होकर मीटिंग के लिए निकल गए। आपको बता दें कि इस दौरान दोनों की बॉडी लैंग्वेज पॉजिटिव नजर आई। डोनाल्ड ट्रंप और पुतिन के चेहरे पर हल्की मुस्कान थी और दोनों एक-दूसरे से बात करते हुए और रेड कार्पेट पर चलते हुए कार तक पहुंचे।

#### शिखर वार्ता की 5 बड़ी बातें

- ट्रंप ने स्पष्ट कहा कि अभी किसी बड़े समझौते पर मुहर नहीं लगी है। उन्होंने स्वीकार किया कि कई मुद्दों पर मतभेद बने हुए हैं और उन्हें दूर करने के लिए आगे और बातचीत करनी होगी। उन्होंने कहा कि हमने प्रगति की है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। जब तक सब कुछ तय नहीं होता, तब तक कोई डील नहीं मानी जाएगी।
- वार्ता के बाद ट्रंप ने कहा कि चीन पर रूसी तेल खरीदने को लेकर टैरिफ फिलहाल टाल दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज की बातचीत के बाद मुझे फिलहाल इस बारे में सोचना नहीं पड़ रहा है। हालांकि, भारत पर उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की। अमेरिका ने पहले ही भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है, जिसमें से 25 प्रतिशत रूसी तेल आयात पर पेनल्टी है।
- रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने ट्रंप की तारीफ करते हुए कहा कि बातचीत 'दोस्ताना माहौल' में हुई। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने रूस के राष्ट्रीय हितों को समझा और सम्मान दिया। हालांकि, ट्रंप ने सार्वजनिक मंच से यूक्रेन में रूस के हमलों में नागरिकों की मौत पर कुछ नहीं कहा, जिस पर कई अंतरराष्ट्रीय हलकों में सवाल खड़े हो रहे हैं।
- वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस केवल 15 मिनट चली, जिसमें दोनों नेताओं ने सामान्य कूटनीतिक बातें दोहराईं। किसी ठोस उपलब्धि या लिखित सहमति की घोषणा नहीं हुई। इससे साफ है कि दोनों पक्षों में अभी भी गहरे मतभेद कायम हैं और समझौते का रास्ता लंबा है।
- ट्रंप ने संकेत दिया कि जल्द ही पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच बैठक हो सकती है, जिसमें वे खुद भी शामिल हो सकते हैं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यह बैठक कब और कहां होगी। पुतिन ने जेलेंस्की से मुलाकात पर कोई टिप्पणी नहीं की। उन्होंने उम्मीद जताई कि यूक्रेन और यूरोपीय देश अमेरिका-रूस वार्ता को सकारात्मक रूप से देखेंगे और प्रगति में बाधा नहीं डालेंगे।

---

एनसीईआरटी का नया मॉड्यूल जारी

## भारत विभाजन के लिए बताया जिन्ना, कांग्रेस और माउंटबेटन को जिम्मेदार

कांग्रेस और भाजपा आईं आमने-सामने



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनसीईआरटी के नए मॉड्यूल में भारत के विभाजन की विभीषिका का उल्लेख करते हुए कारणों पर एक नई चर्चा को जन्म दिया गया है। भारत को आजादी 15 अगस्त, 1947 को मिली थी लेकिन ये आजादी अपने साथ लाई थी बंटवारे का कभी न भरने वाला जख्म, जो हर साल देश के लोगों के बीच एक दर्द की लहर लेकर आता है। बंटवारे के दौरान हुई हत्याएं और लूट की घटनाओं ने दोनों तरफ से करोड़ों लोगों को न सिर्फ प्रभावित किया बल्कि उनका जीवन भी हमेशा के लिए बदल दिया था।



#### क्या भारत विभाजन जरूरी था ?

एनसीईआरटी के नए मॉड्यूल में भारत विभाजन के इस पक्ष पर भी प्रकाश डाला गया है कि क्या भारत का विभाजन कर नया देश पाकिस्तान बनाना जरूरी था। मॉड्यूल कहता है कि उन हालातों में भारत विभाजन जरूरी नहीं था लेकिन गलत विचारों और परिस्थितियों के चलते ये बंटवारा हुआ। जिन्ना की पाकिस्तान जिद आगे झुकते हुए कांग्रेस ने इसे स्वीकार किया जिसके लिए इसे देश को गृहयुद्ध से बचाने का शांतिपूर्ण तरीका बताया गया, हालांकि, इस बंटवारे का विरोध महात्मा गांधी ने किया था।

#### कांग्रेस ने कहा: इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा गया

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मॉड्यूल पर आपत्ति जताई और कहा कि यह इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने की कोशिश है। इस पर भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि बंटवारा एक कड़वा सच है, जिसमें लाखों लोग मारे गए और घर तबाह हो गए। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने बंटवारे को स्वीकार कर देश को जलाया। शाहनवाज ने कहा कि आजादी की बात होती है लेकिन बंटवारे की जिम्मेदारी कोई नहीं लेता। बच्चों को यह जानने का हक है कि उस दौर में क्या हुआ।

---

रीवा में मजार में तोड़फोड़ से तनाव, पुलिस तैनात

## अज्ञात आरोपियों पर एफआईआर मजार का दोबारा निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोर्गी गांव में असामाजिक तत्वों ने सैकड़ों साल पुरानी मजार में तोड़फोड़ कर दी। मजार में धार्मिक झंडा फहरा दिया। घटना स्थल के पास 200 मीटर के एरिया में ही हनुमान जी का मंदिर और मजार दोनों है। दोनों ही जगह दोनों समुदाय के लोग बड़ी संख्या में हैं।



टीकमगढ़ में तलैया में डूबे तीन बच्चे

## एक को बचाने के चक्कर में तीनों गहरे पानी में समाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के पलेरा थाना क्षेत्र के जवाहरपुरा गांव में शनिवार को तीन बच्चों की तलैया में डूबने से मौत हो गई। मृतक बच्चों की पहचान यश (10), नैन्स (12) और संस्कार (12) के रूप में हुई है। शनिवार दोपहर तीनों बच्चे बिना किसी को बताए साइकिल से गांव से करीब दो किलोमीटर दूर स्थित एक खेत की तलैया में नहाने गए थे।



शिवपुरी के सुरवाया क्षेत्र में सड़क हादसा

## ट्रैवलर डिवाइडर तोड़कर ट्रक से भिड़ी, 4 की मौत, 7 लोग गंभीर

गुजरात के म्यूजिशियन ग्रुप के 20 लोग वाराणसी से यात्रा कर लौट रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शनिवार तड़के जिले के सुरवाया क्षेत्र में नेशनल हाईवे 27 पर भीषण सड़क हादसा हो गया। एक ट्रैवलर बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में घुसी और सामने से आ रहे ट्रक से जा भिड़ी।



#### सिंगर की मौत

हादसे में मौके पर ही सिंगर हार्दिक दवे (40) वर्ष की मौत हो गई। वहीं इलाज के दौरान राजा ठाकुर (28), अंकित ठाकुर (17) और राजपाल सोलंकी (60) ने भी दम तोड़ दिया। ट्रैवलर का ड्राइवर हादसे के बाद लहूलुहान हालत में गाड़ी में ही फंसा रहा।

---

मानसून ट्रफ और छत्तीसगढ़ में बने लो प्रेशर एरिया से तेज बारिश, 19 से और जोर पकड़ेगी

भोपाल में दोपहर बाद बारिश, खाड़ी में बनेगा नया लो प्रेशर एरिया इससे बारिश का दौर लंबा खिंचेगा

## बड़वानी में रूपा नदी उफान पर, राजपुर में तीन गाड़ियां बहीं, घरों-दुकानों में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में दो दिन से बारिश का दौर जारी है। यह 19 अगस्त से और बढ़ जाएगा। बड़वानी के राजपुर नगर में शनिवार सुबह से ही तेज बारिश का सिलसिला जारी रहा। रूपा नदी अचानक उफान पर आ गई। करीब 19 साल बाद नदी ने ऐसा रौद्र रूप दिखाया है। इस दौरान कई लोगों की गाड़ियां और दुकानों को नुकसान पहुंचा है। नगर पालिका उपाध्यक्ष आकाश बर्मन की चार पहिया गाड़ी भी तेज धारा में बह गई। अब तक 2 वाहन बहने की पुष्टि हो चुकी है जबकि चार तक होने की आशंका जताई जा रही है।





#### यहां यलो अलर्ट

मौसम केंद्र के अनुसार रविवार को बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, पांढुर्णा जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। भोपाल सहित करीब तीन दर्जन से अधिक जिलों में मध्यम से हल्की का दौर चलेगा।

---

भोपाल के जिलाध्यक्षों को फिर मौका, सिर्फ 4 महिलाओं को कमान

विधायक जयवर्धन को गुना, ओमकार सिंह को डिंडोरी का दायित्व

## प्रदेश कांग्रेस ने घोषित किए 71 जिलाध्यक्ष कई विधायकों को भी अहम जवाबदारी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लंबी कसरत के बाद अंततः कांग्रेस ने प्रदेश के 71 जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी। खास बात यह है कि जयवर्धन सिंह और ओमकार सिंह मरकाम जैसे वरिष्ठ विधायकों को भी जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। इनके साथ एक दर्जन से ज्यादा विधायक और पूर्व विधायक जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं। ऐसा कर कांग्रेस ने राहुल गांधी की उस बात की पुष्टि की है कि आने वाले समय में पार्टी के जिलाध्यक्ष सबसे ताकतवर होंगे। राजधानी के दोनों जिलाध्यक्षों शहर के प्रवीण सक्सेना और ग्रामीण के अनोखी मान सिंह पटेल को फिर कमान सौंपी गई है।


जयवर्धन सिंह


ओमकार सिंह मरकाम

#### इन पूर्व विधायकों को मिली जवाबदारी

कांग्रेस ने जिन पूर्व विधायकों को जिलाध्यक्ष पद की जवाबदारी सौंपी है, इनमें अलीराजपुर में मुकेश पटेल, इंदौर ग्रामीण में विपिन वानखेड़े, कटनी शहर में कुंवर सौरभ सिंह, मंडला में डॉ अशोक मर्सकोले, नरसिंहपुर में सुनीता पटेल, राजगढ़ में प्रियव्रत सिंह, रतलाम ग्रामीण में हर्ष विजय गहलोत और बैतूल में निलय डागा शामिल हैं।

#### ये 6 विधायक और महिलाएं बनी जिलाध्यक्ष

*कांग्रेस ने जिन 6 विधायकों को जिलाध्यक्ष बनाया गया है, इनमें जयवर्धन सिंह गुना, ओमकार सिंह मरकाम डिंडोरी और महेश परमार उज्जैन ग्रामीण के अलावा बैहर विधायक संजय उइके को बालाघाट, सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को सतना ग्रामीण, सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल को रायसेन का विधायक बनाया गया है।*

#### कांग्रेस ने 18 जिला अध्यक्षों को फिर से दिया मौका

कांग्रेस ने अपने 18 जिला अध्यक्षों को फिर से मौका दिया है। इनमें बड़वानी से नानेश चौधरी, खरगोन से रवि नाईक, झाबुआ से प्रकाश रांका, शाजापुर से नरेश्वर प्रताप सिंह, उज्जैन शहर से मुकेश भाटी, विदिशा से मोहित रघुवंशी, सीहोर से राजीव गुजराती, भोपाल शहर से प्रवीण सक्सेना, भोपाल ग्रामीण से पटेल, छिंदवाड़ा से विश्वनाथ ओक्टे, बालाघाट से संजय उईके, जबलपुर शहर से सौरभ शर्मा, सीधी से ज्ञान प्रताप सिंह, मैहर से धर्मेश घई, रीवा ग्रामीण से राजेन्द्र शर्मा, टीकमगढ़ से नवीन साहू, अशोकनगर से राजेन्द्र कुशवाहा, मुरैना ग्रामीण से मधुराज तोमर शामिल हैं।

निसार का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा इसका 12 मीटर व्यास का ड्रमनुमा रडार एंटीना रिफ्लेक्टर है। इसे लॉन्च के बाद सिकुड़ा हुआ रखा गया था। 9 अगस्त से 13 अगस्त तक इसे 9 मीटर के बूम पर धीरे-धीरे खोला गया। फिर 15 अगस्त को छोटे विस्फोटक बोल्ट फायर किए गए, जिससे यह 'ब्लूम' प्रक्रिया शुरू हुई

## खुल गई उपग्रह निसार की छतरी

# अब धरती की निगरानी के लिए तैयार जल्द देगा 'आपदाओं' की जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नासा और इसरो के संयुक्त धरती-निगरानी उपग्रह मिशन निसार ने एक बड़ा कीर्तिमान हासिल किया है। इस मिशन का विशाल रडार एंटीना रिफ्लेक्टर अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक खुल गया है, जिसकी पुष्टि नासा जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने की है। यह मील का पत्थर है, जो इसे धरती के बदलते सतह का सटीक अध्ययन करने के लिए तैयार करता है। नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी के प्रोजेक्ट मैनेजर फिल बेरेला ने कहा कि यह नासा का अब तक का सबसे बड़ा एंटीना रिफ्लेक्टर है। इसे अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक खुलते देखना सालों की डिजाइन, टेस्टिंग और सहयोग का नतीजा है। यह एंटीना 64 किलोग्राम वजनी है। 123 कम्पोजिट स्ट्रट्स और सोने की परत वाली जाल से बना है।

सोने की परत वाली जाल से निर्मित

एंटीना 64 किलोग्राम वजनी

123 कंपोजिट स्ट्रट्स, सोने की परत वाला जाल



### 15 अगस्त को ब्लूम प्रक्रिया शुरू

निसार का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा इसका 12 मीटर व्यास का ड्रमनुमा रडार एंटीना रिफ्लेक्टर है। इसे लॉन्च के बाद सिकुड़ा हुआ रखा गया था। 9 अगस्त से 13 अगस्त तक इसे 9 मीटर के बूम पर धीरे-धीरे खोला गया। फिर 15 अगस्त को छोटे विस्फोटक बोल्ट फायर किए गए, जिससे यह 'ब्लूम' प्रक्रिया शुरू हुई। यह प्रक्रिया एक छाता खोलने जैसी है।

**निसार का उद्देश्य और फायदा**

*निसार धरती के कई पहलुओं पर नजर रखेगा। यह ग्लेशियर के हिलने और पिघलने की जानकारी देगा। भूकंप के फॉल्ट जोन और ज्वालामुखी के बदलाव मापेगा। जंगल, दलदल, वनस्पति, गीले इलाकों और पारिस्थितिकी में बदलाव दिखाएगा। प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़, भूस्खलन और ज्वालामुखी विस्फोट की चेतावनी देगा।*



### धरती की सतह के बदलावों को मापा जाएगा

*निसार में लगे एंटीना की मदद से धरती की सतह में होने वाले बदलावों को सेंटीमीटर तक माप सकता है, चाहे मौसम बादल भरा हो, अंधेरा हो या जंगल हों। इसमें दो रडार सिस्टम हैं। एल-बैंड रडार, जो बादलों और जंगलों को भेदकर काम करता है। एस-बैंड रडार, जो हल्की वनस्पति और बर्फ में नमी को मापता है।*

### 30 जुलाई को लॉन्च किया था

निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार) एक ऐसा उपग्रह है, जो धरती की सतह पर होने वाले बदलावों को मापने के लिए बनाया गया है। इसे 30 जुलाई 2025 को भारत के श्रीहरिकोटा से इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया था। यह उपग्रह धरती के ज्यादातर इलाकों को हर 12 दिन में दो बार स्कैन करेगा।

---

## अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की 3 घंटे मुलाकात

*यूरोपियन यूनियन बोला- यूक्रेन को मिले सुरक्षा गारंटी*

# मास्को के तेवर दिखे नरम, पर समझौते पर नहीं बनी सहमति

बैठक के बाद रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप से सहमत हूं, यूक्रेन की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। हम इसका स्वागत करने के लिए तैयार हैं। मैं आशा करता हूं कि हम जिस समझौते पर पहुंचे हैं, उससे हमें उस लक्ष्य के करीब पहुंचने में मदद मिलेगी और यूक्रेन में शांति का मार्ग प्रशस्त होगा

एजेंसी ▶▶ अलास्का

रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से भी ज्यादा समय से जंग जारी है। इस जंग को रुकवाने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच अलास्का के एल्मेंडॉर्फ-रिचर्डसन सैन्य बेस पर बैठक हुई। बंद कमरे में हुई बैठक में ट्रंप के साथ मार्को रूबियो और विटकॉफ के साथ कुछ अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं रूसी पक्ष में पुतिन के साथ सर्गेई लावरोव और वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव और आर्थिक सलाहकार किरिल दिमित्रिएव भी मौजूद थे।

हालांकि बैठक में दोनों पक्षों में कोई अंतिम सहमति नहीं बन पाई। इस बैठक के बाद पुतिन ने अगली मुलाकात के लिए ट्रंप को रूस आने का सुझाव दिया है। पुतिन ने संकेतों में ट्रंप को रूस आने का न्यौता भी दिया। ये तब हुआ जब कहा जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बैठक के लिए अपने समकक्ष को धन्यवाद दिया।

इस दौरान पुतिन ने कहा कि 'अगली बार मॉस्को में'। इस पर ट्रंप ने भी जवाब में कहा कि मैं इसे होते हुए देख सकता हूं। इससे पहले ट्रंप ने पुतिन को अपनी पत्नी मेलानिया ट्रंप का पत्र सौंपा। इसमें यूक्रेन और रूस में बच्चों की दुर्दशा का मुद्दा उठाया गया था। उनके पत्र में युद्ध के दौरान बच्चों के अपहरण का उल्लेख था।

**खास बातें**

- ट्रंप ने पुतिन को सौंपा पत्नी मेलानिया का पत्र
- पुतिन ने ट्रंप को रूस आने का दिया न्यौता



### यूक्रेन में शांति का मार्ग प्रशस्त होगाः पुतिन

*रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन की स्थिति हमारी सुरक्षा के लिए एक बुनियादी खतरा है। साथ ही, हम इस बात से आश्वस्त हैं कि समझौते को स्थायी और दीर्घकालिक बनाने के लिए, हमें संघर्ष के सभी प्राथमिक कारणों को समाप्त करना होगा। मैं राष्ट्रपति ट्रंप से सहमत हूं, यूक्रेन की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। हम इसका स्वागत करने के लिए तैयार हैं। मैं आशा करता हूं कि हम जिस समझौते पर पहुंचे हैं, उससे हमें उस लक्ष्य के करीब पहुंचने में मदद मिलेगी और यूक्रेन में शांति का मार्ग प्रशस्त होगा। हम उम्मीद करते हैं कि कीव और यूरोपीय राजधानियां इसे सकारात्मक रूप से समझेंगी और काम में कोई बाधा नहीं डालेंगी।*

### सोमवार को वॉशिंगटन में ट्रंप से मुलाकात करेंगे जेलेंस्की

*ट्रंप ने पुतिन के साथ शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बात की। ट्रंप ने शनिवार को तड़के नाटो नेताओं से भी फोन पर लंबी बात की। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि वह अगले हफ्ते वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात कर सकते हैं। उन्होंने ट्रंप के साथ लंबी और सार्थक बातचीत की। उन्होंने सोमवार को वाशिंगटन में व्यक्तिगत रूप से मिलने के निमंत्रण के लिए ट्रंप का धन्यवाद दिया और कहा कि वे हत्या और युद्ध को समाप्त करने से संबंधित सभी विवरणों पर चर्चा करेंगे।*

**ट्रंप राष्ट्रपति होते तो युद्ध नहीं होता**

*पुतिन ने आगे कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप कहते हैं कि यदि वे उस समय राष्ट्रपति होते, तो कोई युद्ध नहीं होता, और मुझे पूरा यकीन है कि ऐसा वास्तव में होता। उन्होंने कहा कि 2022 में पिछले प्रशासन के साथ आखिरी संपर्क के दौरान, मैंने अपने पूर्व अमेरिकी सहयोगी को यह समझाने की कोशिश की थी कि जब शत्रुता की बात आती है।*

### जेलेंस्की के समर्थन में उतरा यूरोपियन यूनियन

#### सीमा में बदलाव मंजूर नहीं यह यूक्रेन का अधिकार

ट्रंप और पुतिन के बीच मुलाकात के बाद यूरोपियन यूनियन (ईयू) देशों के नेताओं ने यूक्रेन का समर्थन जारी रखने का ऐलान किया है। यह मांग की गई है कि यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी मिले। बयान में कहा गया कि यूरोपीय देश अपनी भूमिका निभाने का तैयार है। ईयू जबरदस्ती यूक्रेन की सीमा में बदलाव मंजूर नहीं करेगा। ईयू की प्रेसिडेंट वॉन डेर लेयेन, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों, इटली की पीएम मेलोनी, जर्मनी के चांसलर मर्ज, ब्रिटेन के पीएम कीर स्टारमर, राष्ट्रपति स्टब, पीएम टस्क, राष्ट्रपति कोस्टा की ओर जारी संयुक्त बयान में यूक्रेन में हत्याओं को रोकने, रूस के आक्रामक युद्ध को समाप्त करने और न्यायपूर्ण एवं स्थायी शांति स्थापित करने के राष्ट्रपति ट्रंप के प्रयासों का स्वागत किया। बयान में कहा गया है यूक्रेन की सशस्त्र सेनाओं या तीसरे देशों के साथ उसके सहयोग पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाना चाहिए। रूस, यूरोपीय संघ और नाटो तक पहुंचने के यूक्रेन के रास्ते पर वीटो का अधिकार नहीं रख सकता है। अपने क्षेत्र पर निर्णय लेना यूक्रेन पर निर्भर होगा। अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं को बलपूर्वक नहीं बदला जाना चाहिए। यूक्रेन को हमारा समर्थन जारी रहेगा।

---

## किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना

अब तक 60 की मौत 100 से अधिक घायल

# पीड़ितों से मिले सीएम, मृतकों के परिजनों को दो लाख देने का ऐलान

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ ज़िले के सुदूर गांव चशोती में शनिवार को लगातार तीसरे दिन बचाव और राहत अभियान जारी है। इस गांव में 60 लोगों की जान चली गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। सीएम उमर अब्दुल्ला भी आपदा प्रभावित गांव चशोती पहुंचे।

किश्तवाड़ में बादल फटने से प्रभावित इलाकों का दौरा करने के बाद जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने मुख्यमंत्री राहत कोष से अनुग्रह राशि की घोषणा की है। प्रत्येक मृतक के लिए दो लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों के लिए एक लाख रुपए, मामूली रूप से घायलों के लिए 50,000 रुपए, पूरी तरह से क्षतिग्रस्त संरचनाओं के लिए एक लाख रुपए, गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त संरचनाओं के लिए 50,000 रुपए और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त संरचनाओं के लिए 25,000 रुपए का ऐलान किया।

तीसरे दिन बचाव और राहता अभियान जारी



### उपराज्यपाल ने समीक्षा की

*उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने किश्तवाड़ के चाशोती क्षेत्र में बाढ़ राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रभावित लोगों के लिए तत्काल राहत और आवश्यक आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, बाढ़ में क्षतिग्रस्त घरों के पुनर्निर्माण का आश्वासन भी दिया है। जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लूने किश्तवाड़ के बादल फटने से प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और बताया कि, बड़ी संख्या में एम्बुलेंस तैनात की गई हैं। सीआईएसएफ, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस को बचाव कार्य में लगाया गया है। प्रभावित लोगों को मकान बनाने के लिए जमीन दी जाएगी और सरकार उनकी हरसंभव मदद करेगी। प्रशासन राहत और पुनर्वास कार्यों को पूरी तत्परता से अंजाम दे रहा है।*

### यह एक असाधारण प्राकृतिक आपदाः जितेंद्र सिंह

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने किश्तवाड़ के चशोती इलाके में बादल फटने की घटना पर कहा कि यह एक असाधारण प्राकृतिक आपदा थी। सबसे पहले, स्थानीय लोगों द्वारा जिस तरह से राहत अभियान चलाया गया और प्रशासन को तुरंत सूचित किया, उसके लिए वे प्रशंसा के पात्र हैं। अर्धसैनिक बल, सेना, वायुसेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस, स्थानीय प्रशासन और बीआरओ सबने मिलकर जिस तरह की सेवाएं और बचाव अभियान किया, वह अपने आप में अनुकरणीय हैं। पीएम मोदी खुद घटना का जायजा ले रहे हैं।

---

## खबर संक्षेप

### आज भारत पहुंचेंगे अंतरिक्ष यात्री शुभांशु



**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष में कदम रखने वाले भारत के दूसरे और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला रविवार को भारत आ जाएंगे। वे अमेरिका से भारत के लिए रवाना हो गए हैं। शुभांशु शुक्ला ने विमान में बैठने के बाद इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की और अपने अंतरिक्ष सहयात्रियों को याद किया। भारत पहुंचने पर वे पीएम मोदी से मिलेंगे। इसके बाद वह लखनऊ जाएंगे। इसके बाद 22-23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में भाग लेने के लिए दिल्ली आएंगे।

### चीनी विदेश मंत्री वांग यी कल भारत आएंगे



**नई दिल्ली।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी सोमवार से 2 दिवसीय भारत दौरे पर आ रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान वे भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ सीमा मुद्दे पर अगले दौर की बातचीत करेंगे। इस दौरान वांग यी 24वें 'स्पेशल रिप्रेज़ेंटेटिव्समीटिंग' में शामिल होंगे। ये वार्ता भारत-चीन सीमा विवाद को सुलझाने के लिए दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों के बीच होती है। जिसका मकसद 3488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जारी विवाद का हल तलाशना है।

---

## हिमाचल में लगातार बारिश और बाढ़

# भूस्खलन से दो एनएच सहित 376 सड़कें बंद



एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश के कई भागों में लगातार जारी बारिश से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। भूस्खलन, बाढ़ से राज्य में शनिवार सुबह 10:00 बजे तक दो नेशनल हाईवे सहित 376 सड़कें बंद रहीं। राज्य में 524 बिजली ट्रांसफार्मर व 145 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। इससे कई इलाकों में विद्युत व पेयजल आपूर्ति ठप है।

मंडी जिले में सबसे अधिक 203 सड़कें, 458 बिजली ट्रांसफार्मर व 44 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हैं। शिमला में भी फिलहाल मौसम खराब बना हुआ है। शहर के विकासनगर में टीसीपी कार्यालय के पास भूस्खलन से सुबह यातायात ठप रहा। यहां गाड़ियां भी मलबे की चपेट में आईं।

### चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे बंद

*चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे यातायात के लिए फिर से बंद हो गया है। मंडी से पनारसा तक अनेकों स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं होने से हाईवे बंद हो गया है। नौ मील, जागर नाला, पंडोह डैम के पास कैंची मोड़, दयोड़, जोगणी माता मंदिर, दवाड़ा फ्लाईओवर, झलोगी और शनि मंदिर क्षेत्र में भूस्खलन हुआ है। कुछ स्थानों पर नालों का पानी व मलबा हाईवे पर बह रहा है। हाईवे बंद होने के कारण बड़ी संख्या में वाहन और लोग फंसे रहे। अभी बारिश का दौर लगातार जारी है जिसके चलते मलबा हटाने का कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। जैसे ही बारिश थमेगी तो उसके बाद ही मलबा हटाने का कार्य शुरू होगा। मंडी जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश का कहर देखने को मिल रहा है। हालांकि, बारिश रुक-रुक कर हो रही है लेकिन इससे हाईवे पर भूस्खलन की घटनाएं लगातार हो रही हैं।*

### सोलन के समीप फिर धंसा फोरलेन

पुलिस लाइन सोलन के समीप लगातार फोरलेन धंस रहा है। यहां पर बीते दिन हुई बारिश से फिर से दरारें आ गई हैं। यह दरारें काफी बड़ी हो चुकी हैं। इससे पहले भी यहां पर हल्की दरारें आई थीं और एक लेन काफी पहले से बंद कर दी गई है। बावजूद इसके यहां पर अब पूरी तरह से इस सड़क के गिरने का खतरा मंडरा गया है। यहां पर पहले ही फोरलेन निर्माण पर सवाल खड़े हो रहे थे। निर्माण कंपनी ने कच्ची मिट्टी पर फोरलेन तैयार कर दिया था जो बनने के बाद ही धंसना शुरू हो गया था।

---

## अमेरिका में 'स्पेस नीडल' पर पहली बार फहराया तिरंगा



*नई दिल्ली। भारतीय स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ पर अमेरिका के वॉशिंगटन स्थित सिएटल शहर में एक ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला जब पहली बार प्रतिष्ठित 'स्पेस नीडल' पर भारतीय तिरंगा फहराया गया। यह ऐतिहासिक इमारत जिसे 1962 में वर्ल्ड फेयर के लिए बनाया गया था, अब भारतीय गौरव का प्रतीक बन गई।*

---

**बैंकॉक से दिल्ली आई थी फ्लाइट**

# रनवे से टकराया इंडिगो का पिछला हिस्सा, अब डीजीसीए करेगा जांच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) मुंबई हवाई अड्डे पर हुई उस घटना की जांच करेगा, जिसमें इंडिगो का एयरबस ए321 विमान खराब मौसम के दौरान लैंडिंग करते समय एक लो-एल्टिट्यूड गो-अराउंड के दौरान रनवे से टकरा गया।

इस घटना पर नजर रखने वाले अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम इस घटना की जांच करेंगे। इसके लिए औपचारिक आदेश जारी किया जाएगा।



अधिकारियों के मुताबिक, यह उड़ान 6ई 1060 थी, जो कि बैंकॉक से मुंबई आ रही थी और ए321 नियो विमान द्वारा संचालित थी। शनिवार तड़के सुबह 3:06 बजे रनवे 27 पर लैंडिंग करते समय विमान की टेल रनवे से टकरा गई। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि यह घटना खराब मौसम की वजह से हुई।

---

## ताजा सैटेलाइट तस्वीरों ने उगला राज, भारत की मार ने उबर नहीं पाया पाक

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस पर दागी थी ब्रह्मोस मिसाइलें

# रहीम यार खान एयरपोर्ट तीन महीने से बंद मरम्मत के लिए फिर से किया नोटम जारी

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

भारत ने मई महीने में चार दिनों के संघर्ष के दौरान पाकिस्तान के 11 एयरबेस पर ब्रह्नोस मिसाइलों से हमले किए थे। इन एयरबेस में रावलपिंडी स्थित नूर खान एयरबेस के साथ साथ रहीम यार खान एयरबेस भी था। भारतीय वायुसेना ने ब्रह्मोस मिसाइल के सटीक हमले में इस एयरबेस के रनवे को तबाह कर दिया था। ये हमला कितना ज्यादा भयानक था कि तीन महीने बाद भी पाकिस्तान इस एयरबेस की मरम्मत नहीं कर पाया है। पाकिस्तान ने इस एयरबेस का मरम्मत करने के लिए फिर से नोटम जारी किया है। नई सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि रहीम यार खान एयरबेस पर रनवे डिनायल स्ट्राइक के तीन महीने बाद भी सही नहीं हो पाया है।



### भारत की सीमा से करीब 120 किमी दूर

बता दें, रहीम यार खान एयरबेस, जिसे शेख जायेद इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी कहा जाता है, वो पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के दक्षिणी इलाके में मौजूद स्ट्रैटजिक एयरबेस है। ये सिविल और मिलिट्री एयरबेस दोनों है। एयरबेस, रहीम यार खान जिले से करीब 5-7 किलोमीटर दूर है। रहीम यार खान एयरबेस का लोकेशन भारत की सीमा से 100-120 किलोमीटर और अरब सागर, दोनों के नजदीक है। इसकी वजह से पाकिस्तान एयरफोर्स के लिए ये एयरबेस लॉजिस्टिक सप्लाई चेन बनाए रखने और फॉरवॉर्ड ऑपरेशंस के लिए काफी महत्वपूर्ण हो जाता है।

**रनवे पर नया रिपेयर पैच बिछाया गया**

*मई 2025 में भारतीय वायुसेना ने इस एयरबेस को टारगेट करते हुए रनवे पर प्रिसिजन म्यूनिशन्स का इस्तेमाल किया था। ताजा सैटेलाइट तस्वीरों से साफ पता चल रहा है कि रनवे पर नया रिपेयर पैच बिछाया गया है, एयरबेस अभी भी ऑपरेशनल नहीं हो पा है। जिससे अभी भी इस एयरबेस पर विमानों का उतरना शुरू नहीं हो पाया है।*





## उप-मुख्यमंत्री देवड़ा ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

# आन-बान-शान से लहराया तिरंगा

*स्वतंत्रता दिवस जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।मुख्य समारोह जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया। इस भव्य एवं गरिमामय समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली।*

हरिभूमि जबलपुर।

ध्वजारोहण के उपरांत मुख्य अतिथि श्री देवड़ा ने खुली सफेद जिप्सी में कलेक्टर दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के साथ परेड का निरीक्षण किया। समारोह में सशस्त्र बलों द्वारा हर्ष फायर किये गये और पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। देश के 79 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में सुरक्षा बलों द्वारा आकर्षक और शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। परेड कमांडर उप पुलिस अधीक्षक हेमंत कुमार एवं परेड टूआईसी सूबेदार योगेश चौकसे के नेतृत्व में छठवीं वाहिनी बैंड प्लाटून द्वारा देश भक्ति गीतों की मधुर धुनों पर प्रस्तुत इस मार्च पास्ट में विशेष सशस्त्र बल की छटवीं बटालियन, जिला पुलिस बल पुरूष, जिला पुलिस बल महिला, होमगार्ड, एनसीसी नेवल, एनसीसी गर्ल्स सीनियर डिवीजन, एनसीसी गर्ल्स जूनियर डीविजन, एनसीसी बॉयस सीनियर डिवीजन, एनसीसी बॉयस जूनियर डिवीजन, शौर्य दल, स्काउट एवं गाईड की प्लाटून शामिल थीं।

### अंगदान, देहदान करने वालों का सम्मान

स्वतंत्रता दिवस के जिले के इस मुख्य समारोह में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों एवं लोकतंत्र सेनानियों का शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। उन्होंने अंगदान और देहदान करने वाले व्यक्तियों के परिजनों से भी भेंट की और उनका भी शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों एवं लोकतंत्र सेनानियों की कुशल क्षेम जानी।

### स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

स्वतंत्रता दिवस के समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत संस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां दीं गईं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में जहां सत्य प्रकाश पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती की वीरता और बलिदान सम्मान में प्रस्तुत सामूहिक नृत्य ने सभी के हृदय में देशभक्ति की अलख जगा दी। तो वहीं सेंट थॉमस स्कूल सदर के बच्चों द्वारा दी गई "महुआ झर रे महुआ झरे" गीत पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुति ने समारोह स्थल पर न केवल आदिवासी परम्परा और जीवन शैली को बिखेरा बल्कि स्वतंत्रता के संग्राम में आदिवासी समाज की भूमिका से भी सभी को परिचित कराया। समारोह में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं द्वारा हरियाणवी लोककला पर आधारित लोक नृत्य की अप्रतिम प्रस्तुति पर समारोह स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समारोह में बिलाबॉग इंटरनेशनल स्कूल तिलवारा के विद्यार्थियों ने बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित राष्ट्रगीत वंदे मातरम पर सामूहिक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। स्मॉल वंडर स्कूल बलदेवबाग की छात्र छात्राओं द्वारा खूबसूरत सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति ने सभी को अंतरिक्ष यात्रा का एहसास कराया।

### पुरस्कार वितरण

मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रस्तुत मार्च पास्ट के लिये सशस्त्र बलों की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार होमगार्ड की प्लाटून को, द्वितीय पुरस्कार स्पेशल आर्म्ड फोर्स की छठवीं बटालियन की प्लाटून को एवं तृतीय पुरस्कार जिला पुलिस बल पुरुष की प्लाटून को प्रदान किया। इसी प्रकार बिना शस्त्र बल श्रेणी में प्रथम पुरस्कार नेवल एनसीसी, द्वितीय पुरस्कार शौर्य दल एवं तृतीय पुरस्कार सीनियर विंग एनसीसी गर्ल्स की प्लाटून को प्रदान किया गया। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाली प्रत्येक शैक्षणिक संस्था को सम्मानित किया।

### पुरस्कार देने की घोषणा

समारोह के समापन पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से प्रभावित होकर इसमें हिस्सा लेने वाले विद्यालयों को अपनी ओर से 21-21 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने देश भक्ति गीतों पर मधुर धुनें प्रस्तुत करने के लिए विशेष सशस्त्र बल की छठवीं बटालियन के बैंड दल को भी अपनी ओर से 21 हजार रूपए की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की।

### उत्कृष्ट कार्य के लिये अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए तथा शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय उपलब्ध अर्जित करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### इनकी रही उपस्थिति

देश के 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित इस समारोह में राज्य सभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया, मध्यप्रदेश तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष रविकरण साहू, गैस अथोरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक अखिलेश जैन, रत्नेश सोनकर, संभागायुक्त धनंजय सिंह, पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा एवं उप पुलिस महानिरीक्षक अतुल सिंह उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण

जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर इस बार आयोजित किया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह कुछ अलग स्वरूप में दिखाई दिया। इस बार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रदेश की जनता के नाम सन्देश का भोपाल में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह से सीधा प्रसारण किया गया था। इसके लिये समारोह स्थल पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर पाँच बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई थी।

## मेधावी छात्रों व सेवाभावी डॉक्टरों का हुआ सम्मान

# एचएमएआई ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**जबलपुर।** 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस का आयोजन होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएमएआई) मध्य प्रदेश राज्य शाखा एवं अनुश्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर अनुश्री कॉलेज के डायरेक्टर अनिरुद्ध विश्नोई, एचएमएआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, डॉ. सुनील मिश्रा, अनुश्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विकास त्रिपाठी, महात्मा गांधी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. धर्मेश देवरिया सहित एचएमएआई मध्य प्रदेश की कार्यकारिणी के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वालों में राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ. आर.के. गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. एल.बी. मौर्य, डॉ. प्रवीण मल्होत्रा, जनरल सेक्रेटरी डॉ. अवधेश भट्ट, कोषाध्यक्ष डॉ. विजय सिंह यादव, सहित शहर के अनेक सम्माननीय होम्योपैथिक चिकित्सक शामिल हुए।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए आबकारी उपनिरीक्षक आर.एस. मरावी हुए सम्मानित



**हरिभूमि, जबलपुर।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आबकारी विभाग, जबलपुर में पदस्थ उपनिरीक्षक आर.एस. मरावी को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान मंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने यह भी आशा जताई कि सभी अधिकारी भविष्य में भी इसी तरह से कार्य करते हुए समाज को नई दिशा और दशा देने का कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, सहायक आबकारी आयुक्त संजीव दुबे सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। समारोह का माहौल गरिमामय और प्रेरणादायक रहा।



## ग्राम निवेश जिला कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण

**जबलपुर।** स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय जबलपुर में संयुक्त संचालक जयवर्धन राय द्वारा कार्यालय भवन में ध्वजारोहण किया गया जिसमें सहायक संचालक विपुल माहुले, राजेंद्र पटेल, राजेश दीवान तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तिरंगा रैलियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

हरिभूमि जबलपुर।

आजादी की 79वें स्वतंत्रा दिवस पर शहर में जगह-जगह ध्वजारोहण कर सांस्कृतिक आयोजन किये गये। स्वतंत्रता दिवस पर देश भक्तिपूर्ण गीत संगीत के आयोजन सुबह से शाम तक चलते रहे। हर तरफ आजादी की खुशियां बिखरी रही। जश्न-ए-आजादी के जोश में कोई कमी नहीं दिखाई दी। जगह जगह हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाली गई और ध्वजारोहण कर मिष्ठान्न वितरण किया गया।

### जेडीए

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जबलपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय में सीईओ दीपक कुमार वैद्य ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### जबलपुर रेल मंडल में ध्वजारोहण

जबलपुर रेल मंडल के उमंग समुदायिक भवन सहित जगह जगह शान से फहराया गया तिरंगा झंडा लहराया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर ध्वज को सलामी दी तथा रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा प्रस्तुत आकर्षक परेड को सलामी दी। इस अवसर पर नहने मुन्ने बच्चों द्वारा एवं स्काउट्स एवं गाइड्स की टुकड़ी, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, के साथ ही वरिष्ठ मंडल अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यक प्रबंधक मधुर वर्मा, सीनियर डीसएम मुन्नवर खान, श्रीराम बदन मिश्रा, रजनीकांत साहू, शशांक गुप्ता, अमित सहानी, स्वपनिल पाटिल, सभी शाखा अधिकारी एवं अन्य रेल अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



### शक्ति भवन में ध्वजारोहण

मध्यप्रदेश विद्युत कंपनियों के मुख्यालय शक्तिभवन में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर परेड की सलामी ली। अविनाश लवानिया ने इस अवसर अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य शासन द्वारा ऊर्जा क्षेत्र की लोकहित योजनाओं से प्रदेश के 85 प्रतिशत से अधिक घरेलू बिजली उपभोक्ता और लगभग 26 लाख कृषि पम्प उपभोक्ता लाभान्वति हो रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व क्षेत्र कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी, पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी, पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्मिक, सेवानिवृत्त कर्मी, महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे।

### महाधिवक्ता कार्यालय में ध्वजारोहण

देश की आजादी का उत्सव महाधिवक्ता कार्यालय में भी उत्साह पूर्वक मनाया गया। यहां स्वतंत्रता दिवस पर महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह सहित सभी अतिरिक्त महाधिवक्ता, उप महाधिवक्ता सभी विधि अधिकारी तथा महाधिवक्ता कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर पुलिस बैंड द्वारा देशभक्ति गीतों की मधुर धुने प्रस्तुत की गई।

### कलेक्टर कार्यालय

कलेक्टर कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक सक्सेना ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर मिशा सिंह एवं नाथूराम गौड तथा कलेक्ट्रेट स्थित सभी शासकीय कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। श्री सक्सेना ने इस अवसर पर सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

### भाजपा कार्यालय में ध्वजारोहण

भभाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। भाजपा कार्यालय में नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात राष्ट्रगान एवं भारत माता की आरती की गई। इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, शरद अग्रवाल, पंकज दुबे, योगेश बिलोहा, श्रीकांत साहू, रविकांत साहू, पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर शान से लहराया तिरंगा, नगर का मुख्य समारोह हुआ स्टेडियम में

# बड़ों से लेकर बच्चों तक ने धूमधाम से मनाया आजादी का जश्न

हरिभूमि सिहोरा।

स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को जगह जगह ध्वजारोहण किया गया।आजादी का जश्न मनाने के लिए बच्चों का उत्साह भी देखते ही बन रहा था वे तिरंगा साथ में लेकर ही स्कूल पहुंचे। सिहोरा खितौला के साथ सभी ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय आशासकीय स्कूल भवनों के साथ नगर पालिका में अध्यक्ष श्रीमती संध्या दिलीप दुबे,जनपद पंचायत में अध्यक्ष श्रीमती रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री,अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में एसडीएम पुष्पेन्द्र अहके,लीड सेवा सहकारी समिति में प्रबंधक गौरव शुक्ला,उपपंजीयक कार्यालय में आर बी सिंह,वनपरिक्षेत्र कार्यालय में एसडीओ एम एल बरकडे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रमखिरिया में प्रभारी प्राचार्य संदीप तिवारी, शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजा मोर ने अध्यक्षता प्राचार्य डॉ मनोज श्रीवास्तव ने की शासकीय कन्या शाला में प्राचार्य बी एस परस्ते,सांदीपनि विद्यालय में प्राचार्य अशोक उपाध्याय ने मुख्य अतिथि डॉ अरुणा पांडे थी, आबकारी कार्यालय में आबकारी उपनिक्षक श्वेता सिंह तिवारी,कृषि कार्यालय में एसडीओ मनीषा पटेल ने ध्वजारोहण किया।



## सांदीपनि विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

**मझौली।** आजादी का अमृत महोत्सव स्वतंत्रता प्राप्ति की 79 वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सांदीपनि विद्यालय मझौली के नवनिर्मित भवन में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पाटन विधायक माननीय अजय विश्नोई की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में अजय विश्नोई द्वारा ध्वजारोहण किया गया, स्काउट गाइड बैंड के साथ राष्ट्रीय गान हुआ तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई जिसकी विधायक जी द्वारा प्रशंसा की गई साथ ही कार्यक्रम में सम्मिलित छात्रों को ₹1000 प्रति छात्र के मान से राशि प्रदान करने की घोषणा भी की गई।

## नगर में धूमधाम से मनाई गई स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ



**बरेला।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में नगर में जगह-जगह ध्वजारोहण किया गया एवं रैली निकाली गई। इस अवसर पर नगर के समस्त शासकीय और अशासकीय स्कूलों द्वारा स्कूलों में जहां एक और रैली निकाली गई तो वहीं दूसरी ओर ध्वजारोहण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी प्रकार नगर परिषद कार्यालय में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, थाना परिषर में थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा एवं बाजार स्थित प्रांगण में व्यापारी संघ अध्यक्ष आशीष जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया इसी प्रकार स्थित राजीव चौक में जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव अरविंद तिवारी द्वारा ध्वजारोहण किया।

## स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों को मिले पुरस्कार

पाटन। नगर में 79 वा स्वतंत्रता दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। नगर के तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह ,वरिष्ठ समाजसेवी राकेश सिंह ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य उदयभान सिंह,नगर परिषद उपाध्यक्ष देवकुमार यादव,पार्षद दीपक जैन,प्रदीप पटेल,प्रशांत जैन, पंडित विवेक बबेले ने पूजन पाठ कर ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की बच्चियों ने बैंड ग्रुप के द्वारा तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें निरंतर तन मन धन पूर्वक देश सेवा में लगे रहने का संकल्प दिलाकर देश के प्रति हमारे कर्तव्यों की बात की। प्राचार्य चरण सिंह ने अपने उद्बोधन के माध्यम से आजादी कैसे मिली और अब हमारा क्या दायित्व है प्रकाश डाला साथ उपस्थित अतिथियों का आभार माना युवाओं की ओर से विवेक बबेले ने जोश पूर्ण वक्तव्य के साथ अपना पक्ष रखा।

# एपीएन ग्रुप एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में हर्ष व उल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**जबलपुर।** एपीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराया तत्पश्चात महात्मा गांधी एवं नेताजी के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज के दिन सन 1947 को हम अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हुए थे। आजादी हमें हमारे देश में रहने वाले सभी धर्म, जाति के नागरिकों के प्राणों की आहुति एवं सामूहिक प्रयास से प्राप्त हुई है, इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि हम अपने देश की एकता अखंडता को बनाये रखें। किसी के साथ उसके धर्म और जाति के कारण भेदभाव न रखें। इससे हमारा देश विकास की ओर अग्रसर होगा। आपसी भाईचारा ही हमारे देश की पहचान है। इस अवसर पर संस्था के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ठा. शैलेन्द्र सिंह, अजीत श्रीवास्तव, प्रबंधक तुलसी दास द्रविड़, धवल श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, ज्ञानचंद गोलछा, प्रियंका श्रीवास्तव, पीयूष सिंह, पार्षद अमरचंद बावरिया, महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, प्राचार्य डॉ. सोनल खरे, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा, सीबीएसई प्राचार्य मुकेश चौरसिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिम्पी सिंह, पायल श्रीवास्तव ने किया व आभार प्रदर्शन स्टेट बोर्ड उप प्राचार्य मनु श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. दिव्या पाराशर, सिद्दिका उस्मानी, नीति तंगाडुरई, रितेश श्रीवास्तव, कीर्ति शर्मा, अर्पणा आयटेकर, आकृति मसीह, पुष्पांजलि पाठक, भारती प्रसाद, भुवनेश्वरी सिंह, ममता दीक्षित, दिलीप कोरी, अभिनव लोधी सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।



## स्वतंत्रता दिवस पर अधिवक्ताओं ने किया जिला न्यायालय के समक्ष हुआ ध्वजारोहण

**जबलपुर।** देश की आजादी की 79वीं वर्षगांठ स्वतंत्रता दिवस पर एकता टी स्टॉल जिला न्यायालय के समक्ष ध्वजारोहण किया गया। झंडा अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का गायन हुआ तत्पश्चात मिष्ठान वितरण कर आजादी का महापर्व मनाया गया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आज का दिन हमें हमारी आजादी की कीमत और हमारे संविधान की महत्ता का स्मरण कराता है। हमें अपनी आजादी की रक्षा करने और संविधान का सम्मान करने का वादा करना चाहिए। इस दौरान सभी ने देश की एकता अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, मनोज तिवारी, मनोज शिवहरे, रविन्द्र दत्त, प्रशांत नायक, दुर्गेश मनाना, शैलेन्द्र यादव, शफी खान सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण, पुलिसकर्मी एवं व्यापारी बंधु उपस्थित थे।



## विधायक अशोक रोहाणी ने स्वतंत्रता दिवस पर पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

**जबलपुर।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर केन्ट विधायक अशोक रोहाणी ने पूर्व लेफ्टीनेंट जर्नल एमके दास, रामसिंह गोस्वामी, कैप्टन शर्मा एवं लगभग 200 अन्य पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। इस मौके पर पार्षद कृष्णा चौधरी, मन्तो पहलवान समिति अध्यक्ष एवं गौतम गिल, आशीष चौधरी, संतोष रजक, नकुल गुप्ता, विनोद जायसवाल, राजू पटेल, शशि जसेले, विवेक जसेले, कुलदीप सिंह गिल सहित अन्य मौजूद रहे। इस मौके पर बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम में भाग लेकर सराहनीय प्रदर्शन किया गया। एमके दास, पार्षद कृष्णादास ने सभी बच्चों का मनोबल बढ़ाया तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ भव्य आयोजन



**जबलपुर।** यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल में 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के उल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकालीन बेला में संस्था संचालक डॉ. विजयकांत तिवारी एवं प्राचार्य सोनल तिवारी द्वारा ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया गया। जैसे ही तिरंगा लहराया, राष्ट्रगान की मधुर ध्वनि और "भारत माता की जय" के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर विद्यालय के स्काउट्स एवं गाइड्स दल ने जिला स्तरीय परेड में भागीदारी कर विद्यालय और जबलपुर का नाम रोशन किया। उनका अनुशासित मार्च पास्ट और देशभक्ति के नारों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह की शोभा को और बढ़ा दिया। संस्था संचालक डॉ. विजयकांत तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि "स्वतंत्रता दिवस हमें उन शहीदों की याद दिलाता है जिनके बलिदान से हम स्वतंत्र भारत का सपना देख पा रहे हैं।

## *देश की स्वतंत्रता के साथ आत्मिक जागृति की मुक्ति का पावन पर्व*



**जबलपुर।** सम्पूर्ण भारत वर्ष ने जहां 79वां गौरवशाली वर्ष का उत्सव मनाया, वहीं संत निरंकारी मिशन ने मुक्ति पर्व को आत्मिक स्वतंत्रता के रूप में श्रद्धा और समर्पण से भव्यतापूर्वक आयोजित किया। यह पर्व केवल एक स्मृति नहीं, बल्कि आत्मिक चेतना के जागरण और जीवन के परम उद्देश्य का प्रतीक है। मुक्ति पर्व समागम का आयोजन निरंकारी राजपिता की अध्यक्षता में दिल्ली स्थित ग्राउंड नं-08 में बुरारी रोड पर किया गया, जिसमे दिल्ली और एन.सी.आर. के क्षेत्रों से हजारो श्रद्धालुओं और भक्तों ने सम्मिलित होकर सद्गुरु के आदेशानुसार उन महान विभूतियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जिन्होंने मुक्ति मार्ग को प्रशस्त करने हेतु अपना सम्पूर्ण जीवन ही मानवता की सेवा में अर्पित कर दिया।

## रिठौरी में गैंगवार, एक की मौत दूसरा गंभीर

**जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत ग्राम रिठौरी में 15 अगस्त की देर रात कूख्यात बदमाशों के बीच हुई गैंगवार के दौरान एक युवक की मौत हो गई जबकी दूसरा बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल को इलाज के लिये मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया. घटना के संबंध में खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 अगस्त की रात 8 बजे रूपेन्द्र साहू छोटू चौधरी साहिल रावत गुरु प्रीत सिंह उर्फ गुप्पी डिजायर कार क्रमांक एमपी 20 जेडएच 6023 से एलपीआर जा रहे थे, कार को रूपेन्द्र चला रहा था. रास्ते में रिठौरी में नहर के पार दूसरी गैंग के लक्ष्मण बंजारा, देवा रजक, विशाल पटैल, गोपाल बंजारा ने कार में हमला कर दिया. कार रोड से उतर कर कीचड़ में फंस गई, कार से उतरकर लोग भागने लगे तभी रूपेन्द्र को देवा ने पेट में चाकू मारा, फिर लक्ष्मण ने तलवार से रूपेन्द के सिर में अज्जू ने आकर रूपेन्द्र के गले में कुल्हाड़ी से मारा, विशाल पटेल एवं गोपाल बंजारा रूपेन्द्र के साथ डंडे से मारपीट करते रहे जिससे रूपेन्द्र की मृत्यु हो गयी. घटना के बाद सभी आरोपी भाग गये। देवा एक कमरे में जाकर दरवाजा बंद करने ही वाला था हम लोगों ने दरवाजे में धक्का दिया जैसे ही नितेश दरवाजे के अंदर गया देखा किसी धारदार चीज से मारने की नियत से नितेश के सिर में हमला किया नितेश ने हाथ से रोका जिससे दाहिनी हथेली में चोट आ गयी। सभी लोगों ने देवा को पकड़ लिया था। मारपीट में देवा गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे इलाज के लिये भर्ती कराया गया है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 103(1), 109(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।




**श्रीमती सत्यवती सिंह-** न्यू कंचनपुर शारदा कॉलोनी अधारताल निवासी श्री कढ़ोरी सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सत्यवती सिंह (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश कुमार रामरानी-** बदनपुर शक्तिनगर निवासी श्री रमेश कुमार रामरानी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती ममता रजक-** श्रद्धा कॉलोनी ललपुर रोड निवासी श्री मदनलाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती ममता रजक (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा बाई रैकवार-** पंजाबी बाड़ा खेरमाई वार्ड निवासी श्री मटरू लाल रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई रैकवार (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती द्रोपती कोरी-** मदनमहल शारदा चौक निवासी श्री किशन कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती द्रोपती कोरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रिचा कश्यप-** फूटाताल ढ़ीमर मोहल्ला निवासी श्री अतुल कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती रिचा कश्यप (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनीष स्वामी-** गोरा बाजार निवासी श्री मनीष स्वामी (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश सिंह लोधी-** भरतीपुर निवासी श्री सुरेश सिंह लोधी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रतिभा शेवड़े-** आस्था परिसर अमखेरा रोड निवासी श्री पीएल शेवड़े की धर्मपत्नी श्रीमती प्रतिभा शेवड़े (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश गुप्ता-** गढ़ाफाटक निवासी श्री सुरेश गुप्ता (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती माया चौधरी-** पुष्पक नगर अधारताल निवासी श्री जीपी चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती माया चौधरी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शोभा ठाकुर-** बधैया मोहल्ला दमोहनाका निवासी श्री बांके बिहारी ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा ठाकुर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री हर्ष जायसवाल-** राइट टाउन प्रेम मंदिर के पास निवासी श्री प्रभात जायसवाल के पुत्र श्री हर्ष जायसवाल (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद चौधरी-** बड़ी मदार टेकरी झंडा चौक निवासी श्री जगन्नाथ चौधरी के पुत्र श्री विनोद चौधरी (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लक्ष्मीचंद शाह-** रूपम टावर राइट टाउन निवासी श्री लक्ष्मीचंद शाह (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शैलेंद्र नामदेव-** मदर टेरेसा नगर कटंगी रोड निवासी श्री सुनील नामदेव के पुत्र श्री शैलेंद्र नामदेव (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री केवल मल्होत्रा-** प्रेमनगर फ्री चर्च के पास मदनमहल निवासी श्री केवल मल्होत्रा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लाल सिंह-** खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री लाल सिंह (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला चौधरी-** बादशाह हलवाई मंदिर के सामने पोलीपाथर निवासी श्री श्याम लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला चौधरी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्याम कुमारी दुबे-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री सोमनाथ दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती श्याम कुमारी दुबे (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री परम लाल साहू-** पोलीपाथर निवासी श्री परम लाल साहू (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुभद्रा बाई कश्यप-** फूटाताल दुर्गा चौक निवासी श्री विजय कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती सुभ्रदा बाई कश्यप (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अनिल कलसा-** सेठी नगर एफसीआई गोदाम के पीछे निवासी श्री अनिल कलसा (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश राजपूत-** हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री घनश्याम राजपूत के पुत्र श्री राजेश राजपूत का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शकुंतला बाई गौंड़-** ग्राम अम्हेटा कैमोर निवासी श्री सुंदर सिंह गौंड़ की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला बाई गौंड़ (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश जाट-** पूर्वी बेलबाग कंजड़ मोहल्ला निवासी श्री ओम प्रकाश जाट (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शिल्पी ठाकुर-** गौर तिराहा समाधि रोड निवासी श्री राजीव ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती शिल्पी ठाकुर (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री देवी लाल चौधरी-** चंडाल भाटा चेरीताल निवासी श्री देवी लाल चौधरी (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री नीलमणी दत्ता-** मानेगांव चंपानगर रांझी निवासी श्री नीलमणी दत्ता (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम झा-** बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री श्याम झा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.
सिंगल साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज 10x8 से मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

## *मानव अधिकार अपराध नियंत्रण संगठन ने मनाया स्वतंत्रता दिवस*

**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन एवं ब्रह्म कुमारी आश्रम द्वारा नशा मुक्ति, स्वच्छ जबलपुर, स्वदेशी वस्तुओं का क्रय पर जोर, जबलपुर पर्यटन को बढ़ाने के संकल्प के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को ब्रह्मकुमारी आश्रम मदन महल में शहर के मुख्य इनफुलेंजर का सम्मान किया गया। जिसमें पेज मेरा जबलपुर, हमारा जबलपुर, जेबीपी पेज, अपना प्यारा जबलपुर, जबलपुर पब्लिक, मिस्टर फ्रौज, विचित्र जबलपुर, जबलपुर वाले, जबलपुर रिलाइडेड, ए टू जेड जबलपुर, जबलपुर ब्लॉगर, जबलपुर नजारे, घूमते जबलपुर, जबलपुरिया पेज के संचालक का स्वागत किया गया और हम सबने मिलकर इसे उत्साह और प्यार से मनाया और हम मिलकर राष्ट्रहित में नशा मुक्ति, शहर पर्यटन और स्वदेशी वस्तुओं से शहर विकास की नई नींव पर जोर दिया, इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. आनंद बहरानी, डॉ. अशोक मेथवानी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. श्रीकान्त साहू, एड. रोशन मध्यानी, बिनिता मैदान, आमोद गुप्ता शामिल हुए।

**CHANGE OF NAME**
I, WAS KNOWN AS **MANDEEP SINGH HARCHARAN SINGH SANDHU** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **MANDEEP SINGH SANDHU** S/O **SANDHU HARCHARANSINGH SOHANSINGH** RESIDENT OF -H.NO. 113, (NEW NO. 1911,), PREM NAGAR, MADAN MAHAL, NAGPUR ROAD, GULATI PETROL PUMP KE SAMNE, JABALPUR (M.P.)

**CHANGE OF NAME**
I, **SIYAWATI** is legally Mother of No **14439195W** Rank **EX- HAV** Name **SHESHRAJ SINGH** presently, residing at **VILL- DEOMAU DALDAL, PO- DEOMAU DALDAL, DISTT-SATNA (MP)-485111** I, have changed of my name from **SYAM WATI** (Name as per my **SON,** Army service records)) to **SIYAWATI** (name as per my **AADHAR CARD NO. 2731 1605 9172**) vide affidavit dated **15/08/2025** formerly before Public Notary JABALPUR MP.
**CORRECT NAME-SIYAWATI**
**INCORRECT NAME-SYAM WATI**

**CHANGE OF NAME**
I, **DHESIKA DEVI M** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **15733578f** Rank **L/NK** Name **MUNIPRAKASH J** presently, residing at **VILL- RAJAPALAYAM, PO- RAJAPALAYAM, TEH- RAJAPALAYAM, DISTT- VIRUDHUNAGAR (TAMIL NADU)- 626117** I, have changed of my name from **DHESIKA DEVI M** (Name as per my **HUSBAND**, Army service records)) to **DHESIKA DEVI S** (name as per my **AADHAR CARD AND EDUCATIONAL DOCUMENTS)** vide affidavit dated **14/08/2025** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
**CORRECT NAME-DHESIKA DEVI S**
**INCORRECT NAME-DHESIKA DEVI M**

**नाम सुधार सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरे पासपोर्ट में मेरे नाम की स्पैलिंग MUSHTAQUE AHMED S/o MAQSOOD AHMED (मुश्ताक अहमद पिता मकसूद अहमद) लिखी है जो बदल कर अब मेरे नाम की स्पैलिंग MUSHTAQ AHMAD S/O MAQSOOD AHMAD हो गई है। मेरे दीगर दस्तावेजों में MUSHTAQ AHMAD S/o MAQSOOD AHMAD ही दर्ज है अतः भविष्य में मुझे मेरे नाम की सही स्पैलिंग MUSHTAQ AHMAD S/O MAQSOOD AHMAD से जाना पहचाना जाये।
दिनांक: 14/08/2025
(मुश्ताक अहमद) पिता मकसूद अहमद,
खसरा नं. 190/13, गली नं. 4, मक्का नगर, संजय गांधी वार्ड 41, अधारताल, जबलपुर (म.प्र.)

**CHANGE OF NAME**
I, **VISHESHAR SINGH** is legally Father of No **14439195W** Rank **EX-HAV** Name **SHESHRAJ SINGH** presently, residing at **VILL-DEOMAU DALDAL, PO-DEOMAU DALDAL, DISTT-SATNA (MP)-485111** I, have changed of my name from **BISHESHAR SINGH** (Name as per my **SON,** Army service records) to **VISHESHAR SINGH** (name as per my **AADHAR CARD NO. 6380 7705 4674**) vide affidavit dated **15/08/2025** formerly before Public Notary JABALPUR MP.
**CORRECT NAME**
**VISHESHAR SINGH**
**INCORRECT NAME**
**BISHESHAR SINGH**

**Presiding Officer: अंकिता त्रिपाठी**
**(RCSA/0000693/2025)**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत)
श्रीमति मीरा बाई....वादी Vs मध्यप्रदेश शासन....प्रतिवादी
Process Id-/2025 पेशी दिनांक:-03/09/2025
प्रेषिती-(1) आम जनता पता-जबलपुर म.प्र.
यह कि प्रार्थी श्रीमती मीरा बाई ने आपके विरूद्ध सिविल सूट। दावा वास्ते घोषणा हेतु मूल्यांकन 1500 रुपये। के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 07 August 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
मुद्रा न्यायाधीश (श्रीमती अकिता त्रिपाठी)
तैंतीसवें सिविल न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)
कृपया ध्यान दे:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

- एसआईपी के अलावा भी कुछ विकल्प दे सकते हैं बढ़िया मुनाफा
- मोटा पैसा कमाने के लिए आपको रणनीति बनाकर आगे बढ़ना होगा
- रिटायरमेंट, बच्चों की शिक्षा या घर के लिए एसआईपी पर्याप्त नहीं

# करोड़पति बनना है तो आप जान लें निवेश के कुछ 'ब्लॉकबस्टर' टिप्स

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

आजकल ज्यादातर लोग, स्पेशली युवा, अपनी फाइनेंशियल प्लानिंग को पूरा करने के लिए सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) को अपना रहे हैं। एसआईपी शुरू करना फाइनेंशियल अनुशासन की दिशा में एक शानदार पहला कदम है, लेकिन, क्या केवल एसआईपी शुरू कर देना ही आने वाले कल के लिए काफी है? असल में लंबी अवधि के टारगेट जैसे रिटायरमेंट, बच्चों की शिक्षा या घर खरीदने के लिए, केवल एसआईपी करना पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक संपूर्ण और मजबूत प्लानिंग की आवश्यकता होती है। तो फिर आइए इस रिपोर्ट के जरिये जानते हैं निवेश के कुछ ब्लॉक बस्टर कदम जो आपको करोड़पति बनने में अहम भूमिका निभा सकते हैं और आपको कम समय में ही अच्छा मुनाफा दिलवाने में सक्षम हैं।




## फाइनेंशियल टारगेट को परिभाषित करें

एसआईपी तो बस एक निवेश का एक जरिया है, लेकिन टारगेट क्या है? सबसे पहले, आपको अपने सभी दीर्घकालिक लक्ष्यों को साफ रूप से परिभाषित करना चाहिए और एक गोल बनाकर आगे बढ़ना होगा।

- **लक्ष्यों को पहचानें :** क्या आपका टारगेट 10 साल में बच्चों की हाई एजूकेशन है, 20 साल में रिटायरमेंट है, या 5 साल में घर के लिए डाउन पेमेंट है?
- **लागत का अनुमान लगाएं :** हर टारगेट के लिए जरूरी राशि का अनुमान लगाएं. इसमें फ्यूचर की महंगाई को भी शामिल करें. उदाहरण के लिए, अगर आज बच्चों की इंजीनियरिंग की पढ़ाई पर 20 लाख रुपये खर्च होते हैं, तो 15 साल बाद महंगाई के साथ यह राशि कहीं अधिक होगी।
- **क्यों जरूरी :** जब आपको पता होगा कि आपको कब और कितने पैसे की जरूरत हो सकती है, तभी आप सही निवेश रणनीति बना पाएंगे।

## पोर्टफोलियो को विविधतापूर्ण बनाएं

- एसआईपी तो इक्विटी में है, लेकिन क्या इतना काफी है? 'अपने सारे अंडे एक ही टोकरी में न रखें' यह निवेश का सबसे पुराना और सबसे अहम नियम है।
- **इक्विटी के अलावा निवेश करें :** हमेशा अपने पोर्टफोलियो में सिर्फ एसआईपी ही ना रखें। उसमें इक्विटी के साथ-साथ डेट और अन्य संपत्तियों का मिश्रण भी होना ही चाहिए।
- **विविधता के विकल्प :** आप अपनी रिस्क लेने की क्षमता अनुसार पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (पीपीएफ), फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी), राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस), और यहां तक कि सोना या रियल एस्टेट जैसे ऑप्शन में भी निवेश कर सकते हैं।
- **क्यों जरूरी :** यह आपके पोर्टफोलियो में स्थिरता ला सकता है। यानी कि यदि शेयर बाजार में गिरावट आती है, तो आपके दूसरे निवेश आपके पोर्टफोलियो को गिरने से बचाते हैं।

## बीमा और आपातकालीन निधि बनाएं

- आपकी यात्रा की सुरक्षा कैसे होगी? यानी कि एक मजबूत फाइनेंशियल योजना की नींव सुरक्षा पर टिकी होती है। अगर आप बिना बीमा और इमरजेंसी के निवेश करते हैं, तो एक भी दुर्घटना आपकी पूरी योजना को ध्वस्त कर सकती है।
- **आपातकालीन निधि :** कम से कम 3 से 6 महीने के मासिक खर्चों के बराबर की राशि एक ऐसे खाते में रखें, जिसे आप आसानी से निकाल सकें। ये इमरजेंसी फंड नौकरी छूटने या मेडिकल इमरजेंसी जैसी स्थितियों में आपके एसआईपी को तोड़ने से बचाएगा।
- **पर्याप्त बीमा :** अपने परिवार को फाइनेंशियल रूप से सेफ रखने के लिए पर्याप्त लाइफ इंश्योरेंस (खासकर टर्म प्लान) और हेल्थ इंश्योरेंस जरूर लें।
- **क्यों जरूरी :** यह आपके लॉन्ग टर्म निवेश को अप्रत्याशित वित्तीय झटकों से बचाता है।

## निवेश की राशि को बढ़ाएं

- आपकी इनकम तो बढ़ेगी, तो निवेश क्यों नहीं? जैसे-जैसे आपकी आय बढ़ती है, वैसे-वैसे आपके निवेश को भी बढ़ना चाहिए।
- **क्या करें :** हर साल अपनी एसआईपी की राशि को अपनी आय में हुई ग्रोथ के अनुसार 10-15% तक बढ़ाएं। इसे 'स्टेप-अप एसआईपी' कहा जाता है। ऐसा करने से निवेशक कम समय में अपने टारगेट तक पहुंच सकते हैं और महंगाई के प्रभाव को भी कम कर सकते हैं।
- **क्यों करें :** मुद्रास्फीति आपके पैसे की क्रय शक्ति को घटाती है। निवेश को बढ़ाकर आप यह तय करते हैं कि आपके लक्ष्य की वाकई में लागत कवर हो।

## योजना की समय पर समीक्षा करें

- क्या आपकी गाड़ी सही रास्ते पर है? आपकी वित्तीय यात्रा एक सीधी रेखा नहीं है. इसमें कई मोड़ आते हैं।
- **क्या करें :** साल में आप कम से कम एक बार तो जरूर ही अपनी वित्तीय योजना और निवेश पोर्टफोलियो की समीक्षा करें। इसमें देखें कि क्या आपके निवेश आपके लक्ष्यों के अनुरूप प्रदर्शन कर रहे हैं या फिर नहीं। अगर आपके जीवन में कोई बड़ा बदलाव (जैसे शादी, बच्चा या नई नौकरी) आता है, तो अपनी योजना में जरूरी बदलाव करना चाहिए।
- **क्यों जरूरी :** समीक्षा करने से आप यह तय करते हैं कि आप हमेशा सही रास्ते पर हैं और अपने टारगेट को समय पर प्राप्त कर पाएंगे।

## एसआईपी सिर्फ एक मंजिल

- अब आप समझ रहे होंगे कि एसआईपी शुरू करना एक बहुत अच्छी शुरुआत है, लेकिन यह मंजिल नहीं है। अपने लॉन्ग टर्म के फाइनेंशियल टारगेट को पाने के लिए एक पूरी प्लानिंग की जरूरत होती है, जिसमें लक्ष्य-आधारित इन्वेस्टमेंट, विविधीकरण, सुरक्षा और नियमित समीक्षा शामिल हो। ■



# पत्नी के साथ मिलकर बनाएं कल की प्लानिंग

- 1, 2 नहीं इन 5 ऑप्शन को फॉलो करके फुल मौज में कटेगा बुढ़ापा
- रिटायरमेंट प्लानिंग केवल एक व्यक्ति नहीं, पूरे परिवार की जिम्मेदारी
- कपल मिलकर सही समय पर निवेश और फाइनेंशियल प्लान बनाएं

**अपने** भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए अपनी पत्नी के साथ मिलकर अच्छी प्लानिंग करें। इससे आपका बुढ़ापा मस्ती में कटेगा। कहा भी गया है कि रिटायरमेंट प्लानिंग एक व्यक्ति की नहीं, बल्की पूरे परिवार की साझा जिम्मेदारी है। आने वाले कल को सुरक्षित करने के लिए सही समय पर सही इन्वेस्टमेंट प्लानिंग की बहुत जरूरत होती है। यही कारण है कि समय रहते रिटायरमेंट की प्लानिंग करना भी बहुत जरूरी होता है। आज के समय में रिटायरमेंट प्लानिंग केवल एक व्यक्ति के लिए नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लिए एक शेयर होने वाली जिम्मेदारी होती है, खासकर कपल के लिए। अब आप रिटायरमेंट के लिए अपनी पत्नी के मिलकर बेहतरीन प्लानिंग करें। वाइफ के साथ मिलकर प्लानिंग बनाने से आप शानदार फ्यूचर बना सकते हैं।

### पत्नी के टारगेट पर चर्चा करें

सबसे पहला और सबसे जरूरी कदम होता है कि एक-दूसरे के साथ खुलकर बात करना चाहिए। यह प्लान करें कि रिटायरमेंट के बाद आप किस तरह की लाइफ को जीना चाहते हैं, जैसे कि क्या आप यात्रा करना चाहते हैं, कोई नया व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, या शांतिपूर्ण जीवन बिताना चाहते हैं? जब आप दोनों ये तय कर लेंगे तभी आप अच्छी बचत अपने आने वाले कल के लिए कर सकेंगे।

### खर्चों का आकलन करें

रिटायरमेंट के बाद की लाइफ के लिए जरूरी मंथली खर्चों का अनुमान लगाना बहुत जरूरी होता है। इसमें घर का किराया या ईएमआई, खाने-पीने का खर्च, हेल्थ और मनोरंजन जैसे सभी खर्च शामिल करें। पार्टनर के साथ मिलकर एक ज्वाइंट बजट बनाएं जो आपकी फिलहाल की इनकम और खर्चों को पेश करता हो। यह आपको यह समझने में मदद करेगा कि आप कहां बचत कर सकते हैं और कहां अनावश्यक खर्चों में कटौती की जा सकती है।

### बीमा स्कीम की समीक्षा करें

हर किसी के लिए एक सेफ रिटायरमेंट के लिए बीमा बहुत जरूरी होता है। अपनी हेल्थ बीमा पॉलिसियों की समीक्षा करें और तय करें कि वे रिटायरमेंट के बाद के चिकित्सा खर्चों को कवर करती हैं.आपकी बढ़ती उम्र के साथ मेडिकल खर्च भी बढ़ते हैं, तो इसलिए पर्याप्त कवरेज होना हर किसी के लिए बहुत जरूरी होता है।

### टाइम टू टाइम समीक्षा करें

आपकी रिटायरमेंट योजना हमेशा एक ऐसी नहीं रह सकती है वो इसलिए जीवन में बदलाव आते रहते हैं, तो ऐसे नें अपनी वित्तीय योजना की समय-समय पर समीक्षा करना जरूरी है और उसमें जरूरत के अनुसार बदलाव करना अहम होता है। हर साल या कुछ सालों में अपने निवेश, लक्ष्यों और बजट की समीक्षा करें ताकि आप सही रास्ते पर बने रहें। यानी कि ये कदम आपको और आपके जीवनसाथी को फाइनेंशियल स्थिरता और सुरक्षा के साथ-साथ एक आरामदायक और खुशहाल रिटायरमेंट के लिए तैयार करने में मदद कर सकते हैं। ■

# आज ही बना लें मुश्किल वक्त के लिए 'एटीएम'

मुसीबत हम सभी की लाइफ में कब आ जाए हममें से कोई नहीं जानता है, लेकिन मुसीबत से पार पाने के लिए इमरजेंसी फंड का होना बहुत जरूरी होता है। असल में इमरजेंसी फंड एक ऐसी धनराशि होती है, जिसे आप किसी भी अप्रत्याशित खर्च या वित्तीय संकट के समय यूज करने के लिए अलग से रखते हैं। यह आपको अचानक आई परेशानियों, जैसे नौकरी छूटना, मेडिकल इमरजेंसी या घर की मरम्मत आदि से निपटने में मदद करता है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि इमरजेंसी फंड कैसे तैयार करें।

**बजट बनाएं और लक्ष्य तय करें :** आप सबसे पहले, अपने मंथली खर्चों का हिसाब लगाएं। इसके बाद आपयह तय करें कि आपको कम से कम 3 से 6 महीने के खर्चों को कवर करने के लिए कितने फंड की जरूरत पड़ा सकती है। यह साफ टारगेट आपको बचत करने में मदद कर सकता है।

**छोटे कदम से शुरुआत करें :** लाइफ में हमेशा एक बड़ा फंड बनाने में सभी को टाइम लगता है। तो आप हर महीने अपनी इनकम का एक छोटा हिस्सा बचाना शुरू कर सकते हैं, भले ही यह छोटी राशि हो, नियमित रूप से बचत करने से यह समय के साथ एक बड़ा फंड बन जाएगा।

**बचत को ऑटोमेट करें :** आप हमेशा के लिए बचत को अपनी आदत बनाने के लिए, अपनी सैलरी अकाउंट से एक अलग बचत खाते में हर मंथ एक फिक्स अमाउंट का ऑटोमैटिक ट्रांसफर सेट कर दें। ऐसा करने से आपकी सैलरी आते ही इमरजेंसी के लिए बचत हो जाएगी और आप इसे खर्च करने से बच जाएंगे।

**कर्ज कम करने को प्राथमिकता दें :** तो अगर आप पर कोई हाई ब्याज वाला कर्ज (जैसे क्रेडिट कार्ड का कर्ज) है, तो सबसे पहले उसे चुकाने पर ध्यान देना चाहिए। हमेशा कर्ज से पूरी तरह से फ्री होने के बाद, आप अपने इमरजेंसी फंड के लिए अधिक बचत कर सकते हैं।

**अलग और सुरक्षित जगह पर रखें :** अपने इमरजेंसी फंड को अपने सामान्य बचत खाते से अलग रखें। इसको ऐसे ऑप्शन में इन्वेस्टमेंट करें जो सेफ हो और जिन्हें जरूरत पड़ने पर आसानी से निकाला भी जा सके।

## कारोबार आइडिया

- अगर आप ऐसा बिजनेस चाहते हैं जिसकी मांग कभी कम न हो, तो आटे का बिजनेस करें
- भारत के कई हिस्सों में रोटी रोजमर्रा के भोजन का अहम हिस्सा, गुणवत्तापूर्ण आटे की डिमांड हमेशा रहती है व कमाई की संभावना लगातार

# 2.50 लाख में शुरू कर सकते हैं आटे का बिजनेस, हर महीने कर लेंगे मोटी कमाई

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी नौकरी के अलावा बिजनेस करके खुद को स्टेबल कर मोटी कमाई करना चाहते हैं तो आपके लिए आटे का बिजनेस बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इससे आप कम लागत में अच्छी कमाई का जुगाड़ लगा सकते हैं। रोटी भारतीय खानपान का अहम हिस्सा है, इसलिए इस बिजनेस की मांग हमेशा बनी रहती है। हर कोई चाहता है कि उसका बिजनेस लगातार चलता रहे और उसकी मांग कभी कम न हो। ऐसे में आटे का बिजनेस एक सुरक्षित और भरोसेमंद विकल्प बन सकता है। इसे शुरू करने के लिए लगभग 2.50 लाख रुपये तक का निवेश पर्याप्त है। भारत के उत्तर, मध्य और पूर्वी राज्यों में रोटी रोजना के खानपान का जरूरी हिस्सा है, जिससे गेहूं के आटे की खपत हमेशा बनी रहती है। यही कारण है कि इस कारोबार में मंदी आने की संभावना बेहद कम है। अगर आप सही मशीनरी, साफ-सुथरी प्रोसेसिंग और आकर्षक पैकिंग का इस्तेमाल करें, तो ये बिजनेस जल्दी ही स्थायी कमाई का जरिया बन सकता है। गुणवत्तापूर्ण आटे की हमेशा डिमांड रहती है और ग्राहक अच्छे ब्रांड को पसंद करते हैं। सही प्लानिंग के साथ आप कम लागत में इस बिजनेस की मजबूत शुरुआत कर सकते हैं और धीरे-धीरे इसे बड़े स्तर पर ले जा सकते हैं।

## कहां से मिलेगा कच्चा माल

गेहूं की उपलब्धता ग्रामीण इलाकों और उनके आसपास आसानी से हो जाती है। लोग हमेशा शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण आटा पसंद करते हैं, जिससे इस कारोबार का बाजार लगातार मजबूत बना रहता है। गेहूं के लिए किसानों से संपर्क करें। इसके बाद जैसे ही फसल आए किसानों से गेहूं खरीद लें। फसल के मौके पर आपको सस्ता अनाज मिल सकता है। इसे एक कमरे में स्टोर कर लें। इसके बाद असानी से इसकी पिसाई कर बेचते रहें। गेहूं को अच्छे से सुखाकर स्टोर करेंगे तो यह खराब नहीं होगा और रोटी भी बढ़िया आएगी। खेतों में गेहूं की फसल होली के बाद आ जाती है। इसलिए आपको गेहूं खरीदने के लिए मार्च में की प्रयास शुरू कर देना चाहिए। सीधे खेतों से बढ़िया क्वालिटी का गेहूं खरीदें और आ बनाकर बेचते रहें। सबसे पहले गेहूं की धुलाई और सुखाने की प्रक्रिया पूरी करें। इसके बाद सुखाए हुए गेहूं को मशीन से पीसकर आटा तैयार करें। अंत में इसे आकर्षक पैकिंग में भरें, ताकि ग्राहक तुरंत आकर्षित हों और ब्रांड पर भरोसा करें।



## शुरुआती लागत पर ध्यान

इस बिजनेस में मशीनरी के लिए लगभग 1.25 लाख रुपये की जरूरत होगी, जिसमें चक्की, रोस्टर, सीलिंग मशीन, वजन तराजू, गैस कनेक्शन और बर्तन शामिल हैं। वर्किंग कैपिटल के रूप में करीब 1 लाख रुपये लगेंगे, जिसमें कच्चा माल, वेतन, बिजली और गैस का खर्च शामिल होगा। इसके अलावा, बिल्डिंग पर 25,000 तक खर्च रुपये आ सकता है। इस तरह कुल निवेश 2.50 लाख रुपये के आसपास होगा।

## हर महीने कितना मुनाफा

मौजूदा आंकड़ों के मुताबीक, इस बिजनेस से हर महीने करीब 1.15 लाख रुपये की बिक्री हो सकती है। वहीं, मासिक खर्च करीब 1.05 लाख रुपये तक रहेगा। यानी आपको हर महीने लगभग 10,000 रुपये या उससे ज्यादा का शुद्ध मुनाफा मिल सकता है, जो बिजनेस बढ़ने के साथ और बढ़ेगा।

## क्यों है आटे का बिजनेस फायदेमंद

रोटी भारतीय खानपान का अहम हिस्सा है, इसलिए इस बिजनेस की मांग हमेशा बनी रहती है। छोटे निवेश से भी इसकी शुरुआत की जा सकती है और क्वालिटी व पैकिंग पर ध्यान देकर इसे तेजी से बढ़ाया जा सकता है। सही मार्केटिंग के साथ आप इसे एक भरोसेमंद ब्रांड में बदल सकते हैं।

## आटा बेचने के लिए विकल्प

- **भारत आटा बिक्री केंद्र :** सरकार द्वारा संचालित भारत आटा बिक्री केंद्रों पर आटा बेचा जा रहा है, जहां इसकी कीमत 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम है। ये केंद्र देशभर में 800 मोबाइल वैन और 2,000 से अधिक दुकानों के माध्यम से आटा बेच रहे हैं।
- **मदर डेयरी के सफल स्टोर :** आप मदर डेयरी के सफल स्टोर से भी भारत ब्रांड का आटा खरीद सकते हैं।
- **नाफेड, एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार :** सरकार ने नाफेड, एनसीसीएफ और केंद्रीय भंडार के माध्यम से भारत आटा और चावल की खुदरा बिक्री शुरू की है।
- **स्थानीय बाजार :** आप अपने स्थानीय बाजार में भी आटा बेच सकते हैं या खरीद सकते हैं। कई स्थानीय बाजारों में आटे की दुकानें होती हैं जो ताजा और स्वादिष्ट आटा बेचती हैं।
- **आनलाइन प्लेटफ़ॉर्म :** आप ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करके भी आटा बेच सकते हैं या खरीद सकते हैं। कई ऑनलाइन स्टोर और वेबसाइटें आटे की बिक्री करती हैं।

# अब नया इनकम टैक्स कानून देगा लाखों टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत

जानकारी

बिजनेस डेस्क

संसद ने इनकम टैक्स बिल 2025 का संशोधित रूप से पास करते समय ऐसी कई गलतियों या खामियों को ठीक कर दिया है, जो पुराने ड्राफ्ट में हो गई थीं। इन संशोधनों को पास किए जाने से देश के लाखों टैक्सपेयर्स को भारी राहत मिलेगी। केंद्र सरकार द्वारा किए गए इन बदलावों में निल टीडीएस सर्टिफिकेट, हाउस प्रॉपर्टी इनकम पर स्टैंडर्ड डिडक्शन, नॉन-एम्प्लॉइज के लिए पेंशन छूट और गुमनाम दान के नियमों में सुधार जैसे कई अहम प्रावधान शामिल हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे ऐसी कुछ बहम बदलाव जो टैक्सपेयर्स के ऊपर कई अच्छे असर डालेंगे।

## जीरो टीडीएस सर्टिफिकेट पर सुधारी गड़बड़ी

पुरानेइनकम टैक्स एक्ट 1961 में धारा 197 के तहत निल यानी जीरो और लोअर टीडीएस सर्टिफिकेट दोनों का प्रावधान था, लेकिन नए बिल के शुरुआती ड्राफ्ट में निल शब्द हटा दिया गया था। इससे उन टैक्सपेयर्स के लिए परेशानी खड़ी हो सकती थी, जिनकी आय बेसिक छूट सीमा या सेक्शन 87ए रिबेट के बाद टैक्स फ्री होती है। संशोधित बिल में अब फिर से निल शब्द जोड़ दिया गया है, जिससे साफ हो गया है कि जरूरत पड़ने पर टैक्सपेयर्स निल टीडीएस सर्टिफिकेट ले सकते हैं। इससे अनावश्यक विवाद और रिफंड के झंझट से बचा जा सकेगा।

## नॉन-एम्प्लॉइज को मिलेगी पेंशन टैक्स छूट

पहले ड्राफ्ट में कम्यूटेड पेंशन पर छूट सिर्फ कर्मचारियों को दी गई थी, जबकि मौजूदा कानून में यह सुविधा नॉन-एम्प्लॉइज को भी मिलती है, बशर्ते पेंशन अप्रूव्ड पेंशन फंड से आई हो। समिति ने इस असमानता को दूर करते हुए सिफारिश की कि नॉन-एम्प्लॉइज को भी यह छूट दी जाए. संशोधित बिल में यह बदलाव कर दिया गया है, जिससे अब सभी पात्र लोग, चाहे वे सैलरीड हों या न हों, पेंशन की पूरी राशि पर छूट पा सकेंगे।

नए बिल में साफ कर दिया गया है कि हाउस प्रॉपर्टी इनकम पर 30% का स्टैंडर्ड डिडक्शन म्यूनिसिपल टैक्स घटाने के बाद ही मिलेगा, जैसा कि मौजूदा कानून में है। इसके अलावा, पहले ड्राफ्ट में प्री-कंस्ट्रक्शन लोन इंटरेस्ट डिडक्शन सिर्फ सेल्फ-ऑक्यूपाइड प्रॉपर्टी के लिए था, जिससे किराए पर दी गई प्रॉपर्टी के मालिकों को नुकसान होता. संशोधित बिल में अब किराए पर दी गई या मानी हुई किराए पर दी गई प्रॉपर्टी के लिए भी यह डिडक्शन बहाल कर दिया गया है।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**

नरसिंह भवन, कन्देली,नरसिंहपुर (म.प्र.) - 487001 कार्यालय दूरभाष- 07792-230941, फैक्स -232686/232163/231247
Email-sp_narsinghpur@mppolice.gov.in & spnarsinghpur1@gmail.com

क्रमांक/पु/नर/रनि/रीडर/एमपीईटेन्डर/1621/2025 दिनांक 11/08/2025

**खुली ई निविदा आमंत्रण विज्ञापन**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना क्रमांक मांग संख्या-003-2050 पुलिस 00 -109-9999-4491 (सामान्य व्यय जिला स्थापना- 32-000 लघु निमार्ण मद में आबंटित बजट के अंतर्गत प्राक्कलन के अनुसार कार्य कराने हेतु ई निविदा आमंत्रित की जा रही है । इच्छुक निविदाकार ई निविदा ऑनलाईन https://mptenders.gov.in बेवसाईट में जाकर निविदा निर्धारित दिवस में जमा कर सकते है । निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन https://mptenders.gov.in बेवसाईट में किया जावेगा ।

पुलिस अधीक्षक
नरसिंहपुर

G-17290/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, सिविल लाईन नरसिंहपुर (म.प्र.)**

एनआईटी नं.- 20/2025 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण / सा / एपीडी / जबलपुर दिनांक 11.08.2025

| सं. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ऑफसेट मूल्य (राशि रुपए में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.) मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU _444550_1 | नरसिंहपुर तहसील परिसर के पुराने जीर्णशीर्ण भवनों की यथास्थिति नीलामी परिवहन सहित । | नरसिंहपुर | 134000.00 | 2680.00 | 2000.00 | 01 (एक) माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग सिविल लाइन, नरसिंहपुर (म.प्र.) |
| 2 | 2025_PWPIU _444558_1 | गाडरवारा तहसील परिसर के पुराने जीर्णशीर्ण भवनों की यथास्थिति नीलामी परिवहन सहित । | नरसिंहपुर | 102000.00 | 2040.00 | 2000.00 | 01 (एक) माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग सिविल लाइन, नरसिंहपुर (म.प्र.) |
| 3 | 2025_PWPIU _444577_1 | गोटेगांव तहसील परिसर के पुराने जीर्णशीर्ण भवनों की यथास्थिति नीलामी परिवहन सहित । | नरसिंहपुर | 213000.00 | 4260.00 | 2000.00 | 01 (एक) माह वर्षाऋतु सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग सिविल लाइन, नरसिंहपुर (म.प्र.) |

1- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा । 2- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 14.08.2025 समय 9.00 से दिनांक 27.08.2025 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है । 3- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग,
नरसिंहपुर ( म.प्र.)

G-17318/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

**पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**( भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/92/2025 )**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त विवरण | निविदा मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1. | 20254136 | सेट ऑफ फिल्टर assly. फॉर आयल कूलर वेंटिलेशन | 26 सेट. |
| 2 | 40252750 | हाई कैपेसिटी 500 AMP 750 वोल्ट inter Vehicular COUPLER | 80 सेट. |
| 3 | 38252199 | Modified Elastomeric पैड | 100172 नंबर |
| 4 | 20254057 | एयर कम्प्रेसर | 13 नंबर |
| 5 | 30251044 | बिअरिंग Piece फॉर साइड bearer | 1327 नंबर |
| 6 | 20254134 | एलुमिनियम Impeller फॉर आयल कूलिंग ब्लोअर. | 422 नंबर |
| 7 | 30251806A | Vestibule Bellow कम्पलीट (LH साइड) | 486 नंबर |
| 8 | 61252560 | सोलिड MIG/MAG वेल्डिंग वायर | 35710 किलोग्राम |
| 9 | 20254111 | सेट ऑफ labyrinth एण्ड बिअरिंग कैप&क्लैंप प्लेट | 160 सेट |
| 10 | 38252174 | wedge | 26485 नंबर |
| 11 | 30251174 | प्रोक्योरमेंट ऑफ 13 टी बोगी Bolster | 97 नंबर |
| 12 | 80251356 | UTS थर्मल पेपर टिकट रोल | 145498 नंबर |
| 13 | 65255009 | सप्लाई installation & कमीशनिंग ऑफ CNC वर्टीकल टर्निंग Lathe | 05 नंबर |
| 14 | 65255004A | सप्लाई installation एण्ड commissioning ऑफ EOT क्रेन 15 टन along | 04 नंबर |

50 लाख रुपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

उपरोक्त निविदाओं की नियत तारीख क्रम संख्या-1-2 की नियत तारीख -08.09.2025, क्रम संख्या-3 की नियत तारीख -09.09.2025, क्रम संख्या-4 की नियत तारीख -12.09.2025, क्रम संख्या-5 की नियत तारीख -10.09.2025, क्रम संख्या-6,7,8 एवं 9 की नियत तारीख -15.09.2025, क्रम संख्या-10 की नियत तारीख -03.10.2025, क्रम संख्या-11 की नियत तारीख -06.10.2025, क्रम संख्या-12 की नियत तारीख -09.10.2025, क्रम संख्या-13 की नियत तारीख -10.10.2025 और क्रम संख्या-14 की नियत तारीख -16.10.2025 है।

( हस्ता. )
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**स्वाधीनता दिवस पर पिछले 11 भाषणों से प्रधानमंत्री का इस बार का 12वां संबोधन कई मायनों में अलग था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका व पाकिस्तान को सीधा संदेश दिया, तो आत्मनिर्भर व विकसित भारत के लिए समग्र सुधार की रूपरेखा प्रस्तुत की। पीएम ने कहा कि भारत किसान, पशुपालक और छोटे कारोबारियों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। यह अमेरिका से जारी व्यापार वार्ता के संदर्भ में भारत का दो टूक संदेश था। ऐसे ही पाकिस्तान को संदेश दिया कि आतंकवाद और संधि साथ नहीं चल सकते। भारत खुद परमाणुशक्ति है, इसलिए पाक परमाणु शक्ति की गीदड़भभकी न दे, आतंकवाद जारी रहने तक भारत सिंधु समझौते को निलंबित ही रखेगा। अभी जिस प्रकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत पर अनुचित टैरिफ का बम फोड़ रहे हैं और पाकिस्तान से जुगलबंदी कर रहे हैं, जिसके दम पर पाक जनरल अमेरिकी धरती से भारत को परमाणु धमकी दे रहे हैं व अमेरिका चुप है, इस परिस्थिति में लालकिले से स्पष्ट संदेश देना जरूरी था। हालांकि भारतीय राष्ट्रवाद के आईने में संदेश को और प्रखर बनाया जा सकता था। देश के अंदर जीएसटी सुधार का वादा, नए आर्थिक सुधार का संकल्प और रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी हथियारों पर जोर, रोजगार सृजन की घोषणा आदि भी भाषण के अहम अंश रहे। आजकल के ताजा अंक में पेश है विश्लेषण...**

# आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का आत्मविश्वास





विश्लेषण
अवधेश कुमार
वरिष्ठ स्तंभकार

**इतिहास में किसी प्रधानमंत्री द्वारा पहला ऐसा उद्बोधन था जिसमें भारत को विश्व का एक महान आदर्श और समृद्धि राष्ट्र बनाने की दृष्टि से समय सीमा के अंदर योजनाओं, टास्क फोर्स, मिशनों की घोषणा थी तो हर क्षेत्र, उम्र, श्रेणी, पेशे, विधा, कार्य करने वालों का आह्वान भी था। नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं अपने इंजीनियरों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों सबसे कहता हूं कि संकल्प लीजिए, आप जो करना चाहते हैं करिए, हमें बताइए कि आपके लिए क्या करना है, मैं बिल्कुल आपके लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म टास्क फोर्स गठित करने की घोषणा की जो वैश्विक परिवर्तनों के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समय सीमा के अंदर काम पूरा करेगा।**

परिश्रम में जो तप है उसने ही तो इतिहास रचा है, जिसने फौलादी चट्टानों को तोड़ा है उसने ही समय को मोड़ा है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से स्वतंत्रता दिवस का अपना उद्बोधन समाप्त करते हुए ये पंक्तियां बोली। इसके बाद उन्होंने कहा कि समय को मोड़ देने का भी यही समय है, सही समय है। स्पष्ट है कि वे देशवासियों, विश्व में फैले भारतवंशियों को एक समग्र शक्तिशाली आत्मनिर्भर विकसित देश के रूप में भारत को बदलने के लिए उत्प्रेरित करना चाहते थे। हालांकि ज्यादा चर्चा घुसपैठ को समाप्त कर बदलती डेमोग्राफी को रोकने के लिए उच्च शक्ति प्राप्त डेमोग्राफी मिशन की घोषणा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर दी गई शुभकामना की हुई। यह सच्चाई है कि कठिनाई से प्राप्त हमारी स्वतंत्रता को सीधे धक्का पहुंचाने वाले योजनापूर्वक हो रहे घुसपैठ को समाप्त करना अपरिहार्य है।

पहली बार एक राष्ट्र स्तरीय शक्तिशाली इकाई यह भूमिका निभायेगी। संघ के शताब्दी वर्ष की चर्चा उन्होंने की क्योंकि 100 वर्षों तक बिना प्रचार व स्वार्थ के लाखों स्वयंसेवकों, कार्यकर्ताओं को केवल देश के लिए जीने-मरने के लिए तैयार करना, उसी अनुरूप संगठन तथा अप्रतिम अनुशासन के साथ काम करते रहना विश्व इतिहास में अनूठा है। उन्होंने आरंभ में कहा भी कि हम विकसित भारत के लिए अपने आपको खपा देंगे, नये अवसरों का निर्माण करेंगे और निर्मित करने के बाद भी 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से आगे बढ़ते ही रहेंगे, बढ़ते ही रहेंगे, बढ़ते ही रहेंगे। इसके साथ उन्होंने क्षेत्रीय भाषाओं सहित अन्य विविधताओं को ताकत बताते हुए विरासतों को भी संरक्षित करने की सरकार के पूर्व कदमों तथा भविष्य की तैयारी का भी विवरण दिया।

## नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म टास्क फोर्स

इतिहास में किसी प्रधानमंत्री द्वारा पहला ऐसा उद्बोधन था जिसमें भारत को विश्व का एक महान आदर्श और समृद्धि राष्ट्र बनाने की दृष्टि से समय सीमा के अंदर योजनाओं, टास्क फोर्स, मिशनों की घोषणा थी तो हर क्षेत्र, उम्र, श्रेणी, पेशे, विधा, कार्य करने वालों का आह्वान भी था।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं अपने इंजीनियरों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों सबसे कहता हूं कि संकल्प लीजिए, आप जो करना चाहते हैं करिए, हमें बताइए कि आपके लिए क्या करना है, हम बिल्कुल आपके लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म टास्क फोर्स गठित करने की घोषणा की जो वैश्विक परिवर्तनों के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए समय सीमा के अंदर काम पूरा करेगा। उन्होंने सुधारों को परिभाषित करते हुए कहा कि यह एक निरंतर प्रक्रिया है तथा सही सुधार हो गए तो नियमों और अर्हताओं के पालन की व्यवस्थाएं कम हो जाएंगी और विकास को ताकत मिलती है। यानी कुल मिलाकर उन्होंने भारत और विश्व समुदाय को सीधा संदेश दिया कि पूर्व की योजनाओं से भारत सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, तकनीकी, वैज्ञानिक, रक्षा - सुरक्षा जैसे हर क्षेत्र में मुकाम पर पहुंचा है, वैसे ही भविष्य में उत्पन्न होने वाली चुनौतियों, अवरोधों और संभावनाओं का आकलन तथा उसके अनुरूप व्यवहारिक कार्ययोजनाएं हैं।

## अब तक के भाषणों में निरंतरता रही

प्रधानमंत्री बनने के बाद 2014 के अपने पहले स्वतंत्रता दिवस भाषण से लेकर इस वर्ष के 12वें भाषणों तक निरंतरता रही है। स्वतंत्रता दिवस पर आजादी के संघर्ष और उसके उपरांत भारत के निर्माण में योगदान देने वाले महापुरुषों को याद कर आम भारतीय को राष्ट्र की दृष्टि से सोचने व काम करने को प्रेरित करना, सामूहिक सामर्थ्य के प्रति विश्वास जागृत करना तथा भविष्य की योजनाओं की ओर आकर्षित कर संपूर्ण देश को राष्ट्र निर्माण की दृष्टि से खड़ा करना रहा है।

इस बार लगभग 1 घंटे 40 मिनट के अब तक के सबसे लंबे उद्बोधन में जितना व्यापक स्तर पर देश को विश्व का समृद्धतम, शक्तिशाली, शिक्षित, सुसंस्कृत तथा वैश्विक कल्याण की दृष्टि से भूमिका निभाने वाले राष्ट्र के रूप में समय सीमा में खड़ा कर देने की जैसी कार्ययोजनाएं थी, वैसा पहले नहीं देखा गया। मुझे एक व्यक्ति नहीं मिला जिसने कहा हो कि लंबे भाषण के कारण मैं उब गया था। प्रधानमंत्री का हाव-भाव, बोलने का तरीका, विषय-वस्तु ऐसे थे कि आगे क्या बोलेंगे, इसकी प्रतीक्षा रहती थी।

भले भाजपा, संघ, प्रधानमंत्री मोदी आदि से विरोध और घृणा के कारण कोई कुछ कहे, अंदर यही भाव होगा कि इतनी गहराई से सोचने, योजना बनाने, उस पर काम करने की व्यावहारिक दृष्टि रखने वाला प्रधानमंत्री लाल किले पर खड़ा था। 3 करोड़ लक्ष्य में 2 करोड़ लखपति दीदी तैयार होने, महिलाओं में उद्यमिता बढ़ाने के कारण ड्रोन दीदी की संख्या बढ़ाने, मुद्रा योजना के कारण समाज के वंचित, गरीब, युवक-युवतियों, महिलाओं की सफलताओं की कहानी बताने का उद्देश्य क्या हो सकता है, यह समझा जा सकता है।

## विकसित भारत रोजगार योजना

युवाओं के लिए 1 लाख करोड़ रुपये की आरंभिक राशि के साथ विकसित भारत रोजगार योजना की घोषणा महत्वपूर्ण है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा व्यापार शुल्क बढ़ाए जाने के विरुद्ध बने वातावरण में अनेक विश्लेषक कल्पना करने लगे थे कि प्रधानमंत्री उस पर कुछ बोलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेशन, उनके चरित्र को समझने वाले जानते थे कि वह ऐसा नहीं करेंगे। उन्होंने बढ़ते आर्थिक स्वार्थ वाली दुनिया बताते हुए कहा कि किसी की लकीर को छोटा करने की बजाय अपनी लकीर बड़ी करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अपने किसानों और पशुपालकों के हित के रास्ते आने वाली कठिनाइयों के सामने मैं दीवार बनकर खड़ा हूं। यानी कृषि और डेयरी का क्षेत्र विदेशी व्यापार के लिए नहीं खोला जाएगा। उन्होंने आत्मनिर्भरता और सामर्थ्य को एक-दूसरे से जोड़ा और बताया कि सामर्थ्य आत्मनिर्भरता से पैदा होती है और आत्मनिर्भरता हम सामर्थ्य से प्राप्त कर सकते हैं। तकनीक से लेकर ऊर्जा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रक्षा, आंतरिक सुरक्षा, क्रिटिकल खनिज सभी क्षेत्र के लिए आत्मनिर्भरता की रूपरेखा और योजनाएं दीं। उन्होंने आह्वान किया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हमारा अपना हो, फार्मास्युटिकल्स यानी दवा के क्षेत्र में हम ऐसे नवाचार करें कि दवाइयां विश्व के कल्याण में काम आये तथा हम रक्षा में जेट इंजन भी अपना बनाएं।

## 'मेड इन इंडिया' सेमीकंडक्टर की जानकारी

यह जानकारी भी रोमांचित करने वाली थी कि सेमीकंडक्टर में देश मिशन मोड में काम कर रहा है और शीघ्र ही मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर बाजार में आ जाएगा। अक्षय ऊर्जा की दृष्टि से सौर ऊर्जा में 30 गुना बड़े संयंत्रों के निर्माण, मिशन ग्रीन हाइड्रोजन में भारी निवेश, 10 नए न्यूक्लियर रिएक्टर पर तीव्रता से काम होने के साथ 2047 तक इसकी क्षमता 10 गुणा बढ़ाने की योजना रखी तो सुधार का बड़ा कदम उठाते हुए न्यूक्लियर ऊर्जा के लिए निजी क्षेत्र के निवेश का रास्ता खोला। समुद्र में गैस व तेल भंडार खोजने की दृष्टि से नेशनल डीप वॉटर एक्सप्लोरेशन मिशन की घोषणा हुई तो नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन भी शुरू हुआ।

अन्तरिक्ष क्षेत्र में अपने बलबूते आत्मनिर्भरता और विश्व कल्याण की तैयारी की घोषणा करते हुए कहा कि आज सुधारों के कारण 300 से ज्यादा स्टार्टअप हैं और हजारों नौजवान काम में लगे हैं। इनकी बदौलत हम अपना स्टेशन बनाने की तैयारी कर रहे हैं तो स्वदेशी गगनयान लांच होने वाला है। वास्तव में जीवन के हर क्षेत्र में आधुनिक इकोसिस्टम तैयार करने की ओर अग्रसर देश ने योजनाओं पर काम किया तो हम आत्मनिर्भर बनकर ही रहेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से सबसे महत्वाकांक्षी घोषणा शिक्षालयों, अस्पतालों, आस्था केंद्रों जैसे नागरिक ठिकानों को संपूर्ण सुरक्षा कवच प्रदान करने वाले सुदर्शन चक्र हैं। विश्व के प्रमुख देशों को भी इस घोषणा की कल्पना नहीं रही होगी। युद्ध के नियम के विपरीत हम देख रहे हैं कि अब इस तरह के ठिकाने पर हमले आम हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी हमारे आस्था केंद्रों और ऐसे स्थानों पर हमले की कोशिश हुई लेकिन हमारे सुरक्षा कवच ने उनको ध्वस्त कर दिया।

## संपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा कवच बनाने का ऐलान

आने वाले समय में कैसे युद्ध हो सकते हैं किस तरह के आक्रमण होंगे, इन सबका आकलन करते हुए 10 वर्षों यानी 2035 तक संपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा कवच निर्मित कर देने का ऐलान अभूतपूर्व था। इसके लिए सुदर्शन चक्र मिशन लॉन्च हो गया । यह ऐसी शक्तिशाली हथियार प्रणाली होगी जो दुश्मन के हमले को न केवल न्यूट्रलाइज करेगा बल्कि कई गुना ज्यादा ताकत से दुश्मन को हिटबैक करेगा। इसके लिए मूलभूत सारी व्यवस्थाएं यानी 10 सालों के अंदर एक आधुनिक प्रणाली, जिसमें अनुसंधान विकास और निर्माण शामिल होंगे, खड़ी होगी।

## विश्व पर निर्भर नहीं रहेगा भारत

भारत दुनिया का ऐसा करने वाला अकेला देश होगा क्योंकि अमेरिका ने गोल्डन डोम की घोषणा की जो पूरी नहीं हुई, इजरायल ने अवश्य आयरन डोम बनाया है लेकिन इस बार युद्ध में कई जगह वह भी असफल होते हुए दिखा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आत्मनिर्भरता ने ही हमें पाकिस्तान के जवाबी हमले से बचाया, अन्यथा जिस 100 किलोमीटर तक सीमा में घुसकर आतंकवादी अड्डों और उनसे जुड़े 100 से ज्यादा लोगों को खत्म किए जाने के बाद पाकिस्तान बड़ी प्रतिशोधात्मक करवाई करने की तैयारी कर चुका था। तो कुल मिलाकर देश के अंदर और बाहर संदेश गया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत किसी देश के दबाव के विरुद्ध लड़ने की जगह स्वयं को हर दृष्टि से इतना सक्षम, सामर्थ्यवान और संवेदनशील भी बनाएगा कि उसकी किसी चीज के लिए विश्व पर निर्भरता नहीं रहेगी। 2047 तक विकसित भारत होते हुए भी यह एक संकीर्ण स्वार्थों वाला राष्ट्र नहीं होगा बल्कि मानवीयता से परिपूर्ण विश्व समुदाय के कल्याण की दृष्टि से सदा सक्रिय रहेगा।

# प्रगतिशील भारत की बुलंद तस्वीर



विवेचना
राज कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक

लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले नरेंद्र मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर भी दो कीर्तिमान बना दिए। 12वीं बार ऐतिहासिक लाल किले से देश को संबोधित कर उन्होंने इंदिरा गांधी के 11 बार के कीर्तिमान को भंग कर दिया। बेशक सबसे ज्यादा लगातार 17 बार लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करने का कीर्तिमान अभी भी जवाहर लाल नेहरू के नाम है। मोदी ने इस बार अपना भी एक कीर्तिमान तोड़ा। पिछले साल उन्होंने लाल किले से 98 मिनट का भाषण दिया था, लेकिन इस बार वह 103 मिनट बोले। बेशक राजनीतिक गलियारों में ज्यादा शोर मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल के सफर की प्रशंसा पर ही मचेगा, पर ऑपरेशन सिंदूर और ट्रंप टैरिफ के साये में दिये अपने भाषण में उन्होंने राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय तक तमाम मुद्दों को छुआ। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि आज भी आत्मनिर्भरता ही किसी भी देश के आत्मसम्मान का पैमाना है। दरअसल मोदी के इस कथन को आजाद भारत के सफर के साथ ही आंतरिक एवं बाह्य चुनौतियों के संदर्भ में भी समझने की कोशिश करनी चाहिए। नहीं भूलना चाहिए कि कभी सोने की चिड़िया माना गया भारत 1947 में मिली आजादी के समय किस हाल में था। भारत को सपेरों और बैलगाड़ियों का देश बताते हुए अंग्रेजों ने उसके स्वतंत्रता पश्चात भविष्य पर ही संदेह जताया था, पर 78 साल बाद उसकी बुलंद तस्वीर दुनिया भर के लिए एक प्रेरक मिसाल है।

## जीवट से बदली तस्वीर

जाहिर है, दर्जनों रियासतों में बिखरे और सैकड़ों साल गुलामी की जंजीरों में जकड़े रहे भारत के लिए 1947 में आजादी के बाद का सफर आसान नहीं रहा। इसलिए आज का भारत, भारतीयों के जीवट का प्रमाण भी है। विभाजन की विभीषिका के साथ मिली आजादी में विकास संबंधी तमाम चुनौतियां निहित थीं। भारत से मिली आर्थिक मदद से आकार लेने वाले पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ से अपने नापाक मंसूबों का संकेत भी तभी दे दिया था। 1962 में चीन और फिर 1965 में पाकिस्तान से युद्ध ने नव स्वतंत्र भारत की चुनौतियां और बढ़ा दीं, लेकिन देश ने एक के बाद एक आपदाओं में ही अवसर तलाशने का जीवट दिखाया। एक समय था, जब प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को देशवासियों से सप्ताह में एक दिन उपवास की अपील करनी पड़ी, ताकि सरहद पर लड़ रहे सैनिकों को दोनों वक्त भोजन मिल सके। अमेरिका अपने नागरिकों के न खाने योग्य गेहूं ही भारत भेजता था, लेकिन हरित क्रांति ने हमें खाद्यान्न का निर्यातक बना दिया। हां, उस संकल्प को अपनी कड़ी मेहनत से साकार करने वाले अन्नदाता किसानों की दशा न सुधर पाना असहज सवाल खड़े करता है। नीति-नियंताओं को समझना होगा कि किसानों के बदहाल रहते संपूर्ण भारत की खुशहाली का सपना अधूरा ही रहेगा।

## अंतरिक्ष विज्ञान में ऊंची छलांग

आजादी के समय भारत की तस्वीर गरीब, अशिक्षित और बदहाल देश की थी। फिर भी मजबूत अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति के साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान में भी ऊंची छलांग उसी भारत



की बुलंद तस्वीर पेश कर रही है। 1991 में हमारी अर्थव्यवस्था गहरे संकट में थी, सोना तक गिरवी रखना पड़ा था, लेकिन अब हम विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद वर्षांत तक चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर हैं। 1971 में अमेरिका द्वारा पाकिस्तान की मदद के लिए अपना जंगी जहाज भेजने की धमकी के बावजूद भारत ने न सिर्फ पृथक बांग्लादेश बनवाया, बल्कि 1974 में परमाणु परीक्षण कर अपने पराक्रम का परिचय भी दे दिया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य देशों के अलावा परमाणु क्षमता का परिचय देने वाला भारत पहला देश बना। भारत आज दुनिया के कई देशों को रक्षा उपकरण निर्यात भी करता है। अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट 19 अप्रैल, 1975 को अंतरिक्ष में भेजने वाला भारत आज कई दूसरे देशों के उपग्रह भी लांच करता है। कड़वा सच यह भी है कि रूस को अपवाद मान लें तो हमें रिश्तों में अकसर विश्वासघात ही मिला है। हमने हिंदी-चीनी, भाई-भाई का नारा दिया, पर बदले में हमें चीनी आक्रमण मिला। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी दोस्ती का पैगाम लेकर बस से लाहौर गये, पर पाकिस्तानी सेना ने कारगिल में घुसपैठ कर दी। 1991 के बाद अमेरिका से बेहतर संबंधों की कवायद में रूस से बढ़ती दूरियों की कूटनीतिक समझदारी का सही आकलन तो आने वाला समय ही करेगा, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा राष्ट्रपतिकाल भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय ही नहीं, आंतरिक चुनौतियां भी बढ़ाता दिख रहा है। 1991 के आसपास आर्थिक उदारीकरण के नाम पर वैश्विक बाजार की वकालत करते हुए डब्ल्यूटीओ आदि संस्थाओं के जरिये तमाम देशों पर अर्थव्यवस्था के खिड़की-दरवाजे खोलने के लिए दबाव बनाने वाला अमेरिका ही अब घरेलू उद्योगों के संरक्षण के नाम पर उस पूरी प्रक्रिया को उलटने पर आमादा है। बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत अब उसी चीन की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाता दिख रहा है जिसने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की हर तरह से खुलकर मदद की थी। 1962 के युद्ध से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक चीन का चरित्र विश्वासघाती ही रहा है। विदेश नीति की सीमाएं उजागर करने वाली यह स्थिति कठिन परीक्षा की घड़ी भी है। बेशक रास्ता लंबा है, पर स्थायी हल दूरदर्शी नीतियों और आत्मनिर्भरता में ही है। प्रधानमंत्री ने भी स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में उसी ओर इशारा किया है।

## मनभेद व चुनौतियां चिंताजनक

महज 78 साल की आजादी में भारत सरीखा विशाल आबादी वाला देश कमोवेश हर क्षेत्र में उपलब्धियों के इतने मुकाम हासिल कर पाया है तो उसका सबसे बड़ा शक्तिस्त्रोत हमारा सशक्त और जीवंत लोकतंत्र है। बढ़ती सामाजिक-आर्थिक विषमता हमसे कुछ अहसज सवाल पूछती है। हम विश्व की सबसे तेज रफ्तार से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। फिर 80 करोड़ से भी अधिक लोगों को हर महीने पांच किलो मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है? जनसंख्या नियंत्रण की चिंता छोड़ हम आबादी को संसाधन बताने लगे हैं तो बेरोजगारी सुरसा के मुंह की तरह क्यों बढ़ रही है? बेलगाम भ्रष्टाचार और महंगाई के मुद्दों पर हम अंतरराष्ट्रीय उदाहरणों की आड़ लेते क्यों नजर आते हैं? शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील क्षेत्र भी मुनाफाखोर निजी क्षेत्र के हवाले क्यों हैं? देश को तमाम बीमारियों का केंद्र बनाने वाला लालच का मिलावटी कारोबार क्यों जारी है? 'वसुधैव कुटुंबकम' की सोच वाले देश में ही कुछ राज्यों में भाषा-संस्कृति के नाम पर विरोध की संकीर्ण राजनीति क्यों पनप रही है? 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करने के लिए भी इस विभाजनकारी तथा देश हित पर दलीय हितों को प्राथमिकता देने वाली राजनीति से मुक्ति अनिवार्य शर्त है। बेशक मतभेद और असहमति लोकतंत्र के अनिवार्य तत्व हैं, लेकिन मनभेद और टकराव हमेशा उसे कमजोर ही करते हैं।

# समावेशी विकास से हासिल होगा लक्ष्य



संबोधन
रवि शंकर
वरिष्ठ पत्रकार

प्रधानमंत्री मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर 'आत्मनिर्भर भारत' को विकसित भारत के लिए आधार स्तंभ बताया। उन्होंने रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, अंतरिक्ष और विनिर्माण क्षेत्रों में भारत की प्रगति पर प्रकाश डाला। ऑपरेशन सिंदूर और स्वदेशी जेट इंजन विकास पर जोर देते हुए उन्होंने आत्मनिर्भरता को राष्ट्रीय शक्ति का आधार बताया। अपने संबोधन में उन्होंने 'विकसित भारत' के संकल्प से लेकर सीमा सुरक्षा, तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और देश के युवाओं के भविष्य तक, हर महत्वपूर्ण विषय पर सरकार का विजन और भविष्य का रोडमैप देश के सामने रखा। पीएम मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि अगले 25 साल भारत के लिए निर्णायक हैं। हमें एक पल भी नहीं गंवाना है और एक लक्ष्य लेकर चलना है- विकसित भारत। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति का जिक्र करते हुए इसे देश की बढ़ती ताकत का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया आज भारत को एक 'ब्राइट स्पॉट' के रूप में देख रही है।

बहरहाल, अगर हम आजादी के बाद से भारतीय आर्थिक विकास के कालक्रम पर नजर डालें, तो यह एक बिखरी हुई अर्थव्यवस्था से शुरू होता है, क्योंकि भारत को ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन द्वारा एक बेहद कमजोर अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी। लेकिन करीब आठ दशक का सफर तय करते हुए भारत ने आज वैश्विक स्तर पर एक महाशक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई है। हमने जापान जैसे तकनीकी प्रधान और विकसित देश को भी सकल घरेलू उत्पाद के मामले में पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का गौरव हासिल किया है।

## विकासशील नीतियां, समग्र प्रयास

हमारी यह पहचान और मजबूती आजादी से लेकर अब तक की सरकारों के विकासशील नीतियों और समग्र प्रयासों से ही बन पाई हैं। इन प्रयासों ने घरेलू मांग में वृद्धि, औद्योगिक और सेवा क्षेत्र में विस्तार, मजबूत आर्थिक संरचनाओं और सतत आर्थिक सुधारों को सुनिश्चित किया। साल 1947 से भारत की आर्थिक यात्रा पर गौर करें तो एक कमजोर, बिखरी, कृषि-प्रधान, ऋणग्रस्त अर्थव्यवस्था से दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते और सबसे प्रभावशाली बाजारों में से एक बनने तक का सफर तय किया है।

## खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर

साल 1947 से 2025 तक भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि, सेवा और औद्योगिक क्षेत्रों की यात्रा बड़े परिवर्तन की गवाह रही है। स्वतंत्रता के समय 1950 में जीडीपी में कृषि का हिस्सा लगभग 51 फीसदी था, जो 2025 में घटकर 16-17 फीसदी पर आ गया। यह गिरावट कृषि उत्पादन में कमी के कारण नहीं, बल्कि सेवा और उद्योग के तेजी से बढ़ने के कारण हुई है। हरित क्रांति (1960-70) ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता दिलाई, लेकिन रोजगार और आय में वृद्धि सीमित रही। औद्योगिक क्षेत्र का योगदान 1950 के 13 फीसदी



से बढ़कर 2025 में लगभग 25-26 फीसदी हो गया। इसमें विनिर्माण, ऑटोमोबाइल, स्टील और फार्मास्युटिकल जैसे क्षेत्रों ने अहम भूमिका निभाई। सेवा क्षेत्र ने सबसे तेज वृद्धि दर्ज की 1950 में 30 फीसदी हिस्सेदारी से बढ़कर 2025 में 55-57 फीसदी तक, विशेषकर आईटी, वित्त, दूरसंचार, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाओं के चलते। साल 1991 के आर्थिक उदारीकरण, विदेशी निवेश और डिजिटल क्रांति ने सेवा और उद्योग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। आज भारत कृषि उत्पादन में विश्व के शीर्ष देशों में है। औद्योगिक उत्पादन विविध और वैश्विक स्तर का हो चुका है और सेवा क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में अग्रणी बनकर देश की आर्थिक रीढ़ का काम कर रहा है। उदारीकरण के दौर के बाद भारत तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा है। आर्थिक, सैन्य एवं अंतरिक्ष क्षेत्र में इसने सफलता की बड़ी छलांग लगाई है। चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ी है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है। सैन्य क्षेत्र में भारत एक महाशक्ति बनकर उभरा है। परमाणु हथियारों से संपन्न भारत के पास दुनिया की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है। मिसाइल तकनीकी में दुनिया भारत का लोहा मान रही है। अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने नए-नए कीर्तमान गढ़े हैं। आईटी सेक्टर में देश अग्रणी बना हुआ है। इन उपलब्धियों ने देश को सुपरपावर बनने के दरवाजे पर लाकर खड़ा कर दिया है। फिर भी पांच ट्रिलियन इकोनॉमी वाले देश से भारत अब भी बहुत पीछे हैं। जबकि 2018 में भारत सरकार ने संकल्प लिया था कि 2025 तक वह पांच ट्रिलियन इकोनॉमी वाला देश बन जाएगा। हालांकि बीच में दो साल की महामारी ने भी बाधा डाली, लेकिन फिर भी पांच ट्रिलियन इकोनॉमी बनने का लंबे समय से इंतजार कर रहे लोग यह देखकर निराश हैं कि समय सीमा पूरी हो जाने के बाद भी यह लक्ष्य दूर है।

बहरहाल, एक महत्वाकांक्षी आर्थिक महाशक्ति के रूप में भारत अब एक दोराहे पर खड़ा है, जहां एक तरफ सवाल है कि क्या भारत को ऐसे आर्थिक मॉडल का अनुशरण करना चाहिए जो आर्थिक विकास का लाभ सभी वर्गों, क्षेत्रों और समुदायों तक पहुंचाने पर बल देता हो, जिसमें रोजगार सृजन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा और सामाजिक न्याय शामिल हैं। या दूसरी तरफ क्षेत्र विशेष आधारित विभाजित भविष्य का जोखिम उठाए जो भारत को एक विश्व पटल पर विशेषज्ञता की पहचान तो दिलाएगा साथ ही आय में असमानता, सामाजिक असंतोष और क्षेत्रीय असंतुलन भी पैदा कर सकता है। इससे आर्थिक और सामाजिक स्थिरता पर नकारात्मक असर पड़ेगा और भारत की वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की क्षमता कमजोर होगी। अगर हमें वाकई वैश्विक परिदृश्य में महाशक्ति के रूप में स्वयं को स्थापित करना है तो हमे आर्थिक प्रगति के संतुलित और समावेशित ढांचे को अपनाना और निष्पादित करना होगा ताकि इससे हमारी अर्थव्यवस्था आतंरिक और बाह्य रूप से मजबूत हो सके। भारत ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का जो सपना देखा है उसका साकार होना इसी संतुलित सतत और समावेशी विकास क्रम पर निर्भर करेगा। यह ठीक है कि करीब आठ दशक की इस विकास यात्रा में कई नए कीर्तिमान बने हैं। आज भारत की पहचान एक सशक्त राष्ट्र के रूप में है। यह अनायास नहीं है।

## परिपक्व देश के रूप में पहचान

दुनिया आज भारत की तरफ देख रही है। बीते 79 सालों में अपनी अंदरूनी समस्याओं, चुनौतियों के बीच देश ने ऐसा कुछ जरूर हासिल किया है, जिसकी तरफ दुनिया आकर्षित हो रही है। जाहिर है कि आज भारत के पास दुनिया को देने के लिए बहुत कुछ है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में भारत ने परिपक्व देश के रूप में अपनी पहचान बनाई है। यह भारत की जीत है।

# 'वोट चोरी' के दावों के बीच चुनाव आयोग आज करेगा प्रेस कॉन्फ्रेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लगाए गए 'वोट चोरी' के आरोपों और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दलों के लगातार विरोध के बीच चुनाव आयोग (ईसीआई) रविवार शाम 3 बजे नई दिल्ली स्थित नेशनल मीडिया सेंटर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा।

बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया शुरू होने के बाद चुनाव आयोग की यह पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी। ईसीआई ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस का विषय अभी तक स्पष्ट नहीं किया है, हालांकि सूत्रों ने बताया कि यह विपक्ष दलों द्वारा चुनाव आयोग के खिलाफ लगाए गए आरोपों से संबंधित हो सकता है। राहुल गांधी ने बार-बार चुनाव आयोग पर मतदान के आंकड़ों में हेराफेरी का आरोप लगाया है और कहा है कि महाराष्ट्र और हरियाणा में विधानसभा और कर्नाटक में लोकसभा चुनावों में बीजेपी को जिताने के लिए 'वोट चोरी' हुई थी।

## राहुल समेत विपक्ष के आरोपों का मिलेगा जवाब?

### विपक्षी दल का एसआईआर विरोध

*चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव से चार महीने पहले राज्य की मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू कर किया है, जिसका विपक्षी दल विरोध कर रहे हैं। इस निर्णय को लेकर उठे सवाल अब संसद के मानसून सत्र में चर्चा का विषय बन गए हैं और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। विपक्षी दलों का दावा है कि चुनाव आयोग के इस कदम से दस्तावेजों के अभाव में करोड़ों पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित हो जाएंगे।*




### आयोग पर सुप्रीम सख्ती

आयोग के नानुकर के बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से बिहार में मतदाता सूची में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख नामों का विवरण, उन्हें शामिल न करने के कारणों सहित प्रकाशित करने को कहा है, जिसके लिए आयोग सहमत हो गया है। अगर किसी पात्र मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से बाहर हुआ है, तो चुनाव आयोग ने उसे अपना नाम जुड़वाने के लिए 30 सितंबर तक का मौका दिया है। अंतिम मतदाता सूची 1 अक्टूबर को प्रकाशित की जाएगी।

## राहुल की वोट अधिकार यात्रा बिहार में आज से शुरू, तेजस्वी भी होंगे शामिल

**1,300 किमी की यह यात्रा चलेगी 16 दिन, गुजरेगी 25 जिलों से**

पटना। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी 17 अगस्त से बिहार यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। कांग्रेस ने इसका नाम वोट अधिकार यात्रा दिया है। राहुल गांधी 16 दिन बिहार में रहेंगे। इस दौरान वह 24 जिले में यात्रा करेंगे। इन 24 जिलों में 118 विधानसभा आते हैं। कांग्रेस सांसद अखिलेश सिंह ने कहा कि 17 अगस्त से वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत हो रही है। इसको लेकर सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। 16 दिन तक चलने वाली 1,300 किलोमीटर की यह यात्रा बिहार के करीब 25 जिलों से गुजरेगी। इस यात्रा में इंडिया गठबंधन के सभी दल के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी इस यात्रा में शामिल होंगे।




*वोट की मजबूती के लिए यात्रा : कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने कहा कि राहुल वोट के अधिकार को मजबूत करने, भारत के संविधान, लोकतंत्र और मतदाताओं को मजबूत करने बिहार आ रहे हैं। राहुल बिहार और भारत के भविष्य को मजबूत करने के लिए यह वोटर अधिकार यात्रा पर निकल रहे हैं। वे जनता की अदालत में पहुंचेंगे तथा लोगों को बताएंगे कि भारत के संविधान को अगर मजबूत करना है, तो यहां के मतदाता को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि यात्रा बिहार में मतदाता सूची में संशोधन के खिलाफ और 'वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई' को एक जन आंदोलन बनाने के लिए के लिए की जा रही है।*

### यह है यात्रा का पूरा शेड्यूल

17 अगस्त - रोहतास, 18 अगस्त- औरंगाबाद, गया, 19 अगस्त- नवादा, नालंदा, शेखपुरा, 21 अगस्त- लखीसराय, मुंगेर, 22 अगस्त- भागलपुर, 23 अगस्त- कटिहार, 24 अगस्त- पूर्णिया, अररिया, 26 अगस्त- सुपौल, मधुबनी, 27 अगस्त- दरभंगा, मुजफ्फरपुर, 28 अगस्त- सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, 29 अगस्त- पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान, 30 अगस्त- सारण, आरा, एक सितंबर- पटना।

## खबर संक्षेप

### बिहार में 1 करोड़ युवाओं को रोजगार का ऐलान



**पटना।** बिहार में नए उद्यमियों के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की है। नीतीश कुमार ने शनिवार को जन्माष्टमी के मौके पर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब बिहार में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाएगा। इसके साथ ही नीतीश कुमार ने युवाओं के रोजगार की दृष्टि से भी बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि अगले 5 वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है।

### लारेंस गुट के त्यागी ने दिल्ली जेल में लगाई फांसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक बड़े गैंगस्टर सलमान त्यागी ने मंडोली जेल में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली है। सलमान का शव सेल में चादर से लटका मिला है। वह पश्चिमी दिल्ली का बड़ा गैंगस्टर था और नीरज बवाना से लॉरेंस बिश्नोई तक के लिए काम कर चुका था। मकोका केस में बंद सलमान त्यागी पर लूट और हत्या जैसे दर्जनों आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। यह घटना दिल्ली की जेल नंबर 15 में हुई जहां उसकी लाश एक फंदे से लटकी मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। सलमान त्यागी ने आत्महत्या की या उसकी मौत के पीछे कोई दूसरी वजह है, पुलिस इसका पता लगाने के लिए जांच शुरू कर चुकी है।

### इस्कॉन मामला- एसएचओ समेत 26 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 25 स्थित इस्कॉन मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे दिल्ली पुलिस आयुक्त ने वहां की अव्यवस्था और सुरक्षा में लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने शनिवार को शाहबाद डेरी के स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) सहित 26 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था में चूक और आयुक्त के काफिले को गलत गेट पर रोकने के कारण की गई। जानकारी के अनुसार, पुलिस आयुक्त का काफिला वीआईपी गेट नंबर एक के बजाय गेट नंबर दो पर रोका गया, जो आम लोगों के लिए निर्धारित है।

## बंदूकें, नक्सली साहित्य, नक्सली वर्दी बरामद, उल्टे पैर भागे नक्सली

# नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

जिले के केशकाल थाना क्षेत्र के ग्राम नालाझार में जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस हमले में नक्सली तो भाग गए, लेकिन सर्चिंग में जवानों को नक्सली साहित्य सहित दो बंदूक भी बरामद हुई है।

मुठभेड़ की जानकारी देते हुए डीएसपी नक्सल सतीश भार्गव ने बताया कि जवानों को नक्सलियों की सूचना पर रवाना किया गया था।



जहां नक्सलियों को जवानों के आने की खबर लग गई। दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हुई, जो रुक रुककर काफी देर तक होती रही। इस मुठभेड़ में जवानों ने नक्सलियों मुंहतोड़ जवाब दिया। जिससे कि नक्सली भाग खड़े हुए। जवानों ने नक्सलियों का पीछा भी किया, लेकिन वे भागने में सफल रहे। इस दौरान पुलिस को सर्चिंग में 2 भरमार बंदूक, वर्दी, नक्सली साहित्य के साथ ही दवाइयां भी बरामद हुई हैं। इस मुठभेड़ के दौरान एक ग्रामीण के घायल होने की बात भी सामने आई है, फिलहाल इलाके में सर्चिंग बढ़ा दिया गया है।

## भिलाई स्टील प्लांट में तेज धमाकों के साथ लगी आग

**प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस-8 में वेस्ट कैचर अचानक फटा, जनहानि नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

एशिया के सबसे बड़े स्टील प्लांट भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) में शुक्रवार शनिवार की दरम्यानी रात को बड़ा हादसा हो गया। प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस-8 में वेस्ट कैचर अचानक फट गया। जिससे तेज धमाके के साथ भीषण आग लग गई। हादसे के बाद प्लांट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर बीएसपी के दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

फायर ब्रिगेड की 4 से 5 गाड़ियां मौके पर पहुंचकर दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार, ब्लास्ट फर्नेस-8 से वर्तमान में प्रतिदिन करीब 9 हजार टन इस्पात का उत्पादन किया जाता है। आग लगने से उत्पादन पर सीधा असर पड़ा है।



इस्पात प्रबंधन ने फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था के तहत प्रोडक्शन जारी रखने की कोशिश शुरू कर दी है। हादसे के बाद बीएसपी प्रबंधन ने जांच के आदेश दिए हैं। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। लेकिन बड़ी मात्रा में केबल जलाकर खाक हो गए हैं।

## राज्य स्तरीय साइबर जागरुकता अभियान की छग सीएम ने की शुरुआत

# एसबीआई साइबर सतर्कता रथ को हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को राज्य स्तरीय साइबर जागरूकता अभियान की शुरुआत की। रायपुर स्थित अपने मुख्यमंत्री निवास से एसबीआई साइबर सतर्कता रथ (ऑडियो-वीडियो वैन) को झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान सीएम साय ने कहा कि तकनीक ने मानव जीवन को आसान और सहज बनाया है। डिजिटल लेन-देन



तेज और सुविधाजनक हुए हैं, लेकिन इसके साथ साइबर ठगी जैसी चुनौतियां भी बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सतर्कता और सावधानी से लोग साइबर धोखाधड़ी से बच सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जागरूकता अभियान लोगों में साइबर सुरक्षा की समझ बढ़ाने का एक प्रभावी प्रयास है। इसके अंतर्गत ऑडियो-वीडियो संदेश, नुक्कड़ नाटक और कठपुतली नाटक के माध्यम से साइबर धोखाधड़ी के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। प्रदेश में 29 ऐसे हॉटस्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जहां साइबर ठगी के मामले अधिक होते हैं और इस रथ का विशेष फोकस उन स्थानों पर रहेगा।

### बैंक खातों की जानकारी रखें गोपनीय

मुख्यमंत्री साय ने लोगों से अपील की कि वे अपने बैंक खाते की गोपनीय जानकारी, पासवर्ड या ओटीपी किसी से साझा न करें और अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें। उन्होंने कहा कि साइबर ठग आए दिन नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगने की कोशिश करते हैं। जरा सी लापरवाही मेहनत की कमाई पर भारी पड़ सकती है। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग जागरूक हों और साइबर अपराध से स्वयं को सुरक्षित रखें।

### 30 नवंबर तक चलेगा अभियान

*डिजिटल माध्यम से हो रही धोखाधड़ी और अनाधिकृत लेन-देन की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए भारतीय स्टेट बैंक ने 'हर भारतीय का बैंकर' होने के नाते राज्यव्यापी साइबर सुरक्षा जागरुकता अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान 15 अगस्त से 30 नवंबर 2025 तक चलेगा। यह रथ प्रदेश के सभी 33 जिलों में जाएगा और नाचा दल व नुक्कड़ नाटकों के जरिए लोगों को साइबर ठगी के तरीकों और इससे बचने के उपायों के बारे में जानकारी देगा। भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों ने बताया कि ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराई जा सकती है। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के डीजीएम राकेश सिन्हा, एजीएम दीपक कुमार सिन्हा सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।*

# किश्तवाड़ हादसा, करीब 65 शव बरामद, 40 की हुई पहचान

**200 से ज्यादा हुए लापता, अब तक 500 का रेस्क्यू**

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चसोटी गांव में सर्च-रेस्क्यू का शनिवार को तीसरा दिन था। 14 अगस्त की दोपहर 12.25 बजे यहां बादल फटा था। इसके कारण मलबे में दबने से अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 34 शवों की पहचान की जा चुकी है।

500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए हैं, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। घायलों की संख्या 180 है, जिनमें से 40 की हालत गंभीर है। सभी घायलों को किश्तवाड़-जम्मू के अस्पतालों में भर्ती किया गया है। 75 लोगों की डिटेल उनके परिजन ने प्रशासन को दी है। रेस्क्यू में एनडीआरएफ की 3 टीमें, सेना (300+ जवान), व्हाइट नाइट कोर मेडिकल टीम, पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू में जुटी हैं।



### डराने वाले मंजर

इस त्रासदी के मंजर डराने वाले हैं। मलबे में कई शव खून से सने थे। फेफड़ों में कीचड़ भर गया था। टूटी पसलियां और अंग बिखरे पड़े थे। स्थानीय लोगों, सेना के जवानों और पुलिस ने घायलों को घंटों मशक्कत के बाद कीचड़ भरे इलाके से खोदकर अपनी पीठ पर लादकर अस्पताल पहुंचाया गया।

### श्रद्धालु पहुंचे थे गांव

यह हादसा उस वक्त हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचैल माता यात्रा के लिए जिले के पड्डर सब-डिवीजन में चसोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। सब कुछ बाढ़ में बह गया। चसोटी किश्तवाड़ शहर से लगभग 90 किलोमीटर और मचैल माता मंदिर के रास्ते पर पहला गांव है।



### जेल में बंद दो सांसद भी वोटिंग के पात्र

**नई दिल्ली।** आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव में लोकसभा के कम से कम दो सांसद डाक मतपत्र के जरिए वोट डालेंगे। यह चुनाव 9 सितंबर को होगा। केवल वे सांसद जो निरोधात्मक हिरासत में हैं, वे ही डाक मतपत्र से वोट दे सकते हैं। इनमें शेख अब्दुल राशिद (बरामूला) आतंकी फंडिंग में ट्रायल का सामना कर रहे हैं और तिहाड़ जेल में बंद है। जबकि अमृतपाल सिंह (खडूर साहिब)- राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत असम के डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं।

# राष्ट्रपति-राज्यपाल के लिए समयसीमा निर्धारण का केंद्र ने किया विरोध

**सुप्रीम कोर्ट से कहा- संविधान में कोई 'सुप्रीम' नहीं**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने राष्ट्रपति और राज्यपाल के लिए किसी विधेयक पर फैसला लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा समयसीमा निर्धारित किए जाने का विरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने जवाब में केंद्र सरकार ने कहा है कि संविधान के मुताबिक कोई 'सुप्रीम' नहीं' है। सुप्रीम कोर्ट, राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए समयसीमा नहीं तय कर सकता।

बता दें कि गत 22 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी करके केंद्र सरकार को मामले में अपना जवाब पेश करने के लिए कहा था। सरकार ने कोर्ट में दाखिल किए गए जवाब में संविधान में लोकतांत्रिक व्यवस्था के हर अंग के लिए किए गए 'शक्तियों के बंटवारे' का उल्लेख किया है। सरकार ने कहा है कि संविधान निर्माताओं ने जानबूझकर राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की थी।



राष्ट्रपति और राज्यपाल को संविधान के तहत मिले अधिकार कार्यपालिका की वर्किंग के दायरे में आते हैं। न्यायपालिका इसमें किसी भी तरह का दखल नहीं दे सकती। आर्टिकल 200 के तहत बिल पर फैसला लेने के राज्यपाल के अधिकार की न्यायिक समीक्षा नहीं हो सकती।

### यह है मामला

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए किसी बिल को मंजूरी देने के लिए समयसीमा निर्धारित की गई थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रेसिडेंशियल रेफरेन्स भेजा और 14 विषयों पर सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी। इन्हीं विषयों पर विचार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ का गठन किया था। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों से जवाब दाखिल करने को कहा था। मंगलवार को प्रेसिडेंशियल रेफरेन्स पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है।

## भारत-फ्रांस गहरे समुद्र मिशन में मिली कामयाबी

# भारतीय गोताखोर ने पांच हजार मीटर गहराई में गोता लगाकर बनाया रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश ने भारत-फ्रांस महासागर मिशन में पांच हजार मीटर गहराई में गोता लगाने का कीर्तिमान हासिल किया। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने गुरुवार को अटलांटिक महासागर में फ्रांसीसी पनडुब्बी नॉटाइल पर सवार भारतीय गोताखोर द्वारा पांच हजार मीटर गहराई में गोता लगाने की घोषणा की। यह समुद्र अन्वेषण कार्यक्रम में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह गहरे समुद्र मिशन के तहत भारत-फ्रांस सहयोग का हिस्सा था।

### एनआईओटी का मिला सहयोग



*डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह मिशन चेन्नई के राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी) के सहयोग से पूरा किया गया और इससे भविष्य के गहरे समुद्री अभियानों का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है। इसमें हिंद महासागर में अत्यधिक गहराई पर पहला मानवयुक्त अवतरण भी शामिल है।*

### पहला स्वदेशी समुद्रयान

समुद्रयान परियोजना के तहत देश की पहली स्वदेशी रूप से विकसित गहरे समुद्र में मानव निर्मित पनडुब्बी 'मत्स्य 6000' को गहरे समुद्र में अन्वेषण, संसाधन मूल्यांकन और जैव विविधता अध्ययन के लिए छह हजार मीटर तक की गहराई तक पहुंचने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि यह सफल गोता समुद्री विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाता है।

## खुले में पड़ी मिलीं क्लोरीन गैस कैप्सूल की बोरियां, संचालक पर दर्ज होगा केस

**भोपाल।** गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एडीआईएचएच फैक्ट्री से क्लोरीन गैस के रिसाव मामले में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने तीन दिन में नगर निगम, सीएमएचओ और उद्योग विभाग से रिपोर्ट तलब की है। इसके बाद तीनों विभागों की टीम ने गुरुवार को फैक्ट्री का दौरा किया। जहां क्लोरीन कैप्सूल की बोरियां पड़ी मिलीं, जिससे फैक्ट्री संचालक की लापरवाही सामने आई है। रिपोर्ट आने के बाद फैक्ट्री संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जा सकता है। जेके रोड स्थित गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार दोपहर केमिकल स्टोर से क्लोरीन गैस का रिसाव होने पर हड़कंप मच गया था।

# ट्रंप के टैरिफ पर अब आरएसएस एक्टिव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की ओर से भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) इस मामले में एक्टिव हो गया है। इसी के मद्देनजर आरएसएस दिल्ली में बड़ी बैठक करेगा।

ये बैठक 19 और 20 अगस्त को होगी, जिसमें टैरिफ पर आगे की रणनीति तय होगी और संगठन सिफारिशें केंद्र सरकार को भेजेगा। जानकारी के अनुसार दिल्ली में आरएसएस की होने जा रही इस बैठक की अध्यक्षता संघ प्रमुख मोहन भागवत करेंगे। इसके अलावा बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय



**दिल्ली में 2 दिन बैठक बनेगी रणनीति**

होसबोले समेत सभी छह सह-सरकार्यवाह और कई अखिल भारतीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हाल ही में इंडिया पर लगाए गए टैरिफ समेत देश के भविष्य के लिए विदेश नीति क्या रहे? इस पर चर्चा होने की संभावना है।

## कर्ज से परेशान ऑटो ड्राइवर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** छोला मंदिर के ईरानी डेरा इलाके में बैट्री आटो ड्रायवर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके कुछ घंटे पहले ही पत्नी अपने तीन बच्चों के साथ मायके रायसेन गई थी। हालांकि पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है लेकिन शुरूआती जांच में पता चला है कि मृतक पर लोन चढ़ा था और वो किश्त अदा नहीं कर पा रहा था। वह तनाव में रहने लगा था। पुलिस का कहना है कि गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पत्नी व अन्य परिजनों के बयान होने के बाद सही कारण सामने आ सकेंगे। पुलिस के मुताबिक जैन मंदिर के सामने ईरानी डेरा निवासी भारत प्रजापति (35) बैट्री ऑटो चलाता था। परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। बुधवार सुबह करीब सात बजे पत्नी अपने तीन बच्चों को लेकर रायसेन जिला स्थित मायके चली गई थी। घर में भारत अकेला था। सुबह करीब 11 बजे तक उसे देखा गया था। उसके बाद वह घर के अंदर चला गया।



# परेश की फिल्म 'द ताज स्टोरी' की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

**मुंबई।** अभिनेता परेश रावल पिछली बार फिल्म 'अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' में दिखे थे, लेकिन यह फिल्म कब आई और कब चली गई, किसी को पता भी नहीं चला। आने वाले समय में परेश एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे और अब उनकी नई फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम 'द ताज स्टोरी' है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान तुषार अमरीश गोयल ने संभाली है। 'द ताज स्टोरी' का निर्माण सीए सुरेश झा कर रहे हैं। फिल्म का पहला वीडियो सामने आ गया है, जिसमें परेश एक अदालत में खड़े होकर बौद्धिक आतंकवाद के मुद्दे पर जोरदार बहस करते नजर आ रहे हैं।



## लाइफ Style

# आलिया लेकर आ रहीं यंग एडल्ट फिल्म

आलिया भट्ट बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिन्होंने बहुत कम समय और उम्र में इंडस्ट्री में अपनी एक खास जगह बनाई है। फिल्म दर फिल्म उनकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। पिछली बार आलिया को फिल्म 'जिगरा' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया।

एजेंसी ⏭ मुंबई

आने वाले समय में वह कई बड़ी फिल्मों में नजर आएंगी। अब खबर आ रही है कि आलिया एक युवा वयस्क (यंग-एडल्ट) फिल्म लेकर आ रही हैं। पीपिंगमून की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'डार्लिंग्स' और 'जिगरा' को मिली सराहना के बाद अब आलिया अपने प्रोडक्शन हाउस 'इटरनल सनशाइन पिक्चर्स' के तहत अमेजन प्राइम वीडियो के लिए एक हाई-कॉन्सेप्ट युवा वयस्क फिल्म बनाने जा रही हैं। आलिया खुद इस फिल्म का निर्माण करने वाली हैं। इस फिल्म के लिए उन्होंने पहली बार चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट के साथ हाथ मिलाया है, जिसने पहले 'गुलमोहर', 'जादूगर' और 'द मेहता बॉयज' जैसी फिल्मों का निर्माण किया था।

आलिया की इस फिल्म के निर्देशन की कमान श्रीति मुखर्जी को सौंपी गई है, जो 'ये जवानी है दीवानी' और 'ब्रह्मास्त्र' में अयान मुखर्जी की सहायक निर्देशक रह चुकी हैं। इस फिल्म के जरिए श्रीति बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिलहाल इस फिल्म की कहानी पर काम चल रहा है और इसकी शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू हो सकती है।

## हॉलीवुड मसाला



# अभिनेत्री केली मैक नहीं रहीं

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अभिनेत्री केली मैक, जिन्हें द वॉकिंग डेड और शिकागो मेड में अपनी शानदार भूमिकाओं के लिए जानी जाती है. 33 साल की उम्र में निधन हो गया। खबरों के मुताबिक, उन्होंने ग्लियोमा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जंग लड़ रही थी, लेकिन वह इस जंग से हार गईं। अमेरिकी अभिनेत्री केली मैक का 33 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने गत दिवस अपने होमटाउन सिनसिनाटी में अंतिम सांस ली। केली मैक ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत बहुत ही कम उम्र में विज्ञापनों से की थी।



# रहस्यमयी आइलैंड की नई चुनौती 'वन पीस' 3 का टीजर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की लोकप्रिय वेब सीरीज 'वन पीस' अपने फैंटेसी और रोमांचक थ्रिलर अंदाज के लिए जानी जाती है। अब तक दो सफल सीजन से दर्शकों का दिल जीतने के बाद, लंबे समय से इसके तीसरे सीजन का इंतजार किया जा रहा था, जो अब खत्म हो चुका है। मेकर्स ने वन पीस सीजन 3 की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इसके साथ ही लेटेस्ट टीजर भी जारी कर दिया है। 2023 में नेटफ्लिक्स पर इसका पहला सीजन रिलीज हुआ था, जिसे दुनियाभर में दर्शकों और क्रिटिक्स से शानदार प्रतिक्रिया मिली. अनोखी काल्पनिक कहानी और दमदार एडवेंचर ने इसे खास बना दिया. इसके बाद 2024 में दूसरा सीजन आया, जो पहले से भी ज्यादा सफल साबित हुआ। सीजन 3 में एक बार फिर इनाकी गोडोय, एमली रूड, मैकेन्यू, टेज स्काईलर और लारा अवोवा जैसे कलाकार अपने किरदारों में नजर आएंगे।



# एक चतुर नार' सितंबर में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी निर्देशक, फिल्म निर्माता और अभिनेत्री दिव्या खोसला कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'एक चतुर नार' को लेकर चर्चा में हैं। इस थ्रिलर फिल्म के लिए दिव्या के साथ अभिनेता नील नितिन मुकेश नजर आएंगे। 'एक चतुर नार' के निर्देशन की कमान उमेश शुक्ला ने संभाली है, जिन्हें '102 नॉट आउट' और 'ओएमजी' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। अब फिल्म 'एक चतुर नार' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। 'एक चतुर नार' का ट्रेलर ऋतिक रोशन, कियारा आडवाणी और जूनियर एनटीआर जैसे सितारों से सजी फिल्म 'वॉर 2' के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हो गया है। निर्माताओं ने इसकी जानकारी देते हुए लिखा, 'ट्रेलर का असली मजा सिर्फ बड़े पर्दे पर। 'एक चतुर नार' का ट्रेलर 'वॉर 2' के साथ सिर्फ सिनेमाघरों में देखें।'



# 'परम सुंदरी' के एक दृश्य पर मचा बवाल

**मुंबई।** जल्द ही कई नई जोड़ियां फिल्मों में नजर आएंगी। इन्हीं में से एक है सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की जोड़ी, जो फिल्म 'परम सुंदरी' में दिखने वाली है। बीते दिनों फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसे काफी पसंद किया गया। अब 'परम सुंदरी' के ट्रेलर में दिखाए गए एक रोमांटिक दृश्य को लेकर विवाद छिड़ गया है। इतना ही नहीं, इस दृश्य को फिल्म से हटाने की मांग की जा रही है। फिल्म के ट्रेलर में एक दृश्य दिखाया गया है, जिसमें सिद्धार्थ-जाह्नवी चर्च में रोमांटिक अंदाज में दिख रहे हैं। इस दृश्य को आधार बनाकर ईसाई समुदाय के सदस्यों ने विरोध जताया है। वॉचडॉग फाउंडेशन ने सेंसर बोर्ड, मुंबई पुलिस, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार को पत्र लिखकर निर्माताओं को फिल्म से इस दृश्य को हटाने का निर्देश देने को कहा है।

## टीवी मसाला



# 'क्योंकि सास भी...' का दूसरे ही हफ्ते काम-तमाम, 'अनुपमा' फिर टॉप पर

**नई दिल्ली।** एकता कपूर के शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को पिछले दिनों खूब ट्रोल किया गया। शो की मुख्य अभिनेत्री स्मृति ईरानी की जगह उनकी बॉडी डबल का इस्तेमाल करने पर लोगों ने निर्माताओं को खूब खरी-खोटी सुनाई। फैंस ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर स्मृति को एक्टिंग करनी ही नहीं थी तो उन्होंने शो में वापसी क्यों की। बहरहाल, ये शो अपनी लॉन्चिंग के दूसरे ही हफ्ते में टीआरपी रेस में बुरी तरह पिछड़ गया है।

***'अनुपमा' ने फिर मारी बाजी :*** बार्क हर सप्ताह टीआरपी की सूची जारी करता है, जिससे पता चलता है कि कौन-सा टीवी शो कितने पानी में है। इस सप्ताह भी बार्क ने टीआरपी लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें अक्सर सबसे ऊपर रहने वाले रूपाली गांगुली के शो 'अनुपमा' ने फिर नंबर 1 पर धाक जमा ली, लेकिन 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की रेटिंग लुढ़की हुई नजर आई। आलम यह है कि ये टीआरपी की सूची में लुढ़ककर चौथे स्थान पर आ गया।

***ये 3 शो रहे आगे :*** 'अनुपमा' ने इस हफ्ते नंबर 1 पर धाक जमा ली है। राजन शाही का ये धारावाहिक 2.2 रेटिंग के साथ पहले नंबर पर काबिज हो गया है। राजन शाही का धारावाहिक 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' को इस बार नंबर 2 का स्थान मिला, वो भी 2.1 रेटिंग के साथ। इस बार तो शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' तीसरे स्थान पर आ गया। इसने 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को मात देकर 2.1 रेटिंग हासिल की है।

***दूसरे हफ्ते 'क्योंकि सास.. ' को मिली बस इतनी रेटिंग :*** स्मृति का शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' पिछले हफ्ते बंपर रेटिंग के साथ पहले स्थान पर बैठा हुआ था। अब 31वें हफ्ते में इस धारावाहिक को मुंह की खानी पड़ी। दरअसल, 'क्योंकि सास...' चौथे स्थान पर आ गया है। हैरानी की बात यह है कि पहले हफ्ते 2.3 रेटिंग पाने वाले इस शो को अपनी रिलीज के दूसरे हफ्ते 1.8 रेटिंग मली है। ये न सिर्फ स्मृति, बल्कि एकता के लिए भी बड़ा झटका है।

***'क्योंकि सास...' में स्मृति को देख ठनका लोगों का माथा :*** अब देखना होगा कि 'क्योंकि सास...' को टीआरपी सूची में सबसे ऊपर लाने के लिए अब एकता क्या पैंतरा अपनाती हैं। शो के हालिया एपिसोड में स्मृति को देख दर्शकों का माथा ठनक गया। दरअसल, लोगों का कहना है कि शो में उनकी बॉडी डबल का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल किया गया है, जो अखर रहा है। दर्शकों ने तंज कसते हुए एकता और स्मृति को ये तक कह दिया था कि शो बनाने की जरूरत ही क्या थी।

# 'तेहरान' की जान हैं जॉन का बेजोड़ अभिनय...

**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता जॉन अब्राहम एक समय अपने अभिनय से कहीं ज्यादा अपने स्टाइल और फिटनेस को लेकर चर्चा में रहते थे, लेकिन पिछले कुछ समय से वह अपनी फिल्मों से दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं। 'द डिप्लोमैट' के बाद जॉन अब 'तेहरान' लेकर आए हैं। उनकी यह फिल्म जी5 पर रिलीज हो गई है। 'स्त्री 2' और 'छावा' वाले निर्माता दिनेश विजान ने इस फिल्म पर पैसा लगाया है।




***दिल्ली बम धमाके के इर्द-गिर्द बुनी गई कहानी :*** कहानी साल 2012 में दिल्ली में इजरायली दूतावास के बाहर हुए एक बम धमाके पर आधारित है, जिसकी जांच की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस के राजीव कुमार (जॉन) को मिलती है। मिशन में उसका साथ देती हैं दिव्या राणा (मानुषी छिल्लर) और शैलेजा (नीरू बाजवा)। अब राजीव सच्चाई का पता लगाने के लिए कितनी कुर्बानियां देगा, ये फिल्म में देखने वाली बात है। देशभक्ति, भावनाओं और रोमांच से लबरेज फिल्म की कहानी में राजनीतिक तनाव और भावनात्मक जुड़ाव दोनों है।

***जॉन ने शिद्दत से निभाया किरदार :*** जॉन ने एक पुलिसवाले, एक जिम्मेदार नागरिक और एक पिता सरीखे इंसान का किरदार बड़ी शिद्दत से निभाया। शुरुआत से लेकर अंत तक उनका एक-एक सीन लाजवाब है। देशभक्ति की खुशबू में रची-बसी और गंभीर भूमिकाएं जॉन पर खूब फबती हैं और इस फिल्म में भी अपने उसी चित-परिचित अंदाज से वह दिल में घर कर जाते हैं। मानुषी छिल्लर, नीरू बाजवा और जॉन की पत्नी बनीं मधुरिमा तुली भी अपनी छोटी सी भूमिका से असर छोड़ जाती हैं।

# जॉनी लीवर का असली नाम जानते हैं आप? बेहद दिलचस्प है सरनेम के पीछे की कहानी

**मुंबई।** जॉनी लीवर बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जो अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों के दिलों में एक अलग छाप छोड़ने में सफल रहे हैं। कॉमेडी के बादशाह 68 साल के हो गए हैं। जॉनी ने अब तक 350 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया है। इस दौरान उन्होंने अपनी बेहतरीन अदाकारी के दम पर करोड़ों लोगों के दिलों को जीता। जॉनी ने दुनियाभर में खूब नाम कमाया है, लेकिन क्या आप उनका असली नाम जानते हैं?



## कैसे और कहां से मिला सरनेम 'लीवर'

जॉनी लीवर के नाम से दुनियाभर में मशहूर अभिनेता का असली नाम जॉन प्रकाश राव जनुमाला है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि जॉनी का सरनेम 'लीवर' उनके पिता की नौकरी से जुड़ा है। जॉनी के पिता उस समय देश की नामी कंपनी हिंदुस्तान लीवर लिमिटेड में काम करते थे। जॉनी अक्सर उनके साथ दफ्तर जाते और वहां अपनी हाजिरजवाबी से लोगों को हंसा-हंसाकर लोटपोट कर देते थे। वहीं से उन्हें 'जॉनी लीवर' नाम मिला।

## 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगे जॉनी

काम के मोर्चे पर बात करें तो जॉनी को पिछली बार फिल्म 'हाउसफुल 5' में देखा गया था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। अब जॉनी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगे। कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'वेलकम' का तीसरा भाग 'वेलकम 3' का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, संजय दत्त, सुनील शेट्टी, अरशद वारसी, रवीना टंडन, दिशा पटानी और परेश रावल जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

## रिश्ते ना सिर्फ गहरे हैं बल्कि ये साबित करते हैं कि दिल का बंधन खून से भी ऊपर होता है

# खून का रिश्ता नहीं, फिर भी सगे से बढ़कर हैं ये स्टार किड्स सौतेले भाई-बहन

*रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के प्यार और विश्वास का अद्भुत उत्सव है, जो रिश्तों की मिठास और मजबूती का प्रतीक माना जाता है। इस दिन चाहे खट्टी-मीठी नोक-झोंक हो या दिल से जुड़े अटूट बंधन, हर रूप में ये रिश्ता खास होता है। खास बात तो ये है कि बॉलीवुड के कई स्टार किड्स ऐसे हैं, जिनकी मां अलग-अलग हैं, लेकिन उनके बीच का प्यार और साथ किसी भी सगे रिश्तेदार से कम नहीं। हम आपको बॉलीवुड के उन भाई-बहनों की कहानी बताएंगे, जिनके रिश्ते ना सिर्फ गहरे हैं बल्कि ये साबित करते हैं कि दिल का बंधन खून से भी ऊपर होता है।*

### शाहिद कपूर और सना कपूर



शाहिद कपूर और उनकी सौतेली बहन सना कपूर के बीच गहरा प्यार और सम्मान है। शाहिद के पिता पंकज कपूर की दूसरी शादी सुप्रिया पाठक से हुई, जिनसे सना का जन्म हुआ। दोनों ने साथ में फिल्म 'शानदार' में काम किया, जो भले ही सफल ना रही, लेकिन उनकी बॉन्डिंग सोशल मीडिया पर खूब देखी जाती है।

### सारा, इब्राहिम और तैमूर, जेह

सैफ अली खान और उनकी पहली पत्नी अमृता सिंह के बच्चे सारा और इब्राहिम अली खान, सैफ की दूसरी पत्नी करीना कपूर के बेटे तैमूर और बेटी जेह के साथ बेहद करीबी रिश्ता रखते हैं। सारा अक्सर तैमूर के साथ मस्ती करते हुए नजर आती हैं और इब्राहिम भी अपने छोटे भाइयों के लिए हमेशा मौजूद रहते हैं।





### अर्जुन, अंशुला, खुशी और जान्हवी कपूर

बोनी कपूर की पहली पत्नी मोना शौरी से जन्मे अर्जुन और अंशुला कपूर और उनकी दूसरी पत्नी श्रीदेवी से खुशी और जान्हवी कपूर के बीच घनिष्ठ रिश्ता है। श्रीदेवी के निधन के बाद भी ये चारों एक-दूसरे के सहारे बने हुए हैं और एक-दूसरे का हर मुश्किल वक्त में साथ देते हैं।

***राज बब्बर के बच्चे- आर्य, जूही और प्रतीक :*** राज बब्बर के बेटे आर्य और बेटी जूही, उनकी दूसरी पत्नी स्मिता पाटिल के बेटे प्रतीक बब्बर के साथ गहरा प्रेम रखते हैं। हालांकि प्रतीक की शादी में आर्य और जूही के अभाव को लेकर चर्चाएं हुईं, लेकिन हाल ही में तीनों की एक साथ तस्वीर ने सभी संशय दूर कर दिए।

### आमिर खान के बच्चे : आइरा जुनैद और आजाद

*आमिर खान की पहली पत्नी रीना दत्ता से जन्मे आइरा और जुनैद, उनकी दूसरी पत्नी किरण राव से सरोगेसी से जन्मे आजाद के साथ बेहद प्यार करते हैं। तीनों के बीच का रिश्ता ऐसा है कि आमिर खुद इसे बेहद खास मानते हैं। वहीं, करिश्मा कपूर के पूर्व पति की वर्तमान पत्नी प्रिया सचदेव ने भी दोनों साइड के बच्चों के बीच गहरे रिश्ते की बात कही है। उन्होंने कहा कि करिश्मा के बच्चे भी मेरे बच्चे हैं और मैं उन्हें अपने बच्चों की तरह मानती हूं। हमारे बीच काफी अच्छा बॉन्ड है। प्रिया ने बताया कि उनके चार बच्चे- समायरा, सफीरा, कियान और अजारियस, एक-दूसरे से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि मैं करिश्मा की बच्चों की मां नहीं बन सकती, लेकिन उनकी अच्छी दोस्त हूं और हमेशा उनका ख्याल रखती हूं।*

### कलेक्टर ने बैरसिया क्षेत्र का किया निरीक्षण

# बैरसिया बाईपास के पुल निर्माण का काम अधूरा, एसडीएम करेंगे निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



अहमदपुर दोराहा से बैरसिया के भोजापुर और विदिशा-सिरोंज को जोड़ने वाला बैरसिया बाईपास का काम जारी है। इस रूट पर आने वाले पुल का काम अधूरा है, जिसे जल्द पूरा किया जाए। इसके लिए बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा इसकी निगरानी रखें।

यह बात गुरुवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बैरसिया बाईपास के निरीक्षण के दौरान कही। कलेक्टर यहां से सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने सफाई रखने की हिदायत दी। कलेक्टर ने बैरसिया शहर में पार्किंग व्यवस्था को ठीक करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि एसडीएम और नगर पालिका के सीएमओ मिलकर व्यवस्था करें। दरअसल कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान सड़कों पर खड़े वाहनों की वजह से अन्य वाहन चालकों को दिक्कत होने की कई बार शिकायतें मिली हैं। कलेक्टर ने हिदायत दी कि नायब तहसीलदार और तहसीलदारों की हड़ताल के दौरान आम लोगों के काम नहीं रुकना चाहिए। एसडीएम इसका ध्यान रखें।

# बिना फिटनेस के सड़क पर दौड़ रहे स्कूल वाहन को किया जब्त



### पांच वाहनों को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में खड़ा कराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में स्कूल वाहनों का सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को पांच वाहनों को जब्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में खड़ा कराया गया है। शहर में पिछले कई दिनों से शिकायते मिल रही थीं। गुरुवार को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र शर्मा के निर्देशन में परिवहन अमले द्वारा यह कारवाई की गई है। इसमें टीएसआई रितु रघुवंशी, परिवहन आरक्षक प्रशांत यादव, धर्मेंद्र ठाकुर, संदीप तिवारी शामिल थे। चैकिंग के दौरान कुल पांच वाहनों को जब्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में सुरक्षार्थ खड़ा करवाया गया। उक्त वाहनों को बिना परमिट, बिना फिटनेस, बकाया टैक्स, बिना इंश्योरेंस आदि के स्कूली छात्रों को परिवहन करते पाया गया। इसके अलावा पूर्व में जब्त एक वाहन से मोटरयान कर के 1087901 रुपए जमा कराए गए है। आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया की स्कूल वाहनों के अवैध परिचालन की शिकाएते मिल रही थी, इसी लिए हमारे अमले ने यह कारवाई की है। आगे भी हमारा अमल इस तरह की कारवाई जारी रखेगा, जिससे शहर की सड़कों पर नियमों का पालन करने वाले वाहन ही चल सके।

## खबर संक्षेप

### सीबीएसई बोर्ड: लागू होगी सख्त तलाशी नीति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बोर्ड परीक्षाओं में स्मार्ट डिवाइस के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है।



बोर्ड ने अपनी 141वीं गवर्निंग बॉडी की बैठक में तय किया कि बोर्ड परीक्षाओं में सख्त फ्रिस्किंग (तलाशी) पॉलिसी के तहत परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले छात्रों की तलाशी ली जाएगी। किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक, स्मार्ट उपकरण या अनधिकृत सामान परीक्षा कक्ष में ले जाने पर कठोर कार्रवाई होगी। ये व्यवस्थाएं शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं से ही लागू होंगी। बैठक में बोर्ड अधिकारियों ने माना कि हाल के वर्षों में नकल और तकनीकी उपकरणों के जरिये अनुचित साधनों का उपयोग बढ़ा है। केंद्रों पर प्रवेश से पहले विस्तृत तलाशी प्रक्रिया अपनाई जरूरी है।

### विवाहिता को जलाने के दोषी पति, देवर व सास को 10 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित कर उसके चेहरे पर गरम तेल डालकर गंभीर रूप से घायल करने के मामले के आरोपी पति प्रताप बंजारा, देवर गुलाब बंजारा और सास कृष्णा बंजारा को विशेष न्यायाधीश नीलू संजीव श्रृंगी ऋषि ने भादंसं की धारा-326, 34 और 506 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 8,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

मप्र पुलिस की नवीन आपातकालीन सेवा डायल 112 का किया शुभारंभ

# सीएम: अवैध और गैर-कानूनी गतिविधियों पर कार्रवाई के लिए पुलिस को खुली छूट



पूरे प्रदेश में दौड़ेंगी नई डायल 112 की 1200 एफआरवी (फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल)

◆ *सीएम ने कहा कि यह आपातकालीन नंबर सुरक्षित समाज के ईको सिस्टम का आधार बनेगा। यह नंबर प्रदेशवासियों के लिए पुलिस की ओर से त्वरित प्रतिक्रिया का वादा और सहायता की जिम्मेदारी सिद्ध होगा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र पुलिस के जवानों और अधिकारियों ने कई चुनौतीपूर्ण अवसरों पर विश्वास कायम रखा है। अवैध और गैर-कानूनी गतिविधियों में लिप्त आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को राज्य सरकार से पूरी छूट मिली हुई है। पुलिस को जितने जवान चाहिए सरकार उसके लिए तैयार है। देशी विरोध ताकतों और नक्सलवाद को बख्शा नहीं जाएगा।





◀ सीएम ने रिमोट का बटन दबाकर किया फ्लैग ऑफ, झंडी दिखाकर वाहनों को किया रवाना
◀ एफआरवी (फस्ट रिस्पांस व्हीकल) वाहनों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया गया

### डीजीपी बोले - डायल 112 सेवा से नागरिकों को हर संभव सहायता

*डीजीपी कैलाश मकवाना ने कहा कि डायल 112 के लोकार्पण का यह ऐतिहासिक दिन है। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 2015 के अवसर पर राज्य में डायल 100 व्यवस्था लागू की गई थी, हमारे एक हजार डायल 100 वाहनों के माध्यम से लाखों नागरिकों की सहायता की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डायल 112 वाहनों की संख्या में 200 वाहन बढ़वाए हैं। कुल 1200 फर्स्ट रेस्पॉन्स व्हीकल (एफआरवी) वाहनों का फ्लैग ऑफ हो रहा है।*

### डायल 112 देश के विकास के साथ कदम से कदम मिलाएगी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के डायल 100 के मॉडल को उत्तर प्रदेश सहित दूसरे राज्यों ने अपनाया। डायल 100 ने अपनी सजगता और दक्षता से प्रदेश में 2 लाख 23 हजार बुजुर्ग, 19 लाख से अधिक महिलाओं, 1300 नवजातों की सुरक्षा और 23 हजार गुमशुदा बच्चों को परिवार से मिलाया है। यह मध्यप्रदेश पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। लॉन्च हुई डायल 112 सेवा देश के विकास के साथ कदम से कदम मिलाएगी। डायल 112 सेवा नागरिकों को कई प्रकार की आपातकालीन परिस्थितियों में हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी। राज्य सरकार ने इन वाहनों के लिए बजट बढ़ाकर 1500 करोड़ रूपए से अधिक किया है। राज्य सरकार के लिए प्रदेशवासियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। मध्यप्रदेश पुलिस सुरक्षा मानकों के पैमाने पर खरी उतरी है। पुलिस विभाग में नई नियुक्तियां की गई हैं और जवानों को प्रशिक्षण प्रदान कर उनका दक्षता उन्नयन कराया गया है। डायल 112 देश के विकास के और नवाचारों के आधार पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पुलिस को पर्याप्त संसाधन भी उपलब्ध कराए गए हैं। संबोधन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट का बटन दबाकर डॉयल 112 वाहन का लोकार्पण किया और जिलों में भेजे जाने वाले वाहनों को झंडी दिखाई।*

# मेट्रो स्टेशन बनाने के लिए पुट्ठा मिल का ढाई एकड़ हिस्सा किया जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बोगदा पुल से भोपाल टॉकीज चौराहे तक अंडरग्राउंड मेट्रो रेल लाइन के काम में बड़ी रुकावट बने छोला रोड स्थित पुट्ठा मिल के एक हिस्से को जमींदोज कर दिया गया।

दरअसल जमीन नहीं मिलने की वजह से यहां का काम अटका हुआ था। पिछले दिनों हाईकोर्ट से केस जीतने के बाद जिला प्रशासन की टीम ने गुरुवार को अमले के साथ पहुंचकर ढाई एकड़ एरिया की जमीन खाली कराई। अब जल्द ही स्टेशन का काम शुरु कर दिया जाएगा।

### अब शुरू होगा मेट्रो के अंडरग्राउंड स्टेशन का काम



अंडरग्राउंड लाइन लिए भारत टॉकीज रोड स्थित आरा मशीनों को भी शिफ्ट किया जाना है। पिछले दिनों जिला प्रशासन के हाईकोर्ट से केस जीतने के बाद गुरुवार को शहर एसडीएम दीपक पांडे की टीम ने मौके पर पहुंचकर मेट्रो का काम शुरु कराने मिल के अंदर की ढाई एकड़ जमीन को खाली कराया। शहर एसडीएम ने बताया कि इस रूट पर आरा मशीन के थोड़ा सा आगे भारत टॉकीज के पास मेट्रो लाइन अंडरग्राउंड हो जाएगी। इसके बाद यह भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-6 से नादरा बस स्टैंड से होते हुए सिंधी कॉलोनी चौराहा से बाहर जमीन के ऊपर आ जाएगी। छोला रोड पर पुट्ठा मिल है, जहां अंडरग्राउंड स्टेशन बनाना है। गुरुवार को मेट्रो रेल कारपोरेशन को कब्जा सौंप दिया गया है।

### हत्या के प्रयास के दोषी पिता-पुत्रों को 6 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** मामूली विवाद को लेकर युवक को छुरी मारकर गंभीर रूप से घायल करने वाले आरोपी संजय परिहार और उसके पुत्रों विकास एवं विशाल परिहार को अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती सुचिता श्रीवास्तव ने भादंसं की धारा - 307, 34 और आर्म्स एक्ट की धारा- 25 (1-बी) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 6 वर्ष के सश्रम कारावास और 17000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अपर लोक अभियोजक राजेंद्र सिंह पटेल ने प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी की थी। 9 मार्च 2022 को शाम 7:40 बजे माता मंदिर के पास स्टेशन बजरिया पर आरोपी संजय परिहार और उसके पुत्रों विकास तथा विशाल परिहार ने फरियादी युवक रवि बुंदेला की हत्या करने के उददेश्य से छुरी से हमला कर घायल कर दिया गया था।

### 11,400 करोड़ नेटवर्थ के साथ प्रदेश का गौरव बढ़ाया

# हुरुन लिस्ट 2025 में मध्य प्रदेश में शीर्ष स्थान पर शक्ति पंप्स के दिनेश पाटीदार का परिवार

**इंदौर/ पीथमपुर।** हुरुन इंडिया मोस्ट वैल्यूएबल फैमिली बिजनेस लिस्ट 2025 में दिनेश पाटीदार परिवार का नाम 11,400 करोड़ की नेटवर्थ के साथ मध्य प्रदेश के सबसे अमीर और देश में 130 वें स्थान पर शामिल हुआ है। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक *श्री दिनेश पाटीदार*, ने अपने विज़न और नेतृत्व से कंपनी को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के साथ प्रदेश और देश का नाम भी रोशन किया है।श्री दिनेश पाटीदार का जीवन एक प्रेरणादायक यात्रा है। वर्ष 1986 में अपने पिता से शक्ति पंप्स की ज़िम्मेदारी संभाली, तब भारतीय बाजार में स्टेनलेस स्टील पंप की कल्पना भी मुश्किल थी, लेकिन पाटीदार ने जोखिम उठाते हुए इसे सफलतापूर्वक पेश किया। इसी साहसिक निर्णय ने कंपनी को भारत की पहली बीईई 5-स्टार रेटेड पंप निर्माता बना दिया। आज शक्ति पंप्स दुनिया की कुछ चुनिंदा कंपनियों में है जो 100 प्रतिशत स्टेनलेस स्टील पंप और ऊर्जा दक्ष मोटर्स का निर्माण करती हैं। इसके बाद जब सोलर की बारी आई, तब भी उन्होंने अपनी रिसर्च टीम के साथ बेहतरीन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए सोलर पम्पस और मोटर्स का निर्माण किया। दिनेश पाटीदार केवल एक सफल उद्योगपति नहीं बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने वाले लीडर भी हैं। किसानों



की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने किफायती और टिकाऊ सौर पंप उपलब्ध कराए, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया और औद्योगिक विकास को स्थानीय स्तर तक पहुँचाया। वे नए उत्पादों की डिजाइनिंग और जटिल इंजीनियरिंग चुनौतियों का समाधान करने में गहरी रुचि रखते हैं। साथ ही योग और पारिवारिक जीवन को संतुलन में रखते हुए एक खुले और पारदर्शी नेतृत्व शैली के लिए जाने जाते हैं।

श्री दिनेश पाटीदार की कहानी यह साबित करती है कि दूरदर्शिता, साहस और नवाचार के बल पर छोटे शहरों से भी ग्लोबल लीडर्स निकल सकते हैं। इंदौर/ पीथमपुर से शुरू हुई यह यात्रा आज अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँच चुकी है। हुरुन लिस्ट 2025 में उनकी मौजूदगी न केवल व्यक्तिगत सफलता का प्रतीक है बल्कि पूरे मध्य प्रदेश और भारत के औद्योगिक भविष्य के लिए एक प्रेरणा है। हुरून लिस्ट भारत में 2012 से प्रकाशित हो रही है और इसे उद्योग जगत में सबसे प्रतिष्ठित माना जाता है। 2025 की लिस्ट में भारत के 300 सबसे बड़े पारिवारिक व्यवसायों को शामिल किया गया है और मध्य प्रदेश में सबसे ऊपर पाटीदार परिवार का नाम दर्ज होना प्रदेश के लिए विशेष गौरव का विषय है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** – आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न

**मिथुन** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** – आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** – क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

### रेलवे के एक्स सर्विस मैन ने थाने में की शिकायत

# एमडी ड्रग्स: यासीन मछली के चाचा के खिलाफ अड़ीबाजी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमडी तस्कर यासीन मछली पर लगातार शिकायत मिलने के बाद उसके चाचा के खिलाफ भी एक अन्य शिकायती आवेदन अशोका गार्डन पुलिस को रेलवे के एक्स सर्विस मैन ने दिया है। एक्स सर्विस मैन उसका आरोप है कि सारिक मछली ने फार्म हाउस में उन्हें 16 घंटे तक बंधक बनाकर रखा था और छोड़ने के एवज में पचास हजार रुपए वसूल लिए। आरोप है कि पंद्रह दिन बीत जाने के बाद भी अशोका गार्डन पुलिस ने सारिक मछली पर शिकायत दर्ज नहीं की है। इस संबंध में थाना प्रभारी अनुराग लाल से संपर्क किया गया तो उन्होंने बार बार कॉल करने पर भी कॉल रिसीव नहीं किया। रेलकर्मी राजेश तिवारी ने जो शिकायती आवेदन अशोका गार्डन पुलिस को दिया है उस आवेदन में बताया कि शारिक मछली ने उसे अगवा कर हथाइखेड़ा स्थित अपने फार्महाउस में 16 घंटे बंधक बनाकर रखा था। उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। छोड़ने के एवज में पचास हजार रुपए यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर भी कराए। रेलकर्मी राजेश तिवारी का आरोप है कि जांच का हवाला देने वाली अशोका गार्डन पुलिस ने 15 दिन से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी शारिक पर एफआईआर दर्ज न करने का आरोप पुलिस पर लगाया गया है।

## शब्द पहेली - 5960



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख,बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि,पीठ -3
10. प्रणाम,नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग,हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस,रजनी जल(उर्दू-4)
24. गगन,आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी,कै-3
34. रनिवास,जनवासा-3
36. पंक्ति,लाइन-3
37. सुर,लय,आलाप-2
38. दंड,शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म,भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल,गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य,नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस,सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा,नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण,शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग,गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा,पुत्र-2
31. भरोसा,विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान,सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

**शब्द पहेली - 5959 का हल**



## सूडोकू बवाल - 5970

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू बवाल - 5969 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

# ना करें किसी से तुलना
# आप स्वयं हैं अनमोल

कई लोग हमेशा दूसरों से अपनी तुलना करते रहते हैं और खुद को कमतर आंकते हैं। ऐसे लोग न जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर पाते हैं और न ही खुश-संतुष्ट रहते हैं। अगर आप भी ऐसा सोचते हैं तो आपको अपना नजरिया बदलना होगा। ऐसा कैसे कर सकते हैं, जानिए।



कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन

कई लोग यह सोचकर हमेशा परेशान और दुखी रहते हैं कि वे दुनिया से पिछड़ गए। ऐसा अकसर वही लोग करते हैं, जिन्हें यह आभास नहीं कि हम ईश्वर की अनमोल कृति हैं। प्रकृति ने हमें अतुलनीय गुण दिए हैं। दुनिया का कोई भी सजीव दूसरे सजीव से हूबहू मेल नहीं खा सकता।

## तुलना है निरर्थक

इस बात को समझ लेना जरूरी है कि आप इस ब्रह्मांड में अपने जैसे अकेले ही हैं। इसलिए दूसरों से तुलना करना या उनके जैसा बनने की कोशिश करना व्यर्थ की मशक्कत है। इसमें अपना समय, श्रम, धन और ऊर्जा का अपव्यय करने की बजाय स्वयं को निरंतर निखारने के जतन करें। आम का स्वाद या आकार केले जैसा हो या अमरूद का स्वाद संतरे जैसा हो तो क्या आप इसे कभी सच्चे मन से स्वीकार कर पाएंगे? आप करेले को उसकी कड़वाहट के साथ उसके गुणों के कारण ही तो स्वीकार करते है।

## एक तरह का भ्रम है परफेक्शन

परफेक्शन यानी संपूर्णता एक ऐसी भावना है, जो हमें निरंतर परेशान करती है। लेकिन इसे कभी प्राप्त नहीं किया जा सकता, क्योंकि जिस पल आप स्वयं को किसी भी मायने में पूर्ण करते हैं, वह अगले ही पल बदली हुई परिस्थितियों और समय के कारण अपूर्ण या पुरातन हो जाता है। संसार में बुराई, दुख और अपूर्णता अपरिहार्य हैं। दुख ऐसी भावना है, जो हर व्यक्ति के जीवन में किसी न किसी रूप में अनुभव होती ही है। अपूर्णता जीवन की मूलभूत सच्चाई है, जो हमें सिखाती है कि कुछ भी पूर्ण नहीं होता। बुराई और कमियां इस संसार में अंतर्निहित हैं। लेकिन धार्मिकता, पवित्रता और सरलता जैसे गुणों को विकसित करके उच्च अवस्था प्राप्त की जा सकती है। इस प्रक्रिया में अच्छे गुणों को प्राप्त और विकसित करके हम स्वयं को सुखी बना सकते हैं।

## जीवन के अंग अच्छा-बुरा

हमारे व्यक्तित्व और जीवन में अच्छाई के साथ-साथ बुराई भी मौजूद होती है। किंतु हमें उन बुराइयों को पहचान कर उन पर विजय प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। जीवन को संवारने के लिए हमें मूर्तिकार की तरह काम करना पड़ता है, जो अपनी मूर्ति बनाने के लिए पत्थर को काटता है, अनुपयोगी या अतिरिक्त पत्थर को छांटकर, छीलकर, रगड़ कर, घिसकर उसे एक सुंदर आकार देता है। हम चाहे जितनी किताबें पढ़ लें और चाहे जितने ज्ञानी हो जाएं, लेकिन यह ज्ञान अगर हमारे जीवन में नहीं उतरता है, उसे प्रभावित, निर्देशित या निर्धारित नहीं करता है तो यह सब बेकार है।

## भावनाओं पर नियंत्रण जरूरी

कई बार आप अचानक इधर-उधर की बातें सोचकर, किसी की सफलता, समृद्धि या सुख को देखकर विचलित या दुखी हो जाते होंगे। स्वयं को कोसते हुए एक अनजान अपराधबोध से घिर जाते होंगे। ऐसी स्थिति से बचने के लिए अपनी भावनाओं पर बारीकी से नजर रखिए। आपकी विवेकशीलता ही इस भावनात्मक प्रभाव को रोक सकती है। यह क्षमता आपको स्वयं हासिल करनी होती है। जब आप दुखी करने वाली भावनाओं को पहचानना सीख लेते हैं तो खुश होने के असर बढ़ने लगते हैं। आप तनाव और गुस्से में हों तो सोचिए कि इसकी मूल वजह क्या है? इसके पीछे कौन-सी चीज, व्यक्ति या स्थिति है? फिर यह विचार कीजिए कि वह क्या चीज है, जो आपको दूसरों से अलग बनाती है? यह ताकत आपको अनावश्यक गुस्से से बचाएगी और कोई वाजिब कारण है तो उसे दूर करने का मौका देगी।





### करते रहें आत्मविश्लेषण

**इस बात** से ज्यादा फर्क नहीं पड़ना चाहिए कि लोग आपके कितने खिलाफ हैं या कितने लोग आपके समर्थन में हैं? आपको अपने आपको दृढ़ रखते हुए सही दिशा में कार्य करना होगा। आपको स्वयं से पूछना होगा कि मैं क्या हासिल करना चाहता हूं और उसके लिए क्या कर रहा हूं? जो कर रहा हूं, उसमें क्या त्रुटियां हैं, जिन्हें दूर करना है? बस फिर आपको सभी बाहरी चिंताओं से छुटकारा मिल जाएगा।

## अतीत जैसा है आज का दौर

तुलना चाहे जैसी भी क्यों ना हो, व्यर्थ और निरर्थक ही होती है। चाहे वह व्यक्ति के संबंध में हो या समय और परिस्थिति के संबंध में हो। कुछ लोगों को अकसर यही सोचकर दुखी और परेशान होते देखा जा सकता है कि पुराना जमाना बहुत अच्छा था। उनका मानना रहता है कि उस समय के लोग और परिस्थितियां अच्छी थीं, तब चीजें सस्ती होती थीं, लोग मिलनसार और सहयोगी थे, लूटपाट, चोरी और डकैती नहीं होती थी। यह एक गलतफहमी है कि दुनिया कभी बहुत अच्छी थी। जिस समय के लिए आप यह सब सोचते हैं, उस समय के लोग भी यही सब सोचते थे कि उनसे पहले की दुनिया अच्छी होती थी। आप किसी भी युग का इतिहास या साहित्य पढ़ लीजिए, उस समय के अत्याचारी राजा महाराजा, बादशाह, सेठ साहूकारों के लूट और शोषण के किस्से, गरीबी का आलम और महंगाई की दास्तान पढ़ने को मिल जाएगी। लुटेरे, धोखेबाज, अपराधी, लालची मित्र, कंजूस मालिक और ईर्ष्यालु रिश्तेदार या पड़ोसी हर जमाने में रहे हैं। भगवान राम का जमाना हो या श्री कृष्ण का, हरिश्चंद्र का जमाना हो या मुगल बादशाह अकबर या फिर ब्रिटिश काल, हर युग में खलनायक हुए हैं। हमारा मन ही कुछ ऐसा है, जो हमेशा बीते हुए कल में या दूसरों में परफेक्शन और सुख ढूंढता है। दुनिया में हर समय मुट्ठी भर लोग ही बहुत अच्छे और मुट्ठी भर लोग ही बहुत बुरे हुए हैं। बाकी के लोग तो हमारी और आपकी तरह सामान्य इंसान रहे हैं। इन दुश्चिंताओं, उलझनों और बेचैनी से बचने का सिर्फ एक ही रास्ता है, तुलना न करके अपने मन-जीवन का ध्यान खुद रखना।

## सबसे जरूरी रखें धीरज

बचपन से माता-पिता और गुरु हमेशा एक ही बात सिखाते रहे हैं, धैर्य रखना और मन को शांत रखना। याद करिए, बचपन में आप परीक्षा देने जाते थे तो मां या पिताजी यही कहते थे, पेपर ठीक से पढ़ना। कठिन लगे तो घबराना मत। बार-बार प्रश्न पढ़ना। प्रश्न समझ में आए तो उत्तर लिखना। यही मुश्किल परिस्थितियों से निपटने का अचूक फार्मूला है। आपको अपना मन शांत करने के लिए खुद पर निर्भर रहना है ना कि दूसरों पर।

## परिवर्तन को स्वीकार करें

आपको अपने जीवन की जिम्मेदारी खुद ही लेनी होगी। जीवन सहज परिवर्तनों की एक श्रंखला है। इन परिवर्तनों को सहज भाव से स्वीकार करें। इनका विरोध करने या इनसे पलायन करने पर सिर्फ दुख ही महसूस होता है। वास्तविकता को स्वाभाविक समझकर अपने जीवन की रणनीति तैयार करें। परिवर्तनों के लिए किसी भी व्यक्ति या किस्मत को दोष न दें। इसके लिए आपको हर रोज कुछ पल अपने साथ बिताने होंगे। एकांत में चिंतन करना होगा। *



# नेचर है पावरफुल मेंटल हीलर

यह सच है कि आज की आधुनिक जीवनशैली में लोग तकनीक के जाल में उलझकर, नेचर से दूर होते जा रहे हैं। इसी वजह से लोग मेंटल प्रॉब्लम्स की गिरफ्त में आ रहे हैं। इनसे मुक्ति पाने के लिए हमें नेचर के करीब जाना होगा।

लाइफस्टाइल
बुशरा फातमा

आस-पास फैली हरियाली, नदी, समंदर, झरने न सिर्फ देखने में सुंदर लगते हैं बल्कि ये हमारे मन को हील करने में भी मददगार साबित होते हैं। आज दुनिया जिस सोशल मीडिया के जाल में फंसती जा रही है, उस वजह से हर दूसरा इंसान अकेलेपन से जूझ रहा है। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि एक तरफ टेक्नोलॉजी हमें चांद तक पहुंचा रही है, दूसरी तरफ हमारे पास एक अदद कोई अपना नहीं, जिससे हम अपने मन की बात कह सकें। आभासी दुनिया में भले ही ढेरों फ्रेंड्स हों लेकिन वास्तव में कोई ऐसा दोस्त नहीं मिलता, जिसे हम अपना कह सकें। देश-दुनिया में डिप्रेशन के मामले और इसकी वजह से आत्महत्याएं इतनी ज्यादा बढ़ती जा रही हैं कि हेल्थ एक्सपर्ट्स डिप्रेशन को एक महामारी मानने लगे हैं।



## नेचर की ओर करें रुख

हेल्थ और फिटनेस कंसल्टेशन के लिए डब्लूआईबीए अवार्ड विनर प्रमिला ओल्सन मुंबई की सेटल्ड लाइफ छोड़कर नीलगिरि की पहाड़ियों में आशियाना बनाकर रहने लगीं। दरअसल, शोर-शराबा, दौड़-भाग और तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता से एक तरह का मानसिक दबाव महसूस होने लगता है, जिसकी वजह से प्रमिला को लगा कि अगर जिंदगी को बेहतर बनाना है तो प्रकृति के करीब रहना बहुत जरूरी है। लेकिन अब हर इंसान इतना बड़ा निर्णय तो नहीं ले सकता कि वो एक सेटल्ड लाइफस्टाइल को बदल ले, इसलिए अगर आपके आस-पास एक पार्क भी है तो दिन का थोड़ा वक्त वहां जरूर बिताइए। प्रामिला बताती हैं कि आजकल के डिजिटलाइजेशन के युग में लोग बहुत अकेले हो गए हैं और उन्हें कोई एक चीज बचा सकती है तो वो है प्रकृति।

## मेंटल हेल्थ के लिए जरूरी

आज के दौर में लोगों पर बढ़ता वर्कलोड और बढ़ता तनाव, इस बात का इशारा कर रहा है कि अगर जीवन को बेहतर बनाना है तो प्रकृति के करीब जाना बहुत जरूरी है। खासतौर पर वर्कप्लेस का स्ट्रेस युवाओं को डिप्रेशन की तरफ ले जा रहा है। यही वजह है कि आजकल बहुत से लोग अच्छी-खासी जॉब छोड़ कर किसी पहाड़ी या समंदर के किनारे वाली जगह शिफ्ट हो रहे हैं। वास्तव में नेचर में एक हीलिंग पावर होती है। इसलिए बेहतर मेंटल हेल्थ के लिए नेचर से कनेक्टेड रहना बहुत जरूरी है। नेचर हमें फ्रेश, एनर्जेटिक और मेंटली हेल्दी बनाती है।

## मिलता है सुकून-शांति

जीवन की भाग-दौड़ में अगर कोई चीज हम से छिन गई है तो वो है हमारा सुकून। प्रकृति के पास जाकर थोड़ा समय बिताने से हमें खुद को जानने-समझने का मौका मिलता है। वरना मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया के युग में हम खुद के अस्तित्व को भूलते जा रहे हैं। प्रकृति हमारा मन शांत करती है और हम जीवन को नए नजरिए से देख पाते हैं।

## गार्डनिंग से मिलती है तनाव से मुक्ति

अगर आपके पास समय का अभाव है तो नेचर के करीब जाने की शुरुआत अपने घर के गार्डन से कीजिए। नए-नए फूलों वाले पौधे लगाइए। किचेन के लिए कुछ हर्ब्स उगाइए। ये छोटी-छोटी आदतें हमें तनाव से बचाने में मदद करती है। भले ही ये शौकिया हों लेकिन इतनी देर आप प्रकृति से जुड़े रहेंगे, जो बिना किसी दवा और डॉक्टर के आपके स्ट्रेस को कम कर देगा।

## नेचर के करीब करें वर्कआउट

जिम जाकर ट्रेडमिल पर भागने से अच्छा है, वर्कआउट के लिए किसी खुले और पेड़-पौधों से घिरे जगह का चुनाव करें। कानों में हेडफोन लगा कर दौड़ना भले ही फैशन हो लेकिन अगर आप रनिंग या जॉगिंग कर रहे हैं तो प्रकृति को सुनने का प्रयास कीजिए। ये हमें मानसिक रिलैक्सेशन देता है। आज हम सब जिस तरह के आक्रामक और अशांत मानसिकता के बनते जा रहे हैं, वहां सिर्फ प्रकृति के पास ही वो पावर है, जो हमें शांत-चित्त रख सकती है। *





कविता
विक्रम सिंह

## मछलियां और हम

मछलियां जमीं पर
नहीं लेती सांस
और हम,
नभ के नीचे
घुटने को अभिशप्त हैं।
जंगलों की लाश पर
उठते हैं हमारे महल,
हर ईंट में कैद है,
एक सूखी सांस।
एक वक्त आएगा...
जब हवाएं भी पराई होंगी,
और हम
मछलियों की तरह,
अपनी ही धरती पर
मुरझा जाएंगे।

व्यंग्य / यशोधरा भटनागर

# लुढ़कते लोटे

आज के युग में बिन पेंदे का लोटा होना कोई दोष नहीं, बल्कि गुण बन गया है। स्थिर रहो तो मूर्ख कहे जाते हो, पलट जाओ तो चतुर और बार-बार पलटो तो स्मार्ट। अब विचार नहीं बदलते, सिर्फ हैशटैग बदलते हैं। 'बिन पेंदी का लोटा' होना अब रणनीति है।



साफ-सफाई के दौरान कुछ पुराने बर्तनों में पीतल का लोटा हाथ आ गया। मैंने उसे नीचे रखा तो यहां-वहां लुढ़कने लगा। उसे तो अपनी बनावट के कारण लुढ़कना ही था, लेकिन हमें हिंदी की कक्षा में पढ़ाया गया मुहावरा जरूर याद दिला गया, 'बिन पेंदी का लोटा।'

याद आया स्कूल में तो यह भी दूसरे मुहावरों जैसे ही रट लिया था जैसे 'गले का हार होना' या 'चिकना घड़ा होना', परंतु आज हमारे अंदर बैठे लेखक नामक जीव ने गूढ़ार्थ में गोते लगाने के लिए मजबूर कर दिया।

डुबकियां लगाते-लगाते ज्ञान प्राप्त हुआ कि आज के समय में बिन पेंदे का लोटा कोई मुहावरा नहीं, बल्कि खरपतवार की तरह फलती-फूलती एक प्रजाति है, जो राजनीति में, टीवी डिबेट में, व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी में और मोहल्ले की चौपाल से लेकर सोशल मीडिया की टाइमलाइन तक हर जगह मौजूद है।

पहले यह गुण नेताओं ने अपनाया। कहा जाता 'वो नेता बिन पेंदे का लोटा है, कब किस दल में चला जाए, कहा नहीं जा सकता।'

गौर कीजिए एक नेता का वार्तालाप-

'मैं नैतिकता के आधार पर पार्टी छोड़ रहा हूं।'

'क्यों नेता जी?'

'इस पार्टी में नैतिकता बची ही कहां है भैया, इसीलिए।'

'तो किस पार्टी में जाओगे?'

'जहां मंत्री पद मिलेगा, वहीं नैतिकता भी मिल जाएगी।'

नेता अगर पत्ता भी तोड़ता है, तो पहले हवा का रुख देखता है। गिरेगा तो उसी दिशा में, जहां ट्रेंडिंग हो। कल तक जो पार्टी उनकी निगाहों में 'गुलाम मानसिकता' की थी, आज वहां जाकर बोलते हैं, 'मैं राष्ट्रसेवा के लिए आया हूं।'

आजकल नैतिकता के जी.पी.एस. विहीन लोटों की कमी नहीं है। अब ये लोटे केवल राजनीति में ही नहीं, सोशल मीडिया पर भी हैं। ये लोटे अब केवल पानी नहीं ढोते, ये व्यूज, लाइक्स और ब्रांड डील्स भी ढोते हैं। ये बिन पेंदी के लोटे डूबते-उतराते रीलों की लहर पर खूब बह रहे हैं।

एक गुरुजी ने पहले कहा, 'हम नई पीढ़ी को आलोचनात्मक चिंतन सिखाएंगे।'

जब बच्चे सरकार से सवाल करने लगे तो गुरु जी बोले, 'नालायक बन गए हैं, संस्कृति खत्म कर दी।'

अब वही गुरुजी पेड वेबिनार में 'नेशनलिज्म और योगा' पढ़ा रहे हैं, क्योंकि वही ट्रेंडिंग है। इन्हीं के चलते नैतिकता अब कूपन कोड बन गई है, मौके पर डालो, डिस्काउंट मिल जाएगा।

जब हम मीडिया के लोटे का पेंदा ढूंढ़ने लगे तो ढूंढ़ते रह गए। पहले कहते थे 'हम सत्ता की आंख में आंख डाल कर सच बोलेंगे।' अब सच को आंख-मिचौली का खेल बना दिया है।

आम जनता विलाप करती है, 'महंगाई हमें रुला रही है।'

रिपोर्टर पूछती है, 'लेकिन एक्ट्रेस की ड्रेस पर आपका क्या कहना है?'

बेरोजगार युवा कहते हैं, 'हमें नौकरी चाहिए।'

रिपोर्टर कहती है, 'एक बाबा ने जल में से निकाली सोने की मछली।'

गरीब गिड़गिड़ाता है, 'हमें राशन चाहिए साहब।'

रिपोर्टर उत्साहित होकर बताती है, 'देखिए, मंत्री जी की पोती ने गाया ऐसा मार्मिक देशभक्ति गीत, देश हुआ गौरवान्वित।'

महिला घबराकर कहती है, 'सड़क पर रोशनी नहीं है, डर लगता है।'

रिपोर्टर कहती है, 'देखिए, किस सेलिब्रिटी ने खरीदी तीन करोड़ की कार!'

एक समय था, जब कहा जाता था 'व्यक्ति को बिना पेंदे का लोटा नहीं होना चाहिए। बर्तन बड़ा या छोटा हो पर पेंदे वाला हो।' लेकिन आजकल हर कोई सोचता है, 'अगर लोटा बनेंगे, तो बहाव में चलेंगे। और बहाव वहीं है, जहां पावर है।'

अगर महाभारत आज लिखा जाता, तो शकुनि अपने भांजे दुर्योधन से कहता, 'मैं पांडवों का स्थायी दुश्मन नहीं हूं, राजनीतिक परिस्थितियां बदल रही हैं। फिलहाल सोशल मीडिया पर पांचों पांडव ज्यादा ट्रेंड कर रहे हैं, तो मैं भी उनकी तरफ चला जाता हूं।'

आज के युग में बिन पेंदे का लोटा होना कोई दोष नहीं, बल्कि गुण बन गया है। स्थिर रहो तो मूर्ख कहे जाते हो, पलट जाओ तो चतुर और बार-बार पलटो तो स्मार्ट। अब विचार नहीं बदलते, सिर्फ हैशटैग बदलते हैं।

'बिन पेंदी का लोटा' होना अब रणनीति है। सिर्फ एक चीज स्थिर है और वो है अस्थिरता। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

# उद्भ्रांत का बहुविध रचनाकर्म

करीब डेढ़ सौ पुस्तकों के रचनाकार उद्भ्रांत का रचना संसार बहुत विस्तृत है। उनके रचनाकर्म के विभिन्न आयामों पर अनेक आलोचकों के द्वारा लिखे गए लेखों की पुस्तक 'उद्भ्रांत का रचनाकर्म' कुछ समय पूर्व कैलाश बाजपेयी के संपादन में प्रकाशित होकर आई है। इसके पहले खंड में 19 आलोचनात्मक लेख हैं, जबकि दूसरे खंड में हरभजन सिंह मेहरोत्रा द्वारा उद्भ्रांत पर लिखा गया संस्मरण और शहंशाह आलम द्वारा लिया गया उद्भ्रांत का साक्षात्कार भी संकलित है। उद्भ्रांत की प्रसिद्ध रचना 'रुद्रावतार' पर डॉक्टर आनंद सिंह लिखते हैं, 'उद्भ्रांत की विशेषता यह मानी जानी चाहिए कि उन्होंने आधुनिक कविता के गद्याभासी समकालीन समय में मिथकाभासी छांदस कविता रचकर संश्लिष्ट सर्जनाशक्ति का परिचय दिया है, जो आजकल विलुप्त हो गई प्रवृत्ति है।'




शहंशाह आलम के द्वारा पूछे गए एक सवाल पर उद्भ्रांत का यह कथन उनकी लेखकीय प्रतिबद्धता को प्रकट करता है, 'हर कवि अपनी कविता का मुहावरा स्वयं खोजता है।' कह सकते हैं कि यह किताब उद्भ्रांत के रचनाकर्म को समझने का रास्ता मुहैया कराती है। *

**पुस्तक:** उद्भ्रांत का रचनाकर्म (आलोचना),
**संपादक:** कैलाश बाजपेयी, **मूल्य:** 245 रुपए,

# एशिया कप 2025 : टी20 में कौन है सबसे आगे? गिल, जायसवाल, संजू और अभिषेक के बीच कड़ी टक्कर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशिया कप 2025 में कुल 8 टीमें खेलती हुई नजर आएंगी और इस बार इस टूर्नामेंट को यूएई की धरती पर आयोजित किया जाएगा। इसके लिए सभी टीमों ने कमर कस ली है और अब ऐसा माना जा रहा है कि अगले हफ्ते एशिया कप के लिए भारतीय टीम के स्क्वाड का ऐलान हो सकता है।

इसमें मौजूदा टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी जगह बनाने के दावेदार हैं। इन दोनों प्लेयर्स ने इंग्लैंड दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था। दूसरी तरफ भारतीय टी20 टीम में पहले से ही ओपनिंग की जिम्मेदारी संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के पास है। ऐसे में आइए जानते हैं, इन चारों बल्लेबाजों में किसने टी20I क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।



### अभिषेक शर्मा

अभिषेक शर्मा बहुत ही तेजी के साथ रन बनाने के लिए जाने जाते हैं। एक बार वह क्रीज पर जम गए, तो उनके बल्ले से बड़ी पारी आना तय है। उन्होंने भारतीय टीम के लिए टी20I क्रिकेट में साल 2024 में डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वह भारतीय टीम की अहम कड़ी बने हुए हैं। उन्होंने अभी तक 17 T20I क्रिकेट में कुल 535 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। अभिषेक टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले प्लेयर हैं। उन्होंने साल 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ T20I मैच में 135 रनों की पारी खेली थी।

### संजू सैमसन

संजू सैमसन पिछले कुछ समय से भारतीय टी20 टीम के परमानेंट मेंबर बने हुए हैं और विकेटकीपर की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। उन्होंने अपने खेल से सभी को प्रभावित किया है। संजू ने भारतीय टीम के लिए T20I क्रिकेट में साल 2015 में डेब्यू किया था। लेकिन इसके बाद वह खराब फॉर्म की वजह से टीम से अंदर-बाहर होते रहे। फिर जब से सूर्यकुमार यादव कप्तान बने हैं। उनकी तो लॉटरी ही लग गई और उन्हें ओपनिंग करने के लिए भेजा गया। इसके बाद उनके बल्ले से लगातार रन निकल रहे हैं। उन्होंने अभी तक 42 टी20I मुकाबलों में कुल 861 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और दो अर्धशतक शामिल रहे हैं।





### यशस्वी जायसवाल

यशस्वी जायसवाल ने भारतीय टीम के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में साल 2023 में डेब्यू किया था और इसके बाद से ही उन्होंने 23 मैचों में कुल 723 रन बनाए, जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल रहे हैं। वह एशियन गेम्स 2023 में गोल्ड जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं।

### शुभमन गिल

शुभमन गिल ने भारतीय टीम के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में साल 2023 में डेब्यू किया था और इसके बाद से ही उन्होंने 21 टी20I मैचों में कुल 578 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे हैं। लेकिन उन्होंने अपना आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच साल 2024 में खेला था।



### चारों बल्लेबाजों में संजू ने बनाए सबसे ज्यादा रन

शुभमन गिल (578 रन), यशस्वी जायसवाल (723 रन), संजू सैमसन (861 रन) और अभिषेक शर्मा (535 रन) चारों बल्लेबाजों में टी20I क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन संजू ने बनाए हैं। उनके नाम पर 861 रन दर्ज हैं। जबकि चारों में T20I में सबसे ज्यादा 3 शतक भी संजू ने ही लगाए हैं।

## खबर संक्षेप



### एनएसडब्ल्यू बेगा ओपन फाइनल में अनाहत

**बेगा (आस्ट्रेलिया)।** भारत की युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने मिस्र की नूर काफागी को कड़े मुकाबले में हराकर एनएसडब्ल्यू बेगा ओपन 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। एशियाई खेलों की दोहरी कांस्य पदक विजेता 17 वर्ष की अनाहत ने सेमीफाइनल में 3-2 से जीत दर्ज की। पीएसए कूपर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय अनाहत का सामना अब मिस्र की हबीबा रानी से होगा, जिन्होंने पांचवीं वरीयता प्राप्त भारत की आकांक्षा सालुंके को 3-1 से हराया। अनाहत को मैच के दौरान चोट भी लगी लेकिन वह खेलती रही। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की हेली वार्ड को 3-0 से हराया था।

### 'इंटरनेशनल यूथ गाला' में चुनौती पेश करेंगे भारतीय मुक्केबाज



**नई दिल्ली।** भारत का 40 खिलाड़ियों सहित 59 सदस्यीय दल चीन के झिंजियांग प्रांत के उरुमकी में 17 से 30 अगस्त तक चलने वाले तीसरे ' बेल्ट एवं रोड ' ' इंटरनेशनल यूथ गाला ' मुक्केबाजी प्रशिक्षण शिविर एवं टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेगा। भारतीय दल में 20 लड़कों और 20 लड़कियों के अलावा 12 कोच , छह सहायक कर्मचारियों और एक रेफरी शामिल हैं। यह दल चीन पहुंच चुका है। चीन मुक्केबाजी महासंघ और झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र सरकार की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता की शुरुआत 17 से 25 अगस्त तक उरुमकी में एक प्रशिक्षण शिविर से होगी। इसके बाद 26 से 29 अगस्त तक उरुमकी और यिली में प्रतियोगिता चरण आयोजित होंगे। भारत की ओर से इस आयोजन में सिर्फ अंडर -17 लड़के और लड़कियां ही भाग ले रहे हैं।

### आस्ट्रेलिया क्रिकेट जगत में शोक, पूर्व कप्तान सिम्पसन का निधन



**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर, कप्तान और कोच और आस्ट्रेलियाई क्रिकेट की सबसे प्रभावी हस्तियों में से एक बॉब सिम्पसन का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने सिम्पसन के निधन की पुष्टि की। सिम्पसन ने आस्ट्रेलिया के लिए 1957 से 1978 के बीच 62 टेस्ट और दो वनडे खेले थे। उन्होंने 4869 टेस्ट रन बनाए, जिसमें दस शतक और 27 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा 71 विकेट भी लिए और 39 टेस्ट में कप्तानी की। उन्होंने 16 वर्ष की उम्र में न्यू साउथ वेल्स के लिए विक्टोरिया के खिलाफ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था।

## आस्ट्रेलिया ने टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम की

# बेबी एबी ने 4 गेंदों पर लगाए लगातार 4 छक्के, 22 बॉल में पूरा किया अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| केर्न्स

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में साउथ अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस यानी बेबी एबी का तूफान मैदान पर देखने को मिला। डेवाल्ड ब्रेविस ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में अपना अर्धशतक सिर्फ 22 गेंदों पर ही पूरा किया। ब्रेविस ने अपना अर्धशतक लगातार 4 गेंदों पर चार छक्के लगाते हुए पूरा किया। उन्होंने 10वें ओवर में ये कमाल किया और इस ओवर को फेंकने के लिए आरोन हार्डी आए थे। ब्रेविस ने इस ओवर की तीसरी, चौथी, पांचवीं और छठी गेंद पर लगातार 4 छक्के लगाए। हार्डी के इस ओवर में कुल 27 रन भी बने। हालांकि इसके बाद वो ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक पाए, लेकिन उन्होंने 26 गेंदों पर 6 छक्के और एक चौके की मदद से 53 रन की पारी खेली डाली। उनका स्ट्राइक रेट इस पारी के दौरान 203.85 का रहा।

### ब्रेविस ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 203 के स्ट्राइक रेट से ठोक 53 रन

### ब्रेविस ने अपने ही रिकॉर्ड को सुधारा

ब्रेविस ने इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और अपने ही रिकॉर्ड को सुधारा। ब्रेविस ने इससे पहले यानी कंगारू टीम के खिलाफ इस टी20 सीरीज के दूसरे मैच में 25 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साउथ अफ्रीका के लिए टी20 प्रारुप में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बैटर बने थे। 22 साल के ब्रेविस ने कंगारू टीम के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में नाबाद 125 रन की पारी खेली थी।



### आस्ट्रेलिया ने जीती सीरीज

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में बल्ले से दमदार प्रदर्शन किया, जिसकी मदद से कंगारूओं ने दो विकेट से जीत दर्ज की। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 172 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने एक गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 173 रन बनाकर मैच तथा सीरीज अपने नाम कर ली।

### ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले विदेशी खिलाड़ी

| | |
|---|---|
| डेवाल्ड ब्रेविस | - 14 छक्के |
| विराट कोहली | - 13 छक्के |
| शिखर धवन | - 9 छक्के |
| आंद्रे रसेल | - 9 छक्के |

### ब्रेविस चार छक्के लगाने वाले बने पहले खिलाड़ी

तीन मैचों की इस टी20 सीरीज में डेवाल्ड ब्रेविस के बल्ले का कमाल देखने को मिला। ब्रेविस ने तीसरे मैच में अपनी बल्लेबाजी के दौरान पारी के 10वें ओवर में जो अरोन हार्डी ने फेंका था उसमें लगातार चार छक्के लगाने के साथ अपनी फिफ्टी भी पूरी की। इसी के साथ डेवाल्ड ब्रेविस अब टी20 इंटरनेशनल में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किसी मुकाबले में चार गेंदों में लगातार चार छक्के लगाने में कामयाब हुए हैं। इस सीरीज में ब्रेविस के बल्ले से कुल 14 छक्के देखने को मिले।

### मैक्सवेल ने की वॉर्नर की बराबरी

साउथ अफ्रीका के खिलाफ केर्न्स में तीसरे टी20 मैच के दौरान ग्लेन मैक्सवेल ने डेविड वॉर्नर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मैक्सवेल टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा आउटफील्ड कैच लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई बन गए हैं। ग्लेन मैक्सवेल ने यह कारनामा साउथ अफ्रीकी पारी के 12वें ओवर में किया। नाथन एलिस पारी का 12वां ओवर फेंक रहे थे। चौथी गेंद पर ब्रेविस ने हवाई शॉट खेला और गेंद मैक्सवेल ने लपक ली। यह ऑस्ट्रेलिया की ओर से ग्लेन मैक्सवेल का टी20 फॉर्मेट में 62वां आउटफील्ड कैच था। इस मामले में उन्होंने डेविड वॉर्नर की बराबरी कर ली, जिन्होंने 110 टी20 मुकाबलों में इतने ही कैच लपके थे। इस मामले में आरोन फिंच दूसरे पायदान पर मौजूद हैं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेलते हुए 50 आउटफील्ड कैच लिए, जबकि स्टीव स्मिथ 41 कैच के साथ लिस्ट में तीसरे स्थान पर मौजूद हैं।

## सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज

# गुकेश का सफर समाप्त आरोनियन ने जीता खिताब



एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

विश्व चैंपियन ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में संयुक्त छठे स्थान पर रहे जबकि अमेरिका के लेवोन आरोनियन ने खिताब जीता। गुकेश ने आखिरी दिन वापसी की उम्मीद जताई और पहले चार गेम में 3.5 अंक बनाए । पहला गेम आरोनियन से ड्रॉ खेलने के बाद उन्होंने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया लेकिन फिर लय कायम नहीं रख सके । आखिरी पांच गेम में उन्होंने तीन ड्रॉ खेले और दो गंवाए, जिससे कुल 18 अंक लेकर अपने अभियान का समापन किया। आरोनियन ने दो राउंड बाकी रहते ही 24 . 5 अंक लेकर खिताब अपने नाम कर लिया।

■ गुकेश ने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया

### कारुआना 21.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर



अमेरिका के फेबियानो कारुआना 21.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे जबकि फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव तीसरे स्थान पर रहे। अब्दुसत्तोरोव 20.5 अंक के साथ चौथे और वेसली सो पांचवें स्थान पर रहे। गुकेश और वियतनाम के लियेम ली कुआंग उनसे पीछे रहे। आरोनियन को जीत के साथ 40 हजार डॉलर मिले। गुकेश अब सिनक्यूफील्ड कप खेलेंगे, जो दो दिन बाद शुरू होगा, जिसमें आर. प्रज्ञानानंदा भी हिस्सा लेंगे।

## गोल्फ

# भाटिया, अहलावत और अदिति का शानदार प्रदर्शन जारी



### बीएमडब्ल्यू चैंपियनशिप भाटिया संयुक्त 37वें स्थान पर

**ओविंग्स मिल्स (अमेरिका)।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने टूर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने की ओर कदम बढ़ा दिया और वह बीएमडब्ल्यू चैंपियनशिप में संयुक्त 46वें से संयुक्त 37वें स्थान पर आ गए हैं। भाटिया का कुल स्कोर चार ओवर (75 और 69) है। टूर चैंपियनशिप के लिए शीर्ष 30 खिलाड़ी ही क्वालीफाई करते हैं। स्कॉटलैंड के रॉबर्ट मैकलिंटायर छह अंडर 64 और आठ अंडर 62 के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं। उनसे पांच शॉट पीछे स्कॉटी शेफलेर हैं।

### कोपेनहेगन गोल्फ अहलावत ने किया कट में प्रवेश

**कोपेनहेगन।** भारत के वीर अहलावत ने दूसरे दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए डीपी वर्ल्ड टूर की डेनिश गोल्फ चैंपियनशिप के कट में प्रवेश कर लिया। अहलावत एक अंडर (73 और 68) स्कोर के साथ संयुक्त 45वें स्थान पर हैं। वहीं शुभंकर शर्मा का खराब फॉर्म जारी रहा और वह कट में जगह नहीं बना सके। रास्मस होगार्ड ने दूसरे दौर में सात अंडर 64 और कुल 12 अंडर स्कोर करके एकल बढ़त बना ली है। वह डेनमार्क के मार्को पेंगे से दो शॉट आगे हैं।

### अदिति ने पोर्टलैंड में कट में किया प्रवेश



**पोर्टलैंड।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर पर स्टैंडर्ड पोर्टलैंड क्लासिक में दूसरे दौर में दो अंडर 70 के स्कोर के साथ कट में प्रवेश कर लिया। अदिति ने पांच बर्डी लगाये और तीन बोगी किए। वह अब संयुक्त 27वें स्थान पर है। भारतीय मूल की अमेरिकी गुरलीन कौर संयुक्त दूसरे स्थान पर है जबकि भारतीय मूल की कनाडा की गोल्फर सावन्नाह ग्रेवाल संयुक्त 11वें स्थान पर है। कोरिया की जियोंगियुन ली ने छह अंडर 67 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली।

# डीपीएल: साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स जीता

**नई दिल्ली।** तेजस्वी दहिया के 30 गेंद में नाबाद 70 रन की मदद से साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग के वर्षाबाधित मैच में आउटर दिल्ली वारियर्स को तीन विकेट से हरा दिया। जीत के लिए 16 ओवर में 140 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरस्टार्स की शुरुआत खराब रही और शीर्षक्रम के तीन बल्लेबाज पहले पांच ओवर में आउट हो गए। दसवें ओवर में अनमोल शर्मा भी आउट हो गए, जिससे आखिरी छह ओवर में 70 रन का लक्ष्य रह गया। पांचवें नंबर पर उतरे तेजस्वी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रनगति को बढ़ाया। आखिरी दो गेंद में सात रन चाहिए थे तब उन्होंने पांचवीं गेंद पर छक्का लगाया और लगातार दूसरे छक्के के साथ टीम को जीत दिलाई। अपनी पारी में उन्होंने चार चौके और छह छक्के जड़े। सुमित कुमार बेनीवाल ने सात गेंद में 19 रन बनाए। आउटर दिल्ली वारियर्स के लिए आईपीएल खिलाड़ी सुयश शर्मा और अंशुमान हुड्डा ने दो-दो विकेट लिए।



# अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप अमेरिका ने किया क्वालीफाई

कनाडा, बरमूडा और अर्जेंटीना को हराकर वैश्विक प्रतियोगिता में जगह की पक्की

एजेंसी ▶▶| दुबई

विकेटकीपर-बल्लेबाज अर्जुन महेश की अगुवाई में अमेरिका की टीम अगले साल जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में जगह बनाने वाली 16वीं और अंतिम टीम बन गई।

टीम ने जॉर्जिया के राइडल में खेले गए डबल राउंड-रॉबिन क्वालीफायर में कनाडा, बरमूडा और अर्जेंटीना को हराकर एक मैच रहते इस वैश्विक प्रतियोगिता में अपनी जगह पक्की कर ली। अमेरिका ने कनाडा पर 65 रन की जीत के साथ शुरुआत की। इसके बाद उसने बरमूडा और अर्जेंटीना के खिलाफ बड़ी जीत हासिल की।अमेरिका के गेंदबाजों ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 'रिटर्न' चरण में बरमूडा और अर्जेंटीना को हराकर 10 अंक हासिल किए, जो विश्व कप में उनकी जगह पक्की करने के लिए काफी थे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अमरिंदर सिंह गिल ने तीन पारियों में 199 रन बनाए जबकि अंश राय और साहिर भाटिया की स्पिन गेंदबाजी जोड़ी ने सात-सात विकेट लिए। अब अमेरिका की टीम अपना आखिरी मैच शनिवार को कनाडा के खिलाफ खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका में हुए 2024 चरण की शीर्ष 10 टीमों ने पूर्ण सदस्य मेजबान जिम्बाब्वे के साथ 2026 के टूर्नामेंट के लिए स्वतः ही क्वालीफाई कर लिया है। बची हुई पांच टीम क्षेत्रीय क्वालीफायर से तय हुईं। जिम्बाब्वे, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज ने स्वतः क्वालीफाई किया जबकि अमेरिका, तंजानिया, अफगानिस्तान, जापान और स्कॉटलैंड क्षेत्रीय क्वालीफाइंग प्रतियोगिता से तय हुईं।



## जोटा को खिलाड़ियों ने किया याद

# प्रीमियर लीग: लिवरपूल का जीत के साथ आगाज

एजेंसी ▶▶| लिवरपूल

गत चैंपियन लिवरपूल ने जज्बात से भरे मुकाबले में बूर्नमाउथ को 4-2 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल में जीत के साथ आगाज करके डियोगो जोटा को श्रृद्धांजलि दी जबकि इस मैच में एक खिलाड़ी नस्लीय टिप्पणी का भी शिकार हुआ। दो गोल की बढ़त गंवाने के बाद लिवरपूल के लिए 88वें मिनट में फेडरिको चिएसा और स्टॉपेज टाइम में मोहम्मद सालाह ने गोल दागे। इससे पहले हुगो एकिटिके और कोडी गाकपो ने लिवरपूल को 2-0 से बढ़त दिलाई थी।



### सेमेन्यो हुए नस्लीय टिप्पणी का शिकार

मैच 28वें मिनट में कुछ देर के लिए रुका जब बूर्नमाउथ के फॉरवर्ड अंतोइने सेमेन्यो ने रैफरी एंथोनी टेलर से शिकायत की कि एक दर्शक ने उन पर नस्लीय टिप्पणी की है। टीम के मैनेजर ने कहा कि टिप्पणी करने वाले को पहचान लिया गया है। घाना के 25 वर्ष के सेमेन्यो को उनके साथी खिलाड़ियों ने ढांढस बंधाया। सेमेन्यो ने 64वें और 76वें मिनट में गोल करके लिवरपूल की बढ़त उतार दी।

### जोटा को दी श्रृद्धांजलि

पिछले पांच साल में लिवरपूल के लोकप्रिय खिलाड़ियों में शुमार जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा की तीन जुलाई को एक कार हादसे में मौत के बाद टीम का यह पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। मैच शुरू होने से पहले प्रशंसकों ने हाथ में पुर्तगाल के इन दोनों खिलाड़ियों के लिए 'डीजे20 ' और 'एएस 30' के प्लेकार्ड ले रखे थे। लिवरपूल के खिलाड़ियों ने मैदान पर घेरा बनाया जबकि दोनों टीमों के खिलाड़ियों और स्टाफ ने बांह पर काली पट्टी बांधी थी। आखिरी सीटी बजने के बाद सालाह अपने आंसू नहीं रोक सके। वह कोप स्टैंडके सामने खड़े रहे। उन्होंने मैच में अपने गोल के बाद जोटा की तरह जश्न भी मनाया।

### मेसी के भारत दौरे को मंजूरी

अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के भारत दौरे को आखिरकार मंजूरी मिल गई है। वहीं मेसी का ये तीन दिवसीय दौरा 12 दिसंबर से शुरू होगा। कार्यक्रम के प्रमोटर सताद्रु दत्ता ने ये जानकारी दी। मेसी के दौरे जीओएटी टूर ऑफ इंडिया 2025 का पहला पड़ाव कोलकाता होगा, जिसके बाद वह अहमदाबा, मुंबई और दिल्ली जाएंगे। यात्रा का समापन 15 दिसंबर को पीएम मोदी से उनके आवास पर मुलाकात के साथ होगा। बता दें कि ये 2011 के बाद मेसी की पहली भारत यात्रा होगी। उस समय वह वेनेजुएला के खिलाफ यहां साल्ट लेक स्टेडियम में फीफा का मैत्री मैच खेलने आए थे। दत्ता ने कहा कि मुझे पुष्टि मिल गई है और उसके बाद ही मैंने इसकी घोषणा की। मेसी हर शहर में बच्चों के साथ मास्टरक्लास में भी भाग लेंगे। वह 12 दिसंबर को कोलकाता पहुंचेंगे और वहां दो दिन और एक रात रुकेंगे। वह 13 दिसंबर को मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## एफआईआर दर्ज करेंगे और केस डायरी बनाएंगे

# मप्र में खुलेंगे गुजरात मॉडल पर बिजली थाने

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र सरकार ने बिजली चोरी, केबल चोरी और कर्मचारियों पर हमलों पर रोक लगाने के लिए पहली बार बिजली थाने खोलने की मंजूरी दी है। पहले चरण में इंदौर और उज्जैन समेत छह शहरों में ये थाने शुरू होंगे। यहां तैनात पुलिस टीम मौके पर जाकर जांच करेगी, एफआईआर दर्ज करेगी और केस डायरी तैयार करेगी। इसका मकसद बिजली चोरी रोकना, बकायेदारों से वसूली करना और स्थानीय पुलिस पर निर्भरता खत्म करना है।

प्रदेश में बनने वाले ये बिजली थाने गुजरात के मॉडल पर तैयार किए जाएंगे। हाल ही में ऊर्जा मंत्री और बिजली कंपनी के प्रतिनिधि मंडल ने गुजरात का दौरा कर वहां की व्यवस्था का निरीक्षण किया था। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार, पहले दो थाने इंदौर के पोलोग्राउंड मुख्यालय और उज्जैन के ज्योतिनगर मुख्यालय में बनाए जाएंगे। दोनों स्थान चिह्नित कर दिए गए हैं। पहले चरण में प्रदेश के छह शहरों - इंदौर, उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और रीवा में एक-एक बिजली थाना खोला जाएगा। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण



कंपनी ने बताया कि पहला थाना इंदौर और दूसरा उज्जैन में बनेगा। दोनों थानों को 3-4 महीने में चालू करने की उम्मीद है। इस प्रस्ताव को पिछले महीने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में मंजूरी दी गई थी।

### स्टाफ और खर्च का पूरा खाका तैयार

एक बिजली थाना तैयार करने में 20-30 लाख रुपए का खर्च आएगा, जबकि सालाना संचालन लागत लगभग 2 करोड़ रुपए होगी। प्रत्येक थाने में 10 लोगों का स्टाफ होगा - 1 टीआई, 2 एएसआई, 5 पुलिसकर्मी, 1 डेटा ऑपरेटर और 1 सहायक उप निरीक्षक। पुरुष और महिला कर्मचारियों का अनुपात 50-50 रखने की योजना है।

### स्थानीय पुलिस पर निर्भरता होगी खत्म

अभी तक बिजली चोरी और बकाया वसूली के मामलों में बिजली कंपनियों को स्थानीय पुलिस की मदद लेनी पड़ती थी, जो कई बार समय पर उपलब्ध नहीं होती थी। इस वजह से कार्रवाई में देरी होती थी और कई बार बिजली कर्मचारियों पर हमले भी हो जाते थे। बिजली थानों के शुरू होने के बाद जांच टीमें सीधे पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर औचक निरीक्षण, एफआईआर दर्ज और केस डायरी तैयार कर सकेंगी।

### चोरी और लाइन लॉस पर कड़ी निगरानी

इन थानों का मुख्य उद्देश्य बिजली चोरी रोकना और बकायादारों से सख्त वसूली करना है। फिलहाल पश्चिम क्षेत्र में पारेषण क्षति (लाइन लॉस) 12.5 प्रतिशत है, जबकि मध्य क्षेत्र में यह 25.70 प्रतिशत और पूर्वी क्षेत्र में 28.04 प्रतिशत है। बिजली लाइन में होने वाले नुकसान में बिजली चोरी भी शामिल है, जिसे अब कड़ाई से रोका जाएगा।



## ध्वजारोहण कर महापौर ने की घोषणा

# 74 कर्मचारियों को शीघ्र मिलेगा नियमतिकरण का लाभ

हरिभूमि जबलपुर।

स्वतंत्रता दिवस पर नगर निगम परिसर में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, नेताप्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पार्षद आयोध्या तिवारी, निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि दुनिया के सभी देशों से भारत देश हमारा सनातनी संस्कृति और वसुधैव कुटंबकम की अवधारणा पर उच्च एवं उत्तम विचार रखने वाला देश है, जहाँ भारत माता की पूजा होती है। उन्होंने इस मौके पर निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव एवं उनकी पूरी टीम के सदस्यों की भी जमकर सराहना की और कहा कि हमारे नगर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी सुबह से लेकर देर रात तक शहर को सुन्दर बनाने की दिशा में कार्य करते हैं, जिसके परिणाम स्वरूप हभी हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्वच्छता प्रतियोगिता में देश में 5वां स्थान प्राप्त किया है। महापौर ने बताया कि लगभग 2400 कर्मचारियों को 2 लाख रूपये तक के जीवन बीमा का लाभ दिलाने पहल की और निगम की ओर से जीवन बीमा की किश्तें जमा कराने के संबंध में निर्णय लिया। इसी प्रकार नगर निगम के 74 कर्मचारियों के नियमितिकरण का मामला काफी दिनों से निर्णय हेतु विचाराधीन है इस पर भी उनके द्वारा विचार किया गया और 74 कर्मचारियों के हित में निर्णय लेने का फैसला किया।

महापौर ने कहा कि बहुत शीघ्र ही इन 74 कर्मचारियों को पूर्व दिनांक से ही नियमितिकरण, पेंशन, अनुकम्पा नियुक्ति के साथ-साथ पदोन्नति का लाभ दिया जायेगा। इसके साथ ही ऐरियर्स की राशि किश्तों में भुगतान की जायेगी। इस अवसर पर अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गोटिया, मनोज श्रीवास्तव, श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर, उपायुक्त संभव अयाची, श्रीमती अंकिता जैन, सहायक आयुक्त श्रीमती रचयिता अवस्थी, वेदप्रकाश, सुश्री अंकिता बर्मन, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव के साथ सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

## एडीशनल पीसीसीएफ वाईल्ड लाईफ अदालत में तलब, 26 अगस्त को अगली सुनवाई

# प्रदेश में जंगली हाथियों को बंधक बनाने पर हाईकोर्ट सख्त

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश के टाइगर रिजर्व में जंगली हाथियों को बंधक बनाकर रखने और उनकी मौतों के मामले में हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने प्रदेश के एडिशनल पीसीसीएफ वाइल्ड लाईफ को, 26 अगस्त को



अदालत में तलब किया है। और ये बताने कहा है कि आखिर बंधक बनाए गए हाथियों को रिहा करने का स्टेटस क्या है। हाईकोर्ट में ये याचिका रायपुर के नितिन सिंघवी ने दायर की थी। याचिका में जंगली हाथियों को पकडक़र वन विभाग के ट्रेनिंग कैंप्स में बंधक बनाकर रखने को चुनौती दी गई थी।

याचिका में हाईकोर्ट को बताया गया कि मध्य प्रदेश में उड़ीसा और छत्तीसगढ़ से आने वाले जंगली हाथियों के उत्पात की समस्या है, लेकिन वन विभाग समस्या का निराकरण करने की बजाय जंगली हाथियों को बंधक बनाकर टाइगर रिजर्व के ट्रेनिंग कैंप्स में रख लेता है जहां हाथियों को प्रताडऩा झेलनी पड़ती है। याचिका में यह भी बताया गया है कि बीते 7 सालों में 10 जंगली हाथियों को पकड़ा गया जिनमें से 2 हाथियों की मौत हो गई और 8 हाथी अलग अलग टाइगर रिजर्व के हाथी प्रशिक्षण केन्द्र में बंद हैं। याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि वो जंगली हाथियों की ट्रैकिंग के लिए उन्हें कॉलर आईडी लगवा रही है, और ट्रेनिंग कैंप में बंद हाथियों को जंगलों में सुरक्षित छोड़ दिया जाएगा। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और वन विभाग से पूछा था कि आखिर किस आदेश के चलते जंगली हाथियों को पकडक़र ट्रेनिंग कैंप्स में रखा गया है। फिलहाल कोर्ट ने प्रदेश के एडिशनल पीसीसीएफ को 26 अगस्त को तलब किया है और उन्हें जंगली हाथियों को रिहा किए जाने पर स्टेटस रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

# सौरभ शर्मा की कमान बरकरार, संजय यादव बने ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष

**जबलपुर।** कांग्रेस पार्टी के विगत माह आयोजित संगठन सृजन अभियान का परिणाम शनिवार को घोषित कर दिया गया। लंबे मंथन और कई हफ्तों तक चली चर्चा के बाद जबलपुर में नगर और ग्रामीण कांग्रेस की कमान नए अध्यक्ष घोषित कर दिये गये हैं। नगर कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर सौरभ शर्मा को दोबारा जिम्मेदारी दी गई है। सौरभ शर्मा पहले से नगर अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे थे और संगठन के प्रति उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें पुनः यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में संजय यादव को चुना गया है। संजय यादव बरगी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं और जिले की ग्रामीण राजनीति में उनका व्यापक अनुभव माना जाता है। पार्टी ने ग्रामीण क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के लिए उन्हें यह जिम्मेदारी दी है। गौरतलब है की संगठन सृजन अभियान के तहत विभिन्न जिलों और नगर इकाइयों में पदाधिकारियों की नियुक्ति पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया था। कई दौर की बैठकों और कार्यकर्ताओं की राय के बाद यह अंतिम निर्णय लिया गया।

## जिला कार्यकारिणी की घोषणा व सम्मान समारोह आज

# आज आएंगे कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम

**जबलपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शेख अलीम 17 और 18 अगस्त को जबलपुर प्रवास पर रहेंगे। शेख अलीम 17 अगस्त की सुबह 8:20 बजे इंदौर से फ्लाइट द्वारा जबलपुर पहुंचेंगे और सर्किट हाउस नंबर 2 में ठहरेंगे। दोपहर 12 बजे वे जिले के अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा करेंगे। इसके बाद दोपहर 1 से 3 बजे तक वे ग्रामीण अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। ठीक 3 बजे शहर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की जिला कार्यकारिणी की घोषणा एवं सम्मान समारोह का आयोजन गाज़ीबाग रद्दीचौकी स्थित स्थल पर किया जाएगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष, महामंत्री, जिला सचिव एवं ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियां की जाएंगी। शाम 6 बजे शेख अलीम मसीही समाज की बैठक में शामिल होंगे। वहीं 18 अगस्त को वे लीगल सेल की बैठक लेंगे और जिले के पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इस अवसर पर अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अशरफ मंसूरी, ताहिर खोकर, बहार अंसारी, दलवीर सिंह जस्सल, सुमन जैन और अतुल जोशफ ने सभी अल्पसंख्यक नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।

## पाटन पुलिस कर रही आरोपियों से पूछताछ

# बस में लूट करने की योजना बनाते पकड़ाए आरोपी

**जबलपुर।** बस में होने वाली लूट से पहले ही पुलिस ने 5 लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। ये सभी एक कार में सवार हो इंदौर से भोपाल होते हुए जबलपुर आने वाली बस में डकैती के लिए धारदार हथियार और कट्टे लेकर घात लगाए बैठे थे। अब पुलिस सभी आरोपियों के पुराने अपराध खंगाल रही है। वहीं सभी के खिलाफ धारा 310(4), 310 (5) बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है। पाटन थाना प्रभारी गोपिन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कटरा बेलखेड़ा निवासी सुक्कू लोधी अपने अन्य 4 साथियों के साथ महुआ खेड़ा रोड किनारे काले रंग की स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 35 सीए 3507 में बैठा हुआ है, उनके पास देशी कट्टा, रॉड, डंडा, तलवार भी हैं। थाना प्रभारी पाटन गोपिन्द्र सिंह राजपूत ने वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी और अपनी निगरानी में पुलिस टीम लेकर मुखबिर के बताए स्थान महुआ खेड़ा भेजा। पुलिसकर्मियों ने आरोपियों की बात सुनी, तो स्विफट कार में बैठा सुखदेव अपने साथियों से यात्री बस को स्पीड ब्रेकर के पास रोककर यात्रियों को लूटने की बात कर रहा था। पुलिस ने घेराबंदी की और कार में बैठे व्यक्तियों को पकड़ा लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम नवल सिंह पिता टेक सिंह लोधी 31 वर्ष, आशीष लोधी पिता गिरवर सिंह लोधी 31 वर्ष दोनों निवासी ग्राम मढ़ पिपरिया, महेन्द्र सिंह लोधी पिता नन्हे भाई लोधी 36 वर्ष निवासी भमक पड़रिया, सुखदेव सिंह उर्फ सुक्कू लोधी पिता मेन सिंह लोधी 28 वर्ष निवासी ग्राम कटरा बेलखेड़ा और कार चालक ने मुकेश लोधी पिता स्व. गोविन्द सिंह लोधी 24 वर्ष निवासी आधारताल बताया। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि पाटन होकर निकलने वाली यात्री बस में डकैती डालने की योजना बनाई थी, जिसे रात को अंजाम दिया जाना था।

# तहसीलदारों की हड़ताल अवैध घोषित

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन ने तहसीलदारों की हड़ताल को अवैध घोषित कर दिया है। राजस्व विभाग ने देर रात आदेश जारी कर दिए हैं। इस आदेश में सभी संभागीय आयुक्तों को निर्देश दिया गया है।जो तहसीलदार ड्यूटी में नहीं आ रहे हैं,गैर हाजिर हैं। उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करें। राजस्व विभाग के अपर सचिव संजय कुमार की ओर से यह आदेश जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है, कैबिनेट के निर्णय के अनुसार सरकारी योजनाओं एवं सरकारी कार्यों के सुचारू संचालन को देखते हुए, हड़ताल में गए तहसीलदारों की अनुशासनहीनता माना गया है। जो तहसीलदार हड़ताल पर हैं। उनके खिलाफ संभागीय आयुक्त मध्य प्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण अधिनियम 1965 के अंतर्गत कार्रवाई करें।




# कटावघाट में नहाते समय डूबे छात्र की मौत

**जबलपुर।** मझौली थाना क्षेत्र के कटावघाट कार नदी स्टाफ डेम, ग्राम रानीताल में नहाते समय डूबे 14 वर्षीय छात्र निखिल सिंह का शव शनिवार को बरामद कर लिया गया है। मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीताल निवासी 14 वर्षीय कक्षा 10वीं का छात्र निखिल सिंह 15 अगस्त को घर से स्कूल जाने की कहकर निकला था, लेकिन अपने पांच साथियों के साथ कार नदी स्थित स्टाफ डेम में नहाने पहुंच गया। नहाते समय निखिल पानी के तेज बहाव में डूब गया और बाहर नहीं निकल पाया। गुमशुदगी की सूचना मिलने पर पुलिस ने तलाश शुरू की थी। 16 अगस्त शनिवार को ग्राम कोटवार निवासी विदुल मेहरा की सूचना पर पुलिस पहुंची ने देखा कि निखिल का शव स्टाफ डेम के नीचे बने नरेन्द्र बर्मन की पहाऊं में बाड़ी में फंसा हुआ है। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

# ई-रिक्शा पलटने से महिला घायल

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत एमजीएम स्कूल के पास एक ई रिक्शा चालक ने तेज गति से चलाते हुए ई रिक्शा पलटा दिया जिसमें सवार एक महिला नीचे गिरकर घायल हो गई, वहीं ई रिक्शा चालक अपना ई रिक्शा लेकर मौके से फरार हो गया। घायल महिला को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मांडवा चौकी के पास निवासी 18 वर्षीय शुभम उरैती गत दिवस ई रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेडपी 2742 में छोटी लाईन से मोहल्लें की 37 वर्षीय ज्योति बी पति शेख आरिफ के साथ अनगढ़ महावीर मंदिर होकर मांडवा जा रहे थे। रिक्शा चालक ने तेज गति से चलते हुए एमजीएम स्कूल के पास रात लगभग 9.30 बजे ई रिक्शा पलटा दिया जिससे ज्योति बी को हाथ पैर में चोटे आ गई वहीं ई रिक्शा चालक रिक्शा सीधा करके बंदरिया तिराहा तरफ भाग गया। शुभम उरैती ने घायल ज्योति बी को उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी ई रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस तथा 184 मोटर व्हीकल एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240